https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश


एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, मंगलवार 22 जुलाई 2025 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 12/13, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 105 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.6 | 23.6 |
| डालटनगंज | 33.2 | 24.8 |
| धनबाद | 33.4 | 27.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



# पूरी तरह बदल रही भारत की युद्धनीति !

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुश्मनों पर प्रहार के लिए भविष्य के हथियारों पर हो रहा काम

शुभम संदेश डेस्क

मई 2025 में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया को अपनी सैन्य ताकत और तकनीकी दमखम दिखा दिया. पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया. इस ऑपरेशन में स्वदेशी हथियारों, जैसे ब्रह्मोस मिसाइल, आकाश डिफेंस सिस्टम और ड्रोन्स ने कमाल कर दिखाया. ये तो बस शुरुआत थी. ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने अपनी युद्ध योजना को और मजबूत करने के लिए नए और शक्तिशाली हथियारों पर काम शुरू कर दिया है.

**भारत के नए हथियारः क्या-क्या है लिस्ट में**
ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने अपनी सैन्य ताकत को कई गुना बढ़ाने का फैसला किया. डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और निजी कंपनियां मिलकर ऐसे हथियार बना रही हैं, जो भविष्य के युद्धों में गेम-चेंजर साबित होंगे.

### 1. प्राइम मिसाइलें : दुश्मन केलिए खतरा

लॉन्ग रेंज एंटी-शिप मिसाइलः डीआरडीओ और भारतीय नौसेना ने मिलकर एक ऐसी मिसाइल बनाई है, जिसे कैरियर किलर कहते हैं. ये मिसाइल समुद्र में 1,000 किमी से ज्यादा दूरी पर दुश्मन के युद्धपोतों और एयरक्राफ्ट कैरियर्स को नष्ट कर सकती है. इसे जाम करना नामुमकिन है.

**ब्रह्मोस-2:** ये हाइपरसोनिक मिसाइल है. इसकी रेंज 1500 किमी है यानी दिल्ली से इस्लामाबाद या दक्षिण चीन सागर तक के ठिकाने सेकंडों में नष्ट हो सकते हैं. ये रडार से बच निकलती है, जिससे दुश्मन का डिफेंस सिस्टम बेकार हो जाता है.

**रुद्रम-2 और रुद्रम-3 :** ये एंटी-रेडिएशन मिसाइलें हैं, जो दुश्मन के रडार, एयर डिफेंस सिस्टम और कम्युनिकेशन सेंटर्स को तबाह करती हैं. इन्हें एसयू-30एमकेटी और एएमसीए जैसे फाइटर जेट्स से दागा जा सकता है.

**आकाश और क्यूआरएसएएमः** आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है, जो 25 किमी तक दुश्मन के ड्रोन और विमानों को मार गिराती है. क्यूआरएसएएम (क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल) 30 किमी तक के खतरों को खत्म करती है. ऑपरेशन सिंदूर में इनका जलवा देखने को मिला.

### 2. युद्धपोत : समुद्र में भारत का दबदबा

नई पनडुब्बियां और युद्धपोतः ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय नौसेना अपनी ताकत बढ़ा रही है. मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) को 1.06 लाख करोड़ रुपए का ठेका मिला है, जिसके तहत 3 नई स्कॉर्पीन पनडुब्बियां बनेंगी. ये 60% स्वदेशी तकनीक से बनेंगी और 6-8 साल में तैयार होंगी.

**आईएनएस विक्रांत और विशाखापट्टनम :** भारत के स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत और युद्धपोत आईएनएस विशाखापट्टनम ड्रोन्स और मिसाइलों से लैस हैं. ये अरब सागर और हिंद महासागर में भारत की ताकत बढ़ा रहे हैं.

**4000-5000 करोड़ का निवेशः** एमडीएल मुंबई में 10 एकड़ जमीन पर दो नए बेसिन बना रहा है, जहां बड़े युद्धपोत और पनडुब्बियां बनेंगी. इससे 2047 तक स्वदेशी नौसेना का सपना पूरा होगा.

### 3. रडारः दुश्मन की हर हरकत पर नजर

स्वदेशी एईएसए 'उत्तम' रडारः ये रडार एएमसीए स्टेल्थ फाइटर जेट्स में लगेगा. ये दुश्मन के विमानों और मिसाइलों को दूर से पकड़ लेता है. हालांकि, अभी इसकी प्रोडक्शन क्षमता 24 यूनिट्स प्रति साल है, लेकिन एचएएल और बीईएल इसे बढ़ाने पर काम कर रहे हैं.

**डी4एस एंटी-ड्रोन सिस्टमः** ये सिस्टम ड्रोन्स को इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग और लेजर से मार गिराता है. ऑपरेशन सिंदूर में इसने पाकिस्तान के 307 ड्रोन्स को पकड़ा और नष्ट किया.

**एईडब्ल्यू&सी रडारः** ये हवा में निगरानी रखने वाला रडार है, जिसने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सुपरसोनिक सीएम-400एकेजी मिसाइल को ट्रैक और नष्ट किया.

### 4. किलर ड्रोन्सः युद्ध का भविष्य

स्विफ्ट-के कामिकेज ड्रोनः बेंगलुरु की डीआरडीओ-एडीई लैब में बन रहा ये ड्रोन 735 किमी/घंटा की रफ्तार से उड़ता है. स्टील्थ तकनीक की वजह से रडार इसे पकड़ नहीं पाते. ये दुश्मन के हवाई डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर सकता है.

**एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोनः** भारत ने अमेरिका से 31 हंटर-किलर ड्रोन्स खरीदे हैं.

-शेष पेज 11 पर...

# सभी दल देशहित में एकजुट रहें : मोदी

एजेंसियां। नयी दिल्ली



संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने मीडिया को संबोधित करते हुए इसे राष्ट्र के लिए एक गौरवपूर्ण विजयोत्सव बताया. उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे भले ही राजनीतिक दृष्टिकोण में भिन्न हों, लेकिन देशहित में एकजुट होकर काम करें. उन्होंने कहा कि संसद से एक सकारात्मक संदेश जाना चाहिए जो जनभावनाओं को प्रतिबिंबित करे और राष्ट्र को आगे ले जाए. मोदी ने देश की हालिया सैन्य, अंतरिक्ष और आर्थिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत अब दुनिया के सामने एक नई शक्ति के रूप में उभरा है. उन्होंने कहा कि भारत का तिरंगा जब अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लहराया, तो हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा हो गया. उन्होंने कहा कि यह समय है इन उपलब्धियों का गुणगान करने का, ताकि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिल सके. मोदी ने कहा कि भारत की सेनाओं ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक विजय हासिल की है.

## मानसून सत्रः पहले दिन संसद में जोरदार हंगामा, नहीं चल पाई कार्यवाही

# ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में होगी बहस

एजेंसियां। नयी दिल्ली

संसद में जैसा तय था, सोमवार को मॉनसून सत्र के पहले दिन ऑपरेशन सिंदूर पर संग्राम छिड़ा रहा. दोनों सदनों में विपक्षी सांसद पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते रहे. लोकसभा में मोर्चा अखिलेश यादव के साथ सपा सांसदों ने संभाला, तो राज्यसभा में खुद नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस पर बहस की मांग की. विपक्ष के इस वार पर सरकार पूरी तरह से तैयार नजर आई. लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने साफ किया कि विपक्ष चाहे तो प्रश्नकाल के बाद इस पर चर्चा कराई जा सकती है.



बाद में संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू और रक्षा मंत्री राजनाथ ने भी विपक्ष की इस चुनौती को स्वीकार किया. राज्यसभा में भी सदन के नेता जेपी नड्डा ने भी कहा कि इस मुद्दे पर सरकार चर्चा करेगी और हर तरीके से करेगी. लेकिन जिस ऑपरेशन सिंदूर को विपक्ष सरकार की कमजोरी नस मान रहा है, उसे आखिर सरकार मौके की तरह क्यों देख रही है? माना जा रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पर बहस को लेकर सहमति बन गई है. इस पर 16 घंटे का समय तय किया गया है.

**ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा क्या विपक्ष की रणनीतिक चूक :** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्ष की रणनीति दरअसल पहलगाम हमले के अब तक आजाद आतंकियों और डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर टिकी है. विपक्ष मोदी का बयान चाहता है. इसके जरिए पीएम को घेरने की रणनीति है. हालांकि पीएम मोदी ने इस विपक्ष की इस रणनीति को भांपते हुए सुबह सत्र शुरू होने से पहले ही यह कहते हुए विपक्ष के आक्रमण की धार को कुंद करने की कोशिश की कि यह मॉनसून सत्र दरअसल विजयोत्सव है. उन्होंने इसे सैनिकों की वीरता और अंतरिक्ष में परचम लहराने वाले शुभांशु शुक्ला से जोड़ा. सदन में भी आसन संभाल रहे जगदंबिका पाल ने भी पीएम मोदी की इस लाइन का जिक्र किया.

**बैकफुट पर नहीं सरकार :** सत्र शुरू होने से पहले ही पीएम मोदी ने संसद भवन में ऑपरेशन सिंदूर के तथ्यों के बारे में मीडिया को ब्रीफ किया. उन्होंने भारत में बने जनमत और सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के विदेश दौरे को आम राय का प्रतीक बताया. वहीं सदन के अंदर सरकार ने यह भी बिल्कुल साफ कर दिया वह ऑपरेशन सिंदूर पर कतई बैकफुट पर नहीं है. चर्चा होगी और जोरदार होगी. सोमवार को राज्यसभा में नड्डा के तेवर कुछ ऐसे ही थे. दरअसल सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग तुरंत स्वीकार कर विपक्ष के हाथ से मुद्दा छीनने की रणनीति अपनाई है.

## मुख्यमंत्री हेमंत और चीफ जस्टिस आज रांची आएंगे

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार की शाम दिल्ली से रांची आएंगे. वहीं झारखंड हाईकोर्ट के नव नियुक्त मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान भी रांची आएंगे. मालूम हो कि 23 जुलाई को राजभवन में न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान को राज्यपाल संतोष गंगवार पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे. न्यायमूर्ति चौहान के शपथ ग्रहण समारोह में काफी संख्या में हिमाचल व अन्य जगहों से उनके रिश्तेदार, करीबी व जस्टिस भी आ रहे हैं. इनकी संख्या लगभग 60 है जिन्हें राज्य सरकार ने स्टेट गेस्ट घोषित किया है. उन्हें होटल रेडिशन ब्लू, बीएनआर व अन्य होटलों में ठहराने की व्यवस्था की गयी है. मालूम हो कि हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को हाल ही में झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है.

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में सीएम ने दी कार्रवाई के आदेश

**रांची।** सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में नाबालिग लड़की को अगवा करके अश्लील वीडियो बनाने व दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है. पीड़िता के स्वजन ने एक युवक पर आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है. इस मामले को लेकर बाबूलाल मरांडी ने भी उठाया है. जिसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है. उन्होंने सिमडेगा डीसी और सिमडेगा पुलिस से कहा है कि यह बिल्कुल बर्दाश्त के काबिल नहीं है. आरोपियों की पहचान कर उन्हें अविलंब गिरफ्तार कर आगे कठोरतम कार्रवाई करें. साथ ही बच्ची एवं उनके पूरे परिवार की सुरक्षा एवं अन्य सभी सरकारी सहायता उपलब्ध कराते हुए सूचना दें. दरअसल पहले बाबूलाल मरांडी ने झारखंड पुलिस को टैग करते हुए कहा है कि सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में नाबालिग बेटी के साथ हुई दुष्कर्म की घटना ने पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया है. एक मासूम बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाए जाने की घटना अति निंदनीय है.

### स्वास्थ्य कारणों का दिया हवाला

# धनखड़ ने उपराष्ट्रपति के पद से दिया इस्तीफा

एजेंसियां। नयी दिल्ली



मानसून सत्र के बीच जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया है। धनखड़ ने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपा है। अपने इस्तीफे में धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है।

**स्वास्थ्य देखभाल की प्राथमिकता पर जोर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे अपने इस्तीफे में उन्होंने कहा, 'स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देने और डॉक्टर की सलाह का पालन करने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67 (ए) के अनुसार, तत्काल प्रभाव से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देता हूं।'

**कार्यकाल में आर्थिक प्रगति और अभूतपूर्व विकास देखा :** धनखड़ ने राष्ट्रपति को भेजे पत्र में ये भी कहा कि उपराष्ट्रपति रहने के दौरान उन्होंने भारत की उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति और अभूतपूर्व विकास को देखना और उसमें भाग लेना सौभाग्य और संतोष की बात है। साथ ही धनखड़ ने कहा कि राष्ट्र के इतिहास के इस परिवर्तनकारी युग में सेवा करना एक सच्चा सम्मान है।

**सीने में दर्द के चलते अस्पताल में हुए थे भर्ती :** बता दें कि जगदीप धनखड़ को 9 मार्च 2025 को सीने में दर्द और असहजता की शिकायत के बाद दिल्ली के एम्स में कार्डियक विभाग के क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया था। तब उनकी स्थिति स्थिर बताई गई थी। 12 मार्च को उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिली थी।

## न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ चलेगा महाभियोग

**नई दिल्ली।** सरकारी आवास से नकदी बरामदगी के मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए विभिन्न दलों के 207 लोकसभा सदस्यों के हस्ताक्षर वाला प्रस्ताव लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा गया. संसद का मानसून सत्र आज से ही शुरू हुआ. संसद अब इन आरोपों की जांच करेगी. संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत महाभियोग का प्रस्ताव लाया गया है.

## मैं विपक्ष का नेता, फिर भी मुझे बोलने नहीं दे रहे : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को हंगामे और स्थगन के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष का नेता होने के बावजूद उन्हें लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया. सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद राहुल ने संसद भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा, रक्षा मंत्री और सरकार के अन्य लोगों को बोलने की इजाजत है, लेकिन विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा.

### तेल का खेल, बीसीसीएल की क्रेन से डीज़ल चोरी करने लगे कर्मचारी


# बनाया दरबान और निकल गया चोर



शुभम संदेश। कतरास

बीसीसीएल एरिया तीन अंतर्गत ब्लॉक 4 के कतिपय कर्मियों द्वारा रविवार को एक बिडी (ब्रेक डाउन) क्रेन से डीजल चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है. वायरल विडियो में बीसीसीएल कर्मी कैंपर वाहन से डीजल निकाल कर आरो पानी के गैलन में भर उसकी चोरी करते दिख रहे हैं.जानकारी के अनुसार ब्लॉक-4 से आकाशकीनारी की ओर जा रही बीसीसीएल की एक क्रेन सोमवार को अचानक बीच रास्ते में खराब हो गई, अधिकारियों के निर्देश पर क्रेन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया गया और सुरक्षा के दृष्टिकोण से बैटरी एवं डीजल निकालने का आदेश जारी हुआ.

क्रेन खराब होने के कुछ ही देर बाद बीसीसीएल कर्मियों की सहमति से कुछ युवक 20 लीटर पानी का जार लेकर मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद बीसीसीएल कर्मियों ने जार में डीजल भरना शुरू कर दिया, ये लोग स्कूटी के माध्यम से डीजल ढोने का काम करने लगे,और इस कहावत को चरितार्थ कर दिया कि जिसे दरबान बनाया उसी ने घर में चोरी कर ली . मामला यहीं नहीं थमा बीसीसीएल कर्मी ने खुद भी 20 लीटर का गैलन जुगाड कर उसमें डीजल भरा और बगल की एक दुकान में रख कर डीजल की ब्रिक्री के लिए रेट तय करने लगा कर्मी चोरी की डीजल 70 रुपए प्रति लीटर बेचने का सौदा करते हुए विडियो में देखे जा सकते हैं यह चोरी तब तक चली जब-तक कि बीसीसीएल का एक हाइवा ड्रम लेकर मौके पर नहीं पहुंचा. हाइवा के पहुंचते ही बीसीसीएलकर्मियो ने हाइवा में रखे ड्रम में बचा डीजल भरकर कंपनी को सौंप दिया . इस घटना ने बीसीसीएल कर्मियों की भूमिका पर सवाल खड़े कर दिए हैं. इस संबंध में ब्लॉक 4 के मैनेजर भोला भंडारी ने बताया कि सूचना मिलने पर तुरंत कारवाई की गई, बगल की दुकान से 2 जार डीजल जब्त किया गया साथ ही मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है.इस मामले को लेकर कई बार बीसीसीएल एरिया तीन के महाप्रबंधक से संपर्क कर प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया लेकिन फोन की घंटी बजती रही बावजूद उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया.




## इरफान अंसारी और भानू प्रताप शाही की सोशल मीडिया पर जुबानी जंग

# आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भानु प्रताप शाही के बीच सोशल मीडिया पर जुबानी जंग छिड़ गई है. दोनों नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है. भानु प्रताप शाही ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि इरफान अंसारी जी इसका भी निरीक्षण कर के कृष बाबू से बनवाइएगा की खाली अस्पताले निरीक्षण करवाइएगा. आगे लिखा





कि कृष बाबू यह आपके अब्बू जान के क्षेत्र का है, जहां से आपके अब्बू जान तीन बार विधायक दो बार मंत्री बने हैं.

### शाही के बयान पर इरफान ने किया पलटवार

भानु प्रताप शाही के बयान पर इरफान अंसारी ने पलटवार किया है. उन्होंने लिखा कि जब आप जेल में थे, तब आपके पिता मंत्री बने थे. आप जेल से बाहर निकले तो पिता हेमंत प्रताप देहाती को जबरदस्ती मंत्री पद से इस्तीफा दिलवाया. भानु जी, उस वक्त आपकी नैतिकता कहां थी. आपने अपने पिता को मंत्री पद से वंचित कर खुद कुर्सी पर कब्जा कर लिया और तब से घोटाले होते रहे, आप बस देखते रहे.

### खबरदार मेरे पुत्र के बारे में कुछ बोला तो

इरफान ने आगे लिखा है कि खबरदार मेरे पुत्र कृष अंसारी के बारे में कुछ बोला. मेरा पुत्र गंगा की तरह पवित्र मंशा से रिम्स गया था और जब जब किसी इंसान को कृष की जरूरत पड़ेगी वह जाएगा. रिम्स किसी की बपौती नहीं है. कृष में एक समाज सेवी देश भक्त का खून दौड़ रहा है. मानवता के पुकार पर कृष सौ बार वहां जाएगा जंहा उसकी जरूरत होगी.

# भाजपा को महिलाओं के मुद्दों पर राजनीतिक करने का नैतिक अधिकार नहीं: विनोद पांडेय

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में महिला सुरक्षा के मुद्दे पर घड़ियाली आंसू बहा रही है, जबकि यही पार्टी उन राज्यों में मौन साध लेती है जहां उसकी खुद की सरकारें हैं और उन राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के आंकड़े कहीं ज्यादा हैं. पांडेय ने कहा कि भाजपा को यह याद रखना चाहिए कि झारखंड में डायन प्रथा जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ सबसे पहले झामुमो ने ही आवाज़ उठाई और कड़े कानून बनवाए. इन मामलों में दोषियों पर कार्रवाई चल रही है और सरकार हर पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने भाजपा पर सवाल उठाते हुए कहा कि हाथरस, उन्नाव और मणिपुर जैसी घटनाओं पर भाजपा ने चुप्पी क्यों साध रखी थी? क्या यह दोहरे मापदंड नहीं हैं?

उन्होंने कहा कि भाजपा को पहले अपने शासित राज्यों में महिलाओं की स्थिति सुधारनी चाहिए, जहां कानून-व्यवस्था की हालत झारखंड से भी बदतर है. विनोद पांडेय ने स्पष्ट किया कि हेमंत सरकार महिला सुरक्षा के लिए कई ठोस कदम उठा रही है. राज्य में महिला पुलिस बल की संख्या बढ़ाई गई है, हेल्पलाइन को मजबूत किया गया है और फास्ट ट्रैक कोर्ट में लंबित मामलों का निपटारा तेजी से हो रहा है. उन्होंने कहा कि भाजपा को हर संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय सकारात्मक सहयोग करना चाहिए. महिला सम्मान के नाम पर झूठा विमर्श गढ़कर भाजपा जनता को गुमराह कर रही है, लेकिन जनता सच जानती है और झामुमो सरकार पर भरोसा करती है. जनता के आशीर्वाद से ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लगातार दूसरी बार राज्य की बागडोर मिली है.

## कांग्रेस पर भाजपा ने किया पलटवार, कहा

# सबसे बड़ी ओबीसी विरोधी पार्टी ओबीसी हित का नाटक कर रही:प्रतुल शाहदेव

शुभम संदेश। रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कांग्रेस को देश की सबसे बड़ी ओबीसी विरोधी पार्टी करार दिया. प्रतुल ने कहा कि 25 के ओबीसी प्रदर्शन में भागीदारी की घोषणा सिर्फ नाटक है. ओबीसी को 27% आरक्षण देने वाले मंडल कमेटी की सिफारिशों को कांग्रेस की स्वर्गीय इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी के नेतृत्व वाली सरकारों ने 1980 से 1989 के बीच में कई वर्षों तक दबा कर रखा था. हद तो तब हो गई थी जब अगस्त,1990 में मंडल कमीशन रिपोर्ट को सदन में पेश किया गया, तब तत्काली नेता प्रतिपक्ष राजीव गांधी ने इसका पॉइंट दर पॉइंट विरोध करते हुए इसे देश को तोड़ने वाला बताया था.

प्रतुल ने कहा कि झारखंड में तो कांग्रेस ने पंचायत स्तर पर ओबीसी समुदाय को नेतृत्व विहीन कर दिया क्योंकि उनके गठबंधन सरकार ने बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव करवा लिया. इन्होंने तो बिना ओबीसी आरक्षण के नगर निकाय चुनाव की भी अधिसूचना जारी कर दी थी.बाद में सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद मामला रुका. ट्रिपल टेस्ट और पिछड़ों को आरक्षण का मामला भी इस सरकार ने न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद लंबे समय से लटका कर रखा है.प्रतुल ने कहा कि गठबंधन सरकार की एकजुटता का दावा लगातार तथ्यों से टकराता है. एक



तरफ कांग्रेस नेता कहते हैं कि कोई नाराज नहीं है, वहीं आए दिन विधायकों के अलग-अलग बयान, मंत्री और विधायकों की अनुपस्थिति, और अंसारी परिवार से जुड़ी घटनाएं अलग ही तस्वीर पेश करती हैं. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की नगड़ी में रिम्स टू का विरोध करते है. तो वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ' रिम्स टू वही बनेगा' का नारा लगाते हैं. दीपिका पांडे सिंह अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने में बैठी थी. इतने दिनों के बाद दिया गया इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण ही खुद संदेह पैदा करता है.हद्द तो तब हो जाती है कि जब कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप मुख्यमंत्री की स्वीकृति प्राप्त मुख्य सचिव के द्वारा निर्गत आदेश को अंचलाधिकारी के मुंह पर फेंक देते हैं. प्रतुल ने कहा कि पूरे सरकार में अराजकता चरम पर है. दूल्हे के फूफा वाली स्थिति हो गई है. कौन नाराज है और कौन किसको माना रहा है,रोज सिर्फ़ यही ड्रामा हो रहा है.प्रतुल ने कहा कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस के संगठन की स्थिति खस्ता हाल है.अब तो प्रदेश अध्यक्ष ने भी स्वीकार कर लिया है कि अब तक जमीनी संगठन का ढांचा पूरी तरह से तैयार नहीं है.

## झारखंड की महागठबंधन सरकार में सब ठीक है!

# भाजपा के इशारे पर फैलाई जा रही भ्रामक खबर:केशव महतो कमलेश

शुभम संदेश। रांची

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन किया. उन्होंने कहा कि राज्य की महागठबंधन सरकार में सबकुछ ठीक चल रहा है. कहीं कोई परेशानी नहीं है. केशव महतो कमलेश ने कहा कि सरकार पूरी मजबूती से जनता से किए वादे पूरा करेगी.

### भाजपा भ्रामक खबरें फैलाने में लगी है

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा संवाद के अलग-अलग माध्यमों से भ्रामक खबरें फैला रही है. जबकि हकीकत कुछ और है. राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के निर्वाचन क्षेत्र में पेयजल की समस्या का हल करने के लिए टेबल पर बैठी थी, लेकिन खबर यह आयी कि वह मंत्री बनकर धरने पर बैठ गयी. उन्होंने कहा कि इसी तरह स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के बेटे कृष अंसारी अपने शिक्षक के किसी बीमार परिजन को देखने अस्पताल गए थे. वह किसी अस्पताल का निरीक्षण करने नहीं गए थे. किसी डॉक्टर-स्टाफ से बात नहीं की और ना ही कोई निर्देश दिया. लेकिन खबरें भ्रामक बना दी गयी. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने एचईसी के विस्थापित मुद्दे पर बात की तो उसे भी अलग तरीके से प्रकाशित की गई.



### राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

संवाददाता सम्मेलन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड कांग्रेस, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सुखद और दीर्घायु जीवन की कामना करती है.

### सभी पंचायत और नगर कमेटी होगी गठित: प्रदेश अध्यक्ष

केशव महतो कमलेश ने कहा कि राज्य के सभी जिले में संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. इसके बाद 15 अगस्त तक कांग्रेस पंचायत और शहरी निकाय में वार्ड स्तर पर कमेटी के गठन का काम पूरा कर लेगी.

### दिल्ली में ओबीसी-कांग्रेस हिस्सेदारी न्याय सम्मेलन

प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि 25 जुलाई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में ओबीसी–कांग्रेस हिस्सेदारी न्याय सम्मेलन आयोजित करने जा रही है, जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे. जबकि समापन के दौरान लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उपस्थित रहेंगे. इस सम्मेलन में झारखंड के सभी जिलों से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेने दिल्ली जाएंगे.

### रक्षा राज्यमंत्री से राज्यपाल की मुलाकात



सोमवार को नई दिल्ली में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शिष्टाचार भेंट की. इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई.

### झारखंडी सांसद अपनी भाषा का मुद्दा संसद में उठाएं: विजय शंकर नायक

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा है कि झारखंड के आदिवासी मूलवासी समुदायों की ओर से, हम राज्य के (भाजपा/ कांग्रेस/ झामुमो) के सांसदों से संसद के मॉनसून सत्र में सरना धर्म कोड को मान्यता दिलाने, नागपुरी, मुंडारी, हो, कुरुख को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को प्राथमिकता के साथ उठाने का अनुरोध करते हैं. इसके साथ ही, आदिवासी समुदायों के अन्य उपेक्षित मुद्दों को भी संसद में बुलंद किया जाए. यह पहल आदिवासी सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा. नायक ने आगे कहा की इन भाषाओं के डिजिटलीकरण, ऑनलाइन शिक्षण संसाधनों, और साहित्य प्रकाशन के लिए एक राष्ट्रीय मिशन शुरू किया जाए. नायक ने कहा कि आदिवासी मूलवासियों के अनछुए और उपेक्षित मुद्दों को संसद में दृढ़ता और एकजुटता के साथ सभी सांसद उठाएं. क्योंकि झारखंड की सांस्कृतिक, धार्मिक और भाषाई पहचान को संरक्षित करना न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह आदिवासी मूलवासी समुदायों के आत्मसम्मान और अधिकारों की रक्षा का भी प्रतीक है.



### विहिप केंद्रीय प्रबंध समिति की दो दिवसीय बैठक संपन्न

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय प्रबंध समिति दो दिवसीय बैठक महाराष्ट्र के जलगांव, देवगिरी प्रांत में सोमवार को संपन्न हुई. बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए संत श्याम चैतन्य जी महाराज ने कहा विहिप देव, देश, धर्म, गौमाता, संत व हमारी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने वाला संगठन है. उन्होंने कहा युवा पीढ़ी को आर्थिक, शैक्षिक, मानसिक एवं बौद्धिक स्तर से सक्षम बनाना हमारा धर्म व कर्तव्य है. केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने कहा हिंदू समाज मन से कभी भी पराजय नहीं हुई है, जिसका परिणाम संघर्ष प्रलक्षित होती है. हिंदू समाज की परंपरा एवं श्रद्धा का प्रमाण कुंभ मेला जैसे अवसर पर संपूर्ण विश्व के हिंदू जनमानस का एकत्र होना सनातन हिंदू समाज के लिए अनुपम क्षण है. समापन सत्र में केंद्रीय अध्यक्ष आलोक ने कहा हिंदू से हिंदू को अलग करने की समाज में अनेक कुचेष्टाएं चल रही है. अपने पंथ को श्रेष्ठ मानने वाले तथाकथित समुदायों ने आज भारत की संस्कृति, संप्रभुता व स्वाभिमान को कुचलने का प्रयास कर रही है, जिसे हिंदू समाज को समझने की आवश्यकता है.

### पुलिस मेंस एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह

**रांची।** झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के केंद्रीय कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. इस अवसर पर उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री व अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और प्रमाणपत्र भी प्रदान किए. डीजीपी अनुराग गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन जवानों की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है. उन्होंने विश्वास दिलाया कि पुलिस मुख्यालय और संगठन मिलकर पुलिसकर्मियों की हर जरूरत को प्राथमिकता देंगे. उन्होंने नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए आशा जताई कि यह टीम कर्मियों की आवाज को बुलंद करेगी. हाल ही में संपन्न हुए झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन चुनाव में कर्ण सिंह गुट ने दबदबा कायम रखते हुए अध्यक्ष और महामंत्री सहित अधिकांश पदों पर जीत दर्ज की.

### मनरेगा इंजीनियरों को 9-10 महीने से नहीं मिला मानदेय

**रांची।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार से मांग की है कि मनरेगा योजना के तहत काम कर रहे सहायक अभियंता और कनीय अभियंताओं को जल्द से जल्द उनका लंबित मानदेय दिया जाए. संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेश सोरेन ने इस संबंध में मनरेगा आयुक्त झारखंड को पत्र लिखकर शिकायत की है. उन्होंने कहा कि इंजीनियरों को पिछले 9 से 10 महीनों से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो गई है. संघ ने बताया कि बिना वेतन के इंजीनियर ना तो ठीक से क्षेत्र भ्रमण कर पा रहे हैं और ना ही योजनाओं की निगरानी कर पा रहे हैं. यहां तक कि अपने परिवार का खर्च चलाना भी उनके लिए मुश्किल हो गया है.

### आजसू ने डॉ रीना को पार्टी से किया निष्कासित

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देश और पश्चिमी सिंहभूम जिला समिति की अनुसंशा पर डॉ रीना गॉडसोरा को पार्टी से निष्कासित करते हुए उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से हटा दिया गया है. यह कार्रवाई पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष मो हसन अंसारी ने सोमवार को की है.

## झारखंड हाईकोर्ट ने बदला ट्रायल कोर्ट का फैसला

# फांसी की सजा को उम्रकैद में बदला

शुभम संदेश। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने तीन साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में आरोपी रोहित राय की फांसी की सजा को बदलकर उम्रकैद कर दिया है. यह फैसला फांसी की सजा को बरकरार करने के लिए राज्य सरकार की ओर से दायर याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के बाद आया है. न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ट्रायल कोर्ट के आदेश में संशोधन करते हुए यह बड़ा फैसला सुनाया है.

राज्य सरकार की ओर से इस मामले में बहस कर रहे विशेष लोक अभियोजक विनीत कुमार वशिष्ठ ने फांसी की सजा बरकरार रखने के लिए कई दलीलें पेश कीं, जिसे ध्यान में रखते हुए अदालत ने फांसी की सजा को उम्र कैद में बदला है.

### दुमका कोर्ट के फैसले को रोहित ने दी थी हाईकोर्ट में चुनौती

बता दें कि दुमका सिविल कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए सरैयाहाट निवासी रोहित राय को फांसी की सजा सुनाई थी. कोर्ट ने सजा सुनाते हुए कहा था कि तीन साल की मासूम के साथ हुई हैवानियत का यह अपराध जघन्यतम और अमानवीय है. इसके लिए मृत्यु दंड का आदेश ही समुचित होगा. दुमका सिविल कोर्ट के फैसले को रोहित राय ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी.



### 8 साल पहले दुष्कर्म के बाद बच्ची की कर दी गई थी हत्या

एक जनवरी 2017 को दुमका के सरैयाहाट इलाके में दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या कर दी गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक, सरैयाहाट के जाबीजोर गांव निवासी रोहित तीन साल की बच्ची को चॉकलेट दिलाने के बहाने घर से ले गया. उसके बाद बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी. साक्ष्य मिटाने के लिए उसने शव को भी छिपा दिया था. इस मामले में पुलिस ने रोहित को तीन जनवरी 2017 को बिहार के श्याम बाजार से गिरफ्तार किया था. रोहित की निशानदेही पर ही गांव के पास एक खेत से बच्ची का शव बरामद किया गया था. ट्रायल के दौरान रोहित पर लगे सभी आरोप सही साबित हुए थे, जिसके बाद कोर्ट ने उसे दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई थी.

### कायस्थ महासभा देवघर के अध्यक्ष का निधन

**रांची।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा देवघर जिला अध्यक्ष डॉ. अशोक सिन्हा का सोमवार को भागलपुर स्थित उनके बड़े पुत्र के आवास पर निधन हो गया. इसकी जानकारी देवघर के उपाध्यक्ष अमरेंद्र सिन्हा ने दी. उनकी अंत्येष्टि मंगलवार को सुल्तानगंज घाट पर होगी. उनके निधन की खबर सुन कर पूरे झारखंड के अखिल भारतीय कायस्थ महासभा सभा में शोक की लहर फैल गई है. उनके निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में एकके श्रीवास्तव झारखंड प्रभारी, प्रणय कुमार प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम कुमार सिन्हा देवघर जिले के सभी पदाधिकारी सहित दुमका के जिला अध्यक्ष दयानंद श्रीवास्तव, विनय कुमार महामंत्री दुमका जिला रामगढ़ जिला, हजारीबाग जिला साहिबगंज जिला जमशेदपुर जिला रांची जिला सहित झारखंड के जिले के पदाधिकारी ने अपनी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा है कि डॉ. अशोक सिन्हा चिकित्सा जगत में एक ख्याति प्रति चिकित्सक के रूप में सेवा करते हुए कायस्थ समाज के उत्थान के लिए सदैव सक्रिय रहे.



## पुलिस मुख्यालय ने जारी किया अलर्ट

# बंद के दौरान सुरक्षाबलों पर हमला कर सकते हैं माओवादी

शुभम संदेश। रांची

माओवादियों ने 3 अगस्त को झारखंड बंद का आह्वान किया है, जिसे देखते हुए राज्यभर में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है. पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी जिलों के एसपी को अलर्ट रहने का निर्देश जारी किया गया है. पुलिस मुख्यालय आइजी अभियान माइकलराज एस ने एक रिपोर्ट तैयार कर संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा है. जानकारी के अनुसार, माओवादी 20 जुलाई से 3 अगस्त तक लुगुबुरू पहाड़ सहित विभिन्न स्थानों पर शहीद सप्ताह मना रहे हैं. इस दौरान वे मारे गए नक्सलियों की स्मृति में सभाएं और कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं.

3 अगस्त को झारखंड के अलावा बिहार, उत्तरी छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और असम में भी बंद का ऐलान किया गया है. पुलिस रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि बंद के दौरान माओवादी सुरक्षाबलों को निशाना बना सकते हैं. पुल-पुलिया, रेलवे ट्रैक, थाना, पिकेट, सरकारी प्रतिष्ठान, रेलवे साइडिंग और आम जनता के वाहन इनके निशाने पर हो सकते हैं. इसे देखते हुए सभी पुलिस पोस्ट और पिकेट को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है. इसके साथ ही सुरक्षा बलों को केवल अभियान से जुड़ी गतिविधियों के लिए ही मूवमेंट करने की अनुमति दी गई है. अनावश्यक या असुरक्षित मूवमेंट से बचने के सख्त निर्देश हैं.

राज्य के नक्सल प्रभावित जिलों में विशेष सतर्कता के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी संभावित हमले को रोका जा सके और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके. नक्सल प्रभावित इलाकों में स्थित पुलिस पिकेट और कैंप में प्रतिनियुक्त बलों की समीक्षा कर आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त बल की तैनाती करने का भी निर्देश दिया गया है. संवेदनशील इलाके में सड़कों पर चलने वाले वाहन और रेल मार्ग सहित अन्य स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर बढ़ाने का निर्देश दिया गया है.

## करारा जवाब : कांग्रेस नेता आलोक दुबे ने कहा- बीजेपी राज में छोड़ी गई थी नाली-गली तक अधूरी

# हेमंत की सरकार बना रही एशिया का सबसे बड़ा अस्पताल

शुभम संदेश। रांची

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने की जो दिशा तय की है, वह ऐतिहासिक है. एक ओर राजधानी रांची को तीन नए फ्लाईओवर की सौगात मिल रही है, तो दूसरी ओर नगड़ी जैसे ग्रामीण इलाके में एशिया का सबसे बड़ा अस्पताल बनने जा रहा है. आलोक दूबे ने कहा कि झारखंड बनने के बाद बीजेपी को सबसे पहले सरकार बनाने का मौका मिला और डबल इंजन की सरकार भी लोगों ने देखी, लेकिन उस दौर में गली और नाली तक नहीं बन पाई, हां हाथी उड़ते हुए लोगों ने जरूर देखा था, बांध को चूहा द्वारा कुतरते हुए भी देखा गया था,



विकास केवल नारों तक सीमित था, जमीन पर कुछ भी नहीं था.

उन्होंने कहा कि आज जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा रहा है, तब भी बीजेपी के पास केवल राजनीति है, काम नहीं. राजधानी रांची में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए तीन बड़े फ्लाईओवर को मंजूरी दी गई है और नगड़ी जैसे क्षेत्र में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की नींव रखी जा रही है — यह साबित करता है कि सरकार का लक्ष्य सिर्फ वादे नहीं, वास्तविक विकास है.

आलोक दूबे ने कहा कि हेमंत सरकार ने अपने काम से यह बता दिया है कि झारखंड अब ठहराव नहीं, तरक्की की ओर बढ़ रहा है. उन्होंने जनता से अपील की कि वह ऐसे जनहितैषी कार्यों का समर्थन करें और झूठ फैलाने वालों से सतर्क रहें. प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दूबे ने रिम्स निरीक्षण को लेकर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के पुत्र कृष अंसारी पर उठ रहे सवालों को अनावश्यक और तिल का ताड़ बनाने वाली राजनीति करार दिया है. उन्होंने कहा कि कृष अभी एक किशोर है और यदि वह अस्पताल किसी का स्वास्थ देखने गया भी हो, तो इसे राजनीतिक विवाद का विषय बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है. आलोक दुबे ने कहा कि भाजपा इस छोटे से विषय को तूल देकर यह सिद्ध कर रही है कि उसके पास राज्य सरकार की आलोचना के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं है. उन्होंने कहा, कृष एक कच्ची उम्र का लड़का है, यदि उसमें जनसेवा या स्वास्थ्य व्यवस्था में रुचि है, तो उसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए. देश के भविष्य को सही दिशा देना हम सबकी जिम्मेदारी है, न कि उन्हें बदनाम कर राजनीति चमकाना.

### झारखंड से बड़ी भागीदारी के साथ दिल्ली कूच करेगी ओबीसी कांग्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के महासचिव संजीत यादव ने कहा कि झारखंड के सभी ओबीसी समाज के प्रतिनिधि 25 जुलाई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होने वाले कांग्रेस ओबीसी नेतृत्व का भागीदारी न्याय महासम्मेलन में शामिल होंगे. यह आयोजन राहुल गांधी की पहल पर आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे. महासम्मेलन में ओबीसी समुदाय की न्यायिक, प्रशासनिक, मीडिया, कॉर्पोरेट और शैक्षणिक संस्थानों में हिस्सेदारी को लेकर विस्तार से चर्चा होगी. साथ ही, आगामी ओबीसी जनगणना के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा. डॉ. अनिल जयहिंद, ओबीसी विभाग के चेयरमैन ने नई पहल की शुरुआत करने का आह्वान किया है.

## झारखंड में माइनिंग टूरिज्म की शुरुआत

# पर्यटन विभाग और सीसीएल के बीच हुआ साझेदारी का एमओयू

शुभम संदेश। रांची

खनन पर्यटन न केवल हमारे राज्य की औद्योगिक ताकत को प्रदर्शित करेगा, बल्कि पर्यटकों को ऊर्जा क्षेत्र और इसके समृद्ध इतिहास पर एक अनूठा दृष्टिकोण भी प्रदान करेगा. यह ऐतिहासिक अवसर झारखंड राज्य की दूरदर्शी सोच और साहसी निर्णयों का परिणाम है. मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हार्दिक बधाई देता हूं, जिनके नेतृत्व में झारखंड ने पर्यटन, उद्योग और सांस्कृतिक विरासत को नए आयाम देने के लिए प्रयासरत है. यह साझेदारी झारखंड के पर्यटन सफर में एक नए अध्याय की शुरुआत है. उक्त बातें पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहीं. वह सोमवार को झारखंड मंत्रालय स्थित कान्फ्रन्स हॉल में झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (जेटीडीसी) एवं सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के बीच खान पर्यटन को लेकर हुए एक ऐतिहासिक समझौता (एमओयू) के दौरान बोल रहे थे. समारोह में सीसीएल की ओर से अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह तथा



अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. पर्यटन निदेशालय की ओर से निदेशक पर्यटन विजया जाधव, जेटीडीसी के प्रबंध निदेशक प्रेम रंजन सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए.

यह माइनिंग टूरिज्म उत्तर उरीमारी माइंस से शुरू होगी. यह करार 5 वर्षों के लिए होगा, जिसे आगे 5 वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है. जेटीडीसी पर्यटकों की बुकिंग करेगा और प्रति सप्ताह दो दिन खनन पर्यटन की सुविधा प्रदान करेगा. सभी पर्यटकों को खनन में प्रवेश से पूर्व सीसीएल के नियमों, सुरक्षा निर्देशों एवं स्वास्थ्य मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा.

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, मंगलवार 22 जुलाई 2025, श्रावण कृष्ण पक्ष 12/13, संवत 2082

बाघमारा अनुमंडल की ओर से शुभम संदेश को



स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

एक शुभचिंतक

## ब्रीफ खबरें

### आवारा पशुओं से अनियंत्रित बाइक सवार जख्मी

**गोमो।** तोपचांची के सपना होटल में समीप रविवार देर शाम को आवारा पशु को बचाने के क्रम में बाइक सवार युवक दुर्घटना ग्रस्त हो गया. भवरदाहा गांव का निवास महतो स्प्लेंडर बाइक से तोपचांची बाजार आ रहा था. इस दरम्यान सपना होटल के समीप कई आवारा पशु सडक पर थे. उसे बचाने के दौरान बाइक असंतुलित होकर सर्विस रोड पर गिर पड़ी. दुर्घटना में युवक के सिर फट गया. सूचना पाकर तोपचांची पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहुबहियार भेजा गया.

### मथुरा के खिलाफ टिप्पणी पर समर्थकों में उबाल

**टुंडी।** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के खिलाफ अमित महतो द्वारा एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट किया गया है. पोस्ट में विधायक के खिलाफ अपमान जनक बातें किए जाने पर टुंडी प्रखंड झामुमो कार्यकर्ताओं ने भारी उबाल है. इस बात को लेकर सोमवार को टुंडी प्रखंड झामुमो अध्यक्ष फुलचंद किस्कू की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल टुंडी थानेदार उमाशंकर से मिलकर उक्त युवक के खिलाफ लिखित करते हुए कार्रवाई की मांग की है. प्रतिनिधिमंडल ने झामुमो प्रखंड सचिव रसिद अंसारी, छोटु अंसारी, अकरम अंसारी, श्रवण बेसरा, बालेश्वर सोरेन, मिहीलाल मुर्मू, अरविंद सोरेन, बबलू सिंह, मीणा देवी आदि शामिल हैं.

### ट्रक ने बिजली खंभे में मारा धक्का, विद्युत आपूर्ति ठप

**निरसा बाजार।** निरसा थाना अंतर्गत आमडंगाल गांव में सोमवार को बिजली के पोल को एक ट्रक ने धक्का मार दिया. जिससे बिजली का खंभा गिर गया. बिजली आपूर्ति बाधित हो गई. गुस्साए ग्रामीणों ने करीब एक घंटा सड़क को जाम कर दिया. गांववालों ने बिजली के खंभे को सुचारू ढंग से गाड़कर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की. बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी या कर्मचारी गांव में नहीं पहुंचें. लोगों ने बताया कि गांव में बड़ी दुर्घटना घटने से बच गई क्योंकि उस वक्त बिजली लाइन कटा हुआ था. समाचार लिखे जाने तक बिजली आपूर्ति बाधित है.

### केलियासोल में एके राय को श्रद्धांजलि

**कालुबथान।** कलियासोल प्रखंड भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने प्रखंड सचिव सपन गोराई के नेतृत्व में एके राय की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. स्व. राय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया. उपस्थित वक्ताओं ने राय बाबु के बताए गए रास्ते पर चलने का निर्णय लिया. मौके पर सष्टी पदो सिंह, गणेश मंडल, नौशाद अंसारी, कार्तिक मंडल, जाकिर अंसारी, रामकृष्ण मंडल , सुशील मंडल, राजेश मंडल, सुरेश दास, कंसारी रवानी, वापी रवानी, काल सोना गोराई आदि के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### चिरकुंडा फिडर से 11 घंटे बाद बिजली आपूर्ति

**चिरकुंडा।** विद्युत विभाग चिरकुंडा के डीपीएस कुमारधुबी में 11 केभी चिरकुंडा फीडर के ब्रेकर का रिले जल जाने के कारण चिरकुंडा फीडर से जुड़े हजारों उपभोक्ताओं की बिजली रविवार की रात्रि गुल हो गई. जिस कारण इस बरसात की उमस भरी गर्मी में लोग 11 घंटे तक परेशान रहे. जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि करीब 12 बजे अचानक चिरकुंडा फीडर के ब्रेकर का रिले जल गया. सरसापहाड़ी, तालडांगा, नेहरू रोड, सुभाषनगर, तालडांगा हाउसिंग कालोनी, कुमारधुबी स्टेशन रोड सहित आस पास के क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं की बिजली ठप हो गई. विभाग के अधिकारी द्वारा धनबाद से टोसा की टीम को बुलाकर फाल्ट को ठीक किया गया उसके बाद ही क्षेत्र में सोमवार की सुबह 11 बजे के बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी.

### भाकपा-माले ने दी एके राय को श्रद्धांजलि

**निरसा बाजार।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के सेन्ट्रल पुल भाकपा-माले पार्टी कार्यालय में सोमवार को एके राय के विचारों को पूर्ण रूप से आत्मसात करने की बात कही गयी. कार्यकर्ताओं ने उनकी चित्र पर माल्यार्पण किया. 2 मिनट का मन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. मौके पर सुनील गिरी, गणेश महतो, संदीप महतो, संदीप लोहार, बजरंगी पासवान, बिरजू महतो, बापू बाग, सुपर माझी, रूपेश यादव, सुजीत मोदी, भोला कुमार, सुशीला देवी, राधिका देवी, जय देवी, फुल कुमारी, कलावती बाउरी पूर्णिमा राय आशा बाउरी मीणा भुईयां आदि थे.

# महिलाओं ने किया आउटसोर्सिंग कार्य बाधित

- कनकनी कोलियरी में रैयतों का आंदोलन तेज

**शुभम संदेश। लोयाबाद**



सिजुआ क्षेत्र स्थित कनकनी कोलियरी की सेन्द्रा मौजा में एक बार फिर रैयतों और बीसीसीएल के बीच जमीन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है. रविवार दोपहर से यहां संचालित आउटसोर्सिंग कंपनी रामावतार का कार्य पूरी तरह ठप है. इस बंदी की अगुवाई रैयती महिलाएं कर रही हैं, जो लगातार दो दिनों से परियोजना पर डटी हुई हैं. महिलाओं का आरोप है कि कुल 78 बीघा जमीन सेन्द्रा मौजा के रैयतों की है, जिसे बीसीसीएल द्वारा बिना वैध अधिग्रहण दस्तावेज के जबरन खनन कार्य में लिया गया है. उनका कहना है कि बीसीसीएल के अस्तित्व में आने से पहले ही वे कंपनी को लगान दे रहे थे और 2017 तक झारखंड सरकार को भी नियमित रूप से लगान अदा किया गया है. रैयतों का दावा है कि जमीन का मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है. इस बार दिलीप मास्टर नामक एक रैयत ने अपने तीन डिसमिल जमीन पर स्वामित्व का दावा करते हुए कंपनी का मुख्य मार्ग अवरुद्ध कर दिया, जिससे आउटसोर्सिंग कार्य पूरी तरह से ठप हो गया है. आरोप है कि इसके प्रतिशोध में कंपनी ने दस रैयती परिवारों को नियोजन से हटा दिया है. दिलीप मास्टर ने इस मामले की जानकारी पूर्व में धनबाद उपायुक्त को पत्र लिखकर दी थी. रैयतों का कहना है कि वे अपने अधिकार के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं और जब तक समाधान नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा. इधर, परियोजना पदाधिकारी गोपाल जी का कहना है कि यह जमीन बीसीसीएल की है और कंपनी के राष्ट्रीयकरण के बाद यह संपत्ति उसके स्वामित्व में आ चुकी है. आउटसोर्सिंग कंपनी लिखित रूप में शिकायत करती है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी. विरोध प्रदर्शन में शामिल प्रमुख रैयती महिलाओं में रोहणी देवी, अनीता देवी, संगीता देवी, अष्टमी देवी, चम्पा देवी, रीता देवी, मीरा देवी, पूर्णिमा देवी, निरोषा देवी, रोशनी देवी, सुकुम देवी और मीना देवी समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे.

## मुंडा धौड़ा के ग्रामीणों का विस्थापन के लिए प्रदर्शन

**तेतुलमारी।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र संख्या 4 अंतर्गत रामकनाली कोलियरी के मुंडा धौड़ा के ग्रामीणों ने विस्थापन को लेकर कतरास क्षेत्रीय कार्यालय पर प्रबंधन विरोधी नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया. प्रदर्शन की सूचना पर कतरास जीएम ने ग्रामीणों को सभागार में बुलाकर वार्ता किया. ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे झामुमो के जिला संगठन सचिव मनोज रवानी ने कहा कि बीसीसीएल कंपनी सिर्फ कोयला उत्पादन करने में लगा है. कंपनी के आसपास रहने वाले ग्रामीणों का क्या स्थिति है इससे कंपनी के अधिकारी को कोई मतलब नहीं है. उन्होंने कहा कि मुंडा धौड़ा के ग्रामीण मौत के मुंह में रहने को विवश हैं मगर बीसीसीएल प्रबंधन अभी तक वहां के लोगों को सुरक्षित स्थान पर विस्थापन नहीं किया. अगर कोई भी अप्रिय घटना घटती है. उस समय कतरास महाप्रबंधक एवं संबंधित अधिकारियों पर एफआईआर कर सीआईसी एवं आरके माइनिंग आउटसोर्सिंग सहित पूरे कतरास क्षेत्र का चक्का जाम कर दिया जायेगा. तत्काल सभी लोगों को पहले सुरक्षित जगह पर विस्थापित कर उन्हें सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए और रोजगार के साधन उपलब्ध कराए. महाप्रबंधक आरके अग्रवाल ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि रामकनाली ओपी के बगल में जगह चिहित कर लिया गया है. जल्द से जल्द वहां सभी मुलभूत सुविधाओं के साथ मुंडा बस्ती के ग्रामीणों को वहां विस्थापन किया जाएगा. उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि एकेडब्लूएमसी परियोजना पदाधिकारी से मिलकर अपने जगह को चिहित कर लें जिससे विस्थापन करने में आसान होगा. मौके पर प्रतिनिधि मंडल में पूर्व पार्षद बिरजू बाउरी, प्रखंड उपाध्यक्ष बासुकीनाथ त्रिगुणायत, उत्तम महतो,मुकेश गुप्ता,अर्जुन मुखिया,संजय रजवार,सज्जाद अन्सारी,पंकज दिनकर,शशिरंजन कुमार, दिलदार अन्सारी, निरंजन भुईंया सहित दर्जनों ग्रामीण आदि शामिल थे.

# दिलीप ज्वेलर्स चोरी कांड में छह गिरफ्तार, एक फरार

## अपराधियों की निशानदेही पर चोरी गई ज्वेलरी बरामद

**शुभम संदेश। चासनाला**



सुदामडीह थाना परिसर में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सिंदरी डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम ने नगीना बाजार स्थित दिलीप ज्वेलर्स में 17 जुलाई की रात हुई चोरी की घटना का खुलासा किया. बताया कि चोरों ने दुकान की छत का एलबेस्टस तोड़कर ज्वेलरी और सीसीटीवी मॉनिटर चोरी कर लिए थे. मामले में शंभू वर्मा (भौंरा निवासी) के लिखित आवेदन पर कांड संख्या 61/25 दर्ज किया गया था. जांच में तेजी दिखाते हुए सुदामडीह पुलिस ने इस कांड में शामिल 6 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपियों में श्रवण कुमार, पिता विजय कुमार साव — निवासीः नुनूडीह, काली मंदिर के पास, राहुल गोराई (19), पिता मिठू गोराई — निवासीः नुनूडीह बस्ती, ओम प्रकाश कुमार भुइयां उर्फ उस्ताद (19), पिता तपेश्वर भुइयां — निवासीः नुनूडीह, नीचे दौड़ा, अविनाश कुमार ताती (19), पिता सरोज ताती — निवासीः नुनूडीह, नीचे दौड़ा, सुमित कुमार सिंह उर्फ मुरली (18), पिता मनोरंजन सिंह — निवासीः नुनूडीह बस्ती, कृष्ण राज पासवान उर्फ मोनू (18), पिता रामबालक पासवान — निवासीः नुनूडीह, सरकारी स्कूल के पास शामिल हैं.

अपराधियों की निशानदेही पर चोरी गई कुछ ज्वेलरी और उपकरण भी बरामद किए गए हैं.अपराधियों के पास से सोने जैसा दिखने वाला आर्टिफिशियल पंजा (दो सेट), एलजी कंपनी का एक मॉनिटर, स्प्रिंग चाकू, दो बड़े पेचकस, एक छोटा टेस्टर, एक रॉड मिले हैं.

डीएसपी ने बताया कि इनमें से कुछ पर पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं. गिरफ्तार सभी आरोपियों को सोमवार को धनबाद जेल भेज दिया गया है, जबकि एक आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

छापेमारी दल में जोड़पोखर अंचल निरीक्षक आशुतोष कुमार, सुदामडीह पुलिस अवर निरीक्षक मो. अफरोज, सहायक अवर निरीक्षक चंदन कुमार शर्मा, सुदामडीह थाना का पुलिस बल शामिल थे.

## एनजीओ को छात्रावास देने पर रतिलाल टुडू ने जताया विरोध

**टुंडी (शुभम संदेश)।** टुंडी विधानसभा क्षेत्र के झामुमो वरिष्ठ नेता रतिलाल टुडू सोमवार को दिल्ली में इलाजरत दिशोम गुरू शिबू सोरेन का कुशलक्षेम जाना. संपूर्ण स्वास्थ्य को लेकर मंदिरों में माथा टेका. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिलकर टुंडी क्षेत्र के कई समस्याओं को रखते हुए निदान करने आग्रह किया. श्री टुडू ने सबसे पहले महुदा कालेज महुदा में अल्पसंख्यक व अतिपिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए बने छात्रावास को एनजीओ को दिए जाने की बात पर कड़ी आपत्ति जताई व मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखित रूप से देकर पूर्व की तरह यथावत रखने का निवेदन किया. मुख्यमंत्री ने भरोसा देते हुए पहल करने की बात कही. इसके अलावे टुंडी में युद्धस्तर पर संपूर्ण विकास की मांग पर भी पहल का भरोसा दिया. वहीं इस दौरान शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिलकर टुंडी विधानसभा क्षेत्र के गांवों में शिक्षकों की कमी दूर करने का आग्रह किया. इस मौके पर उनके साथ सोनेत संथाल समाज के अध्यक्ष सनातन सोरेन आदि साथ थे.

## टुंडी में माइक्रो फाइनेंस एजेंट से एक लाख रुपये और टैब की लूट

**टुंडी (शुभम संदेश)।** टुंडी थाना क्षेत्र के टुंडी-गिरिडीह मुख्य पथ पर कमलपुर जंगल के पास गादी टुंडी तालाब के निकट सोमवार को बाइक से लोधरिया बैंक जा रहे भारत माइक्रो फाइनेंस के कलेक्शन एजेंट साजिद आलम को पल्सर बाइक सवार दो लुटेरों ने पीछे से ओवरटेक कर उनकी बाइक रुकवाई. इसके बाद उन्होंने बाइक की डिक्की में रखे लगभग एक लाख रुपये नकद और एक टैब लूट लिया और फरार हो गए. साजिद ने पुलिस को बताया कि वे पुरनाडीह से पैसे कलेक्ट कर दोपहर करीब 2 बजे लोधरिया बैंक ऑफ इंडिया जा रहे थे. इस दौरान उन्हें आभास हुआ कि कदमा आहरा से एक बाइक पर सवार दो लोग उनका पीछा कर रहे हैं. इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, लुटेरों ने तेज गति से उनकी बाइक को ओवरटेक किया, रुकवाया और डिक्की खोलकर उसमें रखे लगभग नब्बे हजार रुपये और टैब लेकर फरार हो गए. घटना की जानकारी साजिद आलम ने टुंडी पुलिस को दी. इस संबंध में टुंडी थाना प्रभारी उमाशंकर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. प्रथम दृष्टया यह लूट की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है.

## मकान मालिक और किराएदार के घर से 7 लाख की चोरी

**शुभम संदेश। चिरकुंडा**

थाना क्षेत्र में बंद घरों और दुकानों में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं. रविवार की रात चोरों ने नेहरू रोड स्थित चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय के पास कौशल किशोर सिंह के मकान में दो अलग-अलग ठिकानों को निशाना बनाया. मकान में किराए पर रह रहे संदीप टेक्सटाइल्स के मालिक संदीप कुमार के गोदाम का ताला तोड़कर चोरों ने लगभग 50 हजार नगद और 4 लाख की जींस पैंट चोरी कर ली. इसके साथ ही चोरों ने मकान मालिक कौशल किशोर सिंह के बंद घर में भी घुसकर करीब 2.5 लाख मूल्य के जेवरात और चांदी के बर्तन चुरा लिए. संदीप कुमार ने बताया कि वे पिछले पांच साल से केके सिंह के मकान में किराए पर रह रहे हैं और जींस की थोक बिक्री का काम करते हैं. उन्होंने बताया कि मकान के दस से अधिक कमरों के ताले चोरों ने तोड़े, और सामान लेकर फरार हो गए. मकान मालिक सिंह ने दूरभाष पर जानकारी दी कि चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अलमारी से सोने की चेन, झुमका, नथिया, चांदी के सिक्के और ग्लास आदि चुरा लिए. चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब ढाई लाख रुपये आंकी गई है. उल्लेखनीय है कि मकान मालिक के पुत्र अविनाश कुमार और उनकी पत्नी दोनों भारतीय वन सेवा आईएफएस में कार्यरत हैं. इस संबंध में संदीप कुमार ने चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. थाना प्रभारी रामजी राय ने बताया कि कार्रवाई जारी है, जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा.

# दूसरी सोमवारी पर महादेव के मंदिरों में उमड़ी भीड़

## गोमो-तोपचांची के शिवालयों में भक्तों ने लगाया हर-हर महादेव की जयकार



**शुभमन संदेश। गोमो**

गोमो के सभी शिवालयों में सोमवार को भक्तों की भीड उमड़ पडी. भगवान शिव को बेल पत्र, कुंकुम, अक्षत अर्पित कर हर हर महादेव का जयघोष लगाया. भक्तों ने जलाभिषेक किया. सुबह से ही महिला व पुरुष भक्तों ने शिव की विशेष पूजा अर्चना की. गोमो के आरपीएफ शिव मंदिर, जीतपुर , लोको बाजार, लोको कॉलोनी, रतनपुर पहाडी शिव मंदिर, गुनघुसा, खरियो, हरिहरपुर, कोरकोटटा, तोपचांची स्थित शिव मंदिरों में भक्तों ने बडी संख्या में जलाभिषेक किया. भगवान शिव से सुख समृद्धि की कामना की.

**करमाटाड़ व खेसमी से निकली शोभायात्रा, लगाया बोल बम का जयकारा :** सावन के दूसरी सोमवारी के अवसर पर तोपचांची के करमाटाड़ गांव से समाज सेवी प्रितम महतो के अगुवाई में और खेसमी ग्राम पंचायत के मुखिया पर प्रतिनिधि अजित मंडल की अगुवाई में शिव भक्तों की टोली गाजे बाजे के साथ भव्य जल शोभा यात्रा निकाली गई. जल शोभायात्रा में बडी संख्या से महिला पुरुष व बच्चे शामिल थे. हर हर महादेव और जय श्री राम का जयघोष करते क्षेत्र के तोपचांची, खेसमी,लोको बाजार, स्टेशन चौक, पुरानी बाजार का भ्रमण करते नाचते गाते हुए जीतपुर स्थित जमुनिया नदी घाट पहुचें. कलश में जल भरण कर विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक कर भगवान शिव को समर्पित किया.

### चासनाला में सोमवार को शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु



**चासनाला ।** सावन मास की दूसरी सोमवारी के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों—सुदाम डीह, चासनाला, लोकोबाजार, नुनूडीह एवं चासनाला के के गेट स्थित शिव मंदिरों—में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. महिला, पुरुष व बच्चे बड़ी संख्या में शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते नजर आए. भक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव से भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की. मोहनबाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों का आना-जाना लगातार बना रहा. कई श्रद्धालु मंदिर परिसर में बैठकर माला जाप करते दिखे, तो कुछ भक्त नंदी बाबा के कान में अपनी मन्नतें मांगते नजर आए. पूरा मंदिर परिसर ३हर हर महादेव३ के जयघोष से गूंज रहा था और वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया. मोहनबाजार शिव मंदिर के पुजारी पंडित नीरज पांडे ने बताया कि सावन मास के प्रत्येक सोमवार को मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है, जिनमें महिलाओं और बच्चों की संख्या खास तौर पर अधिक होती है. उन्होंने कहा कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान शिव की भक्ति करता है, भगवान भोलेनाथ उसकी हर मनोकामना पूर्ण करते हैं. संध्या में भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया. इसके बाद आरती और भजन-कीर्तन किए गए. भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया.

### नावागढ़ में भोलेनाथ के जयकारों के साथ हुआ जलाभिषेक

**मधुबन।** नावागढ़ और आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ शिव मंदिरों में उमड़ पड़ी. सुबह से ही मंदिरों में भोलेनाथ के जयघोष और हर-हर महादेव की गूंज सुनाई दी. श्रद्धालुओं ने गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और पुष्पों से भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति की कामना की. क्षेत्र के नावागढ़ मोड़ शिवालय, डीवीसी बाँसजोड़ा स्थित शिव मंदिर, नावागढ़ बस्ती स्थित बाबा हुटेरेश्वर नाथ शिव मंदिर, खरखरी ओपी स्थित शिवालय, फुलारीटांड हटिया एवं बाजार शिव मंदिर, खरखरी शिव मंदिर, महेशपुर शिव मंदिर आदि शिवालयों में सुबह से दोपहर तक जलाभिषेक और पूजन-अर्चन का सिलसिला चलता रहा. श्रद्धालु परिवार सहित मंदिर पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना की. नावागढ़ मोड़ स्थित शिवालय में आचार्य दिनेश शास्त्री द्वारा संकल्प लेकर वैदिक विधि-विधान से देवों के देव महादेव का पूजन और जलाभिषेक कराया गया.

## न्यूज अपडेट

### किड्स एंजेल स्कूल में फायर सेफ्टी प्रशिक्षण



**चासनाला (शुभम संदेश)।** किड्स एंजेल पब्लिक स्कूल, अजमेरा परिसर पाथरडीह में सोमवार को फायर स्टेशन झरिया द्वारा आग से बचाव हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया. आग से बचाव के विभिन्न सुरक्षात्मक उपायों को बताया गया. सुरक्षात्मक उपायों को प्रायोगिक विधि से बताया गया. बच्चों को गैस सिलेंडर में आग लगने पर उससे कैसे रोका जाए, फायर एक्सटिंग्विसर का कैसे उपयोग किया जाए, इलेक्ट्रिकल फायर को कैसे बुझाया जाए, आदि बातें बच्चों ने जाने. बच्चों ने भी तरीकों को सीखकर स्वयं गैस सिलेंडर में लगे आग को सावधानी पूर्वक बुझाया. मौके व प्रशिक्षण सत्र में पर झरिया अग्निसमन प्रभारी सतेंद्र कुमार पाठक, सिपाही पुरुषोत्तम महता, विद्यालय प्राचार्य विशाल श्रीवास्तव, अजीत कुमार, अजय मण्डल, सपन घोष,बिनय मिश्रा, मामोन दास, अर्चना झा, गंगा कुमारी, संगीता विश्वकर्मा, आनंद ठाकुर, स्वीटी कुमारी, प्रिया दास, रागिनी कुमारी, रानी वर्मा, कल्याणी, पायल साह, संगीता, नेहा, प्रिया, आबेदा प्रवीन राहुल कुमार, भरत श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे.

### कैंसर जागरुकता और स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**झरिया (शुभम संदेश)।** मारवाड़ी युवा मंच, झरिया एवं सरायढेला शाखा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को महिला कैंसर जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. यह कार्यक्रम महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर जैसे गंभीर विषयों पर जानकारी और रोकथाम के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंच अध्यक्ष डॉ मनीष शर्मा व सरायढेला शाखाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना है. यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान और रोकथाम के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है.
झरिया के महिला इंटर कॉलेज, झरिया में सुबह 9:30 बजे से और यशोमती श्री विद्या निकेतन, झरिया में सुबह 11:30 बजे से शिविर आयोजित किया गया है. कार्यक्रम के प्रमुख विषय में स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर की जानकारी और रोकथाम, मासिक धर्म से जुड़ी समस्याएं एवं समाधान, स्वच्छता और संतुलित पोषण की आवश्यकता है. कार्यक्रम में अस्पर्श हॉस्पिटल, धनबाद की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा.

### भाकपा माले ने मनायी पूर्व सांसद एके राय की पुण्यतिथि



**चिरकुंडा (शुभम संदेश)।** कुमारधुबी स्टेशन रोड स्थित चिरकुंडा भाकपा माले कार्यालय में सोमवार को पूर्व सांसद एके राय की पुण्यतिथि मनायी गयी. सर्वप्रथम दिवंगत के लिए नेताओं ने 2 मिनट का मौन रखा. उसके बाद उनके तस्वीर पर नेताओं ने बारी बारी से पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. एके राय अमर रहे, भाकपा माले जिंदाबाद के नारे लगाये. चिरकुंडा नगर परिषद भाकपा माले के संयोजक श्रीकांत सिंह ने कहा कि देश की राजनीति में एके राय अपनी अलग पहचान रखते थे. 3 बार सांसद और 3 बार विधायक बने. सिंदरी से विधायक रहे. बिहार सरकार में उन्हें मंत्री बनने का ऑफर दिया लेकिन राय दा ने उसे बड़ी विनम्रता के साथ अस्वीकार कर दिया था. तीन बार सांसद बने, लेकिन सांसद के रूप में कभी पेंशन नहीं ली कोई सरकारी सुविधा नहीं लिया.साइकिल से संसद जाते थे और भी कई कारण हैं, जिससे एके राय महान नेता थे. मौके पर मानिक लाल गोराई,बरूण दे,अमरेश चक्रवर्ती,ब्रजेन्द्र सिंह,लक्ष्मण प्रसाद,मुशहरू राम आदि थे.

### एके राय के विचारों को मजबूत करने का लिया संकल्प



**निरसा (शुभम संदेश)।** मासस के संस्थापक, प्रख्यात मार्क्सवादी चिन्तक एवं राजनीतिक संत एके राय की पुण्यतिथि पर भाकपा माले एग्यारकुण्ड प्रखंड कमिटी द्वारा मुगमा मोड़ स्थित कार्यालय में स्मृति दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर माल्यार्पण और दो मिनट के मौन श्रद्धांजलि से हुई. वक्ताओं ने उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया. मौके पर बादल चंद्र बाउरी, नागेंद्र कुमार, मनोरंजन मलिक, रोशन मिश्रा, मुन्ना यादव, असीम घोष, अभय प्रसाद, सत्येंद्र चौहान, प्रदीप बाउरी, अंजू चटर्जी, ज्योति श्रीवास्तव, मेनका मंडल, इंदू देवी, रिंकू एसी, बसंती देवी, मालती देवी, उन्नी गोपाल, जोबना रोहिदा, राजू चटर्जी, सागर गोप, विश्वनाथ बाउरी, ज्यंतो बाउरी, वरुण बाउरी, विश्वनाथ बिउरी, दिनेश हांडी, मुकेश बिउरी, पिंटू बाउरी, अभय दा, और जय राजवंशी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

### राज्य सरकार हर मोर्चो पर फेल : शत्रुघ्न महतो

**गोविंदपुर (शुभम संदेश)।** बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने सोमवार को यहां कौवा बंद झारखंड सरकार को सभी मोर्चे पर फेल बताया. विधायक कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि बेरोजगारों को रोजगार देने में सरकार की कोई रुचि नहीं है. हर क्षेत्र में लूट मची हुई है. विकास कार्य ठप है. विकास के लिए सरकार राशि ही नहीं दे रही है. यही कारण है कि कहीं भी विकास कार्य नहीं हो रहा है और जनता इस सरकार से मुक्ति पाना चाह रही है. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी और डबल इंजन सरकार में विकास की गंगा बहेगी. उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से संगठन मजबूत बनाने की अपील की. भाजपा नेता बलदेव महतो, अरविंद गिरि एवं राजकुमार गिरि ने विधायक का स्वागत किया. इस अवसर पर पूर्व प्रमुख डीएन सिंह, पूर्व मुखिया सुभाष गिरि, नितेश गोप, रतिरंजन गिरि, बलराम साव, दिनेश मंडल, कन्हाई गिरि, माधव गिरि, मिथिलेश गिरि आदि मौजूद थे.

### झामुमो ने कराया अमित महतो पर एफआईआर

**झरिया (शुभम संदेश)।** **झामुमो** झरिया नगर समिति के पदाधिकारियों संग महानगर उपाध्यक्ष बंटी सिंह, महानगर संगठन सचिव कुलदीप महतो,झरिया नगर अध्यक्ष फरीद मल्लिक, नगर सचिव दिलीप महतो, झरिया नगर उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, झरिया नगर सहसचिव कृष्ण चौहान, वार्ड अध्यक्ष 34 के लक्ष्मण चौहान ने झरिया थाना में विधायक मथुरा महतो के खिलाफ टिप्पणी करने वाले अमित महतो पर प्राथमिक दर्ज कराई. अमित महतो पिता बिशु महतो साकिम आमटाल परसबनिया बलियापुर निवासी ने 19 जुलाई को झारखंड सीएम, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, केंद्रीय सदस्य रमेश टुडू और झामुमो पार्टी झंडा के बारे में अभद्र भाषा की का प्रयोग किया था. झामुमो झरिया ने कानूनी कार्यवाही करते हुए सख्त से सख्त सजा देने की अपील की.

### एके राय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**कतरास (शुभम संदेश)।** भाकपा-माले कार्यालय कतरास में मजदूर-किसानों के मसीहा कामरेड ए.के. राय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कतरास अंचल सचिव भैरवनाथ महतो ने की, जबकि सभा को पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो ने संबोधित किया. कहा कि देश में फासीवादी और सांप्रदायिक सरकार सत्ता में है, जो देश की संपत्ति को कॉरपोरेट घरानों के हवाले कर रही है, ऐसे समय में कामरेड राय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और जनसंघर्ष तेज करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी. कार्यक्रम के दौरान भाकपा माले कतरास शाखा का गठन भी किया गया, जिसमें लखन भूइयां को सर्वसम्मति से सचिव चुना गया.



युद्ध से जूझ रहे यूक्रेन के उसिक बने हैवीवेट चैंपियन

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




धनबाद, मंगलवार 22 जुलाई 2025, श्रावण कृष्ण पक्ष 12/13, संवत 2082

## सदर अस्पताल में आज

| | | |
|---|---|---|
| मेडिसिन | - | डॉ मासूम आलम और डॉ शीला |
| हड्डी रोग | - | डॉ हरेंद्र कुमार |
| सर्जरी | - | डॉ प्रभात कुमार |
| नेत्र रोग | - | डॉ गोलु पिनाज |
| दंत रोग | - | डॉ सुनिता सिन्हा |
| शिशु रोग | - | डॉ उमेन्द्र |
| मनोरोग | - | डॉ मिनाक्षी दुबे |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | - | डॉ अंजना कुमारी |
| फिजियोथेरेपी | - | -- |

### गायनी इमर्जेंसी

| | | |
|---|---|---|
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | - | डॉ संध्या तिवारी |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | - | डॉ सुमन |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | - | डॉ सुरभी |

### जेनरल इमर्जेंसी

| | | |
|---|---|---|
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | - | डॉ निलम बाला |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | - | डॉ एपिल |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | - | डॉ मंगेश |

# दिखावा स्मार्ट क्लास का, टपक रही छत और सीलन भरी दीवारें

पवन वर्मा

धनबाद। शहर के हीरापुर स्थित मध्य विद्यालय-नगरपालिका शिक्षा विभाग की लापरवाही और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भारी अनियमितता का जीवंत उदाहरण बन चुका है. यहां 204 बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा दोनों ही खतरे में हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं. बारिश में छतें टपकती हैं, दीवारों पर सीलन इस कदर फैली है कि पूरी स्कूल में मानो दम घुट रहा हो. लेकिन हैरानी की बात यह है कि इसी जर्जर भवन में बिना किसी मरम्मत के स्मार्ट क्लासरूम बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है. सीलन भरी दीवारों पर वायरिंग और कीमती स्मार्ट उपकरण लगाए जा रहे हैं, जिससे बच्चों और शिक्षकों की जान को खतरा उत्पन्न हो गया है.





### शौचालय और पानी की गंभीर समस्या

शौचालयों की हालत बेहद दयनीय है. खासकर छात्राओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है. कई दिनों से सफाई नहीं हुई है, जिससे बदबू और गंदगी ने पूरे परिसर को घेर रखा है. स्वच्छ पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं है, जो स्वास्थ्य के साथ एक और खिलवाड़ है.

### फाइलों तक सीमित 'मरम्मत'

स्थानीय अभिभावकों का कहना है कि हर साल भवन की मरम्मत की मांग की जाती है, लेकिन सारी कवायद फाइलों में दबकर रह जाती है. न तो शिक्षा विभाग की नजर इस ओर जाती है, न ही प्रशासन की. बच्चों की पढ़ाई, सुरक्षा और भविष्य तीनों को दांव पर लगाकर सिर्फ योजनाओं के नाम पर खानापूरी की जा रही है.

### खुला सवाल : कब जागेगा सिस्टम?

क्या स्मार्ट क्लास लगाने भर से शिक्षा की गुणवत्ता सुधर जाएगी, जब बच्चे और शिक्षक खुद असुरक्षित माहौल में हों? यह न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि एक पूरी पीढ़ी के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ भी है. अगर शिक्षा विभाग इसी तरह मौन रहता हैं, तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है.

### पढ़ाई या परेशानी?

स्कूल में कुल पांच कमरे हैं, और उन्हीं में 204 बच्चों को किसी तरह ठूंसा जा रहा है. जगह की भारी कमी के कारण कई कक्षाएं खुले मैदान में जमीन पर बैठकर संचालित की जा रही हैं. कई बार एक ही कमरे में दो-दो कक्षाएं लगानी पड़ती हैं, जिससे बच्चों की एकाग्रता, पढ़ाई की गुणवत्ता और शिक्षक की क्षमता—तीनों पर बुरा असर पड़ रहा है. छत से प्लास्टर गिरता है, दीवारों में दरारें हैं और सीढ़ियों पर काई जमी है, जिससे फिसलने और घायल होने का खतरा बना रहता है. यूं कहा जाए कि कि बच्चों के सिर पर छत नहीं, खतरों का बादल मंडरा रहा है.

## ब्रीफ खबरें

### नीरज हत्याकांड: अमर सिंह की गवाही के लिए दी अर्जी

**धनबाद।** नीरज हत्याकाण्ड के प्रत्यक्षदर्शी गवाह अमर सिंह द्वारा मीडिया को दिए गए बयान के वीडियो की पेन ड्राइव की पुष्टि कराने के लिए सोमवार को बचाव पक्ष ने अमर सिंह को फिर से गवाही हेतु बुलाने की प्रार्थना की. जिसका अपर लोक अभियोजक सतेंद्र राय ने विरोध किया. अदालत ने उभय पक्ष को सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया है. इस बाबत जानकारी देते हुए बचाव पक्ष के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने बताया कि 16 जुलाई 25 को उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में सुनवाई कर रही अदालत में पेन ड्राइव को चलाया गया था. ग़ौरतलब है कि इस मामले में लगातार सुनवाई चल रही है. संजय सिंह, पंकज सिंह की ओर से अंतिम बहस भी की जा चुकी है.

### डीसरगढ़ से पूजा कर आ रही युवती के साथ छेड़खानी

**चिरकुंडा।** पश्चिम बंगाल के डीसरगढ़ से जल भरकर व पूजा कर आ रही 19 वर्षीय युवती के साथ कुछ युवकों द्वारा रविवार की रात्रि चिरकुंडा थाना समीप बराकर सड़क पुल पर छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है. इस संबंध में कुमारधुबी के कालीमंडा स्थित संजय नगर की रहने वाली पीड़ित युवति ने चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत की. बताया डीसरगढ़.से जल लेकर घोड़ा मंदिर में जल चढ़ाने के बाद वे रविवार की रात्रि 11 बजे बराकर पुल पर पहुंची तो वहां पर 8-10 लड़के छेड़खानी करने लगे. मेरे फुफेरे भाई ने जब विरोध किया तो उसे भी धमकी देने लगे.

### ठनका गिरने से महिला घायल

**निरसा बाजार।** निरसा थाना क्षेत्र के पलहारपुर पंचायत अंतर्गत रतनपुर गांव में रविवार को खेत में काम कर रही महिला भावीनी मरांडी पर ठनका गिर गया. घटना के समय बारिश हो रही थी और वह खेत में काम कर रही थीं. दोपहर के आसपास अचानक आकाशीय बिजली गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं. घटना की सूचना मिलते ही पलहारपुर पंचायत की मुखिया अपर्णा देवी और झामुमो नेता तपन तिवारी मौके पर पहुंचे. दोनों ने तत्काल भावीनी मरांडी को अपने निजी वाहन से धनबाद अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज शुरू कराया गया. डॉक्टरों के अनुसार महिला की स्थिति अब स्थिर है और बेहतर इलाज जारी है.

**खबर का असर** डीसी ने मनरेगा योजना में गड़बड़ी की खबर का लिया संज्ञान

# तोपचांची में अनियमितता पर डीडीसी को जांच का आदेश

### खास बातें

- गरीबों को रोजगार की गारंटी के लिए शुरू हुई थी योजना
- अब यह योजना बन गई बिचौलियों के लिए वरदान

अमित सिन्हा

**धनबाद।** धनबाद जिले के तोपचांची प्रखंड में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत चल रही योजनाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं की खबर पर जिला उपायुक्त आदित्य रंजन ने त्वरित संज्ञान लिया है. सोमवार को शुभम संदेश में प्रकाशित खबर के आधार पर डीसी ने उप विकास आयुक्त सादात अनवर को मामले की गहन जांच का आदेश दिया है. उपायुक्त ने बताया कि मनरेगा में अनियमितता की पूरी जांच होगी. साथ ही दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी. खबर में भुइयो चितरो, चितरपुर और नेरो पंचायतों में मस्टररोल में फर्जी हाजिरी और एक ही फोटो के बार-बार उपयोग जैसे गंभीर आरोपों का उल्लेख किया गया था.



तोपचांची प्रखंड में मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी

सोमवार के अंक में प्रकाशित खबर



"मामले को संज्ञान में लेकर जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

आदित्य रंजन
उपायुक्त

### जिप उपाध्यक्ष ने की बीडीओ को शो कॉज करने की मांग



जिला परिषद उपाध्यक्ष सरिता देवी ने शुभम संदेश में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए तोपचांची बीडीओ के खिलाफ शो कॉज करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि तोपचांची प्रखंड में मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है. जिसकी जांच विशेष टीम द्वारा कराई जाए. डीसी द्वारा जांच के आदेश की सराहना करते हुए सरिता देवी ने कहा कि जांच प्रक्रिया से बीडीओ को दूर रखा जाए, ताकि निष्पक्ष जांच पूरी हो सके. इसके साथ ही सरकारी पैसे का दुरूपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

### बीडीओ की मिलीभगत के बिना गड़बड़ी संभव नहीं : पीयूष झा



मनरेगा योजना की शुरुआत भारत के कृषि प्रधान ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को प्रतिवर्ष 100 दिन के रोजगार की गारंटी देने के उद्देश्य से की गई थी. हालांकि, वर्तमान में यह योजना कई स्थानों पर प्रखंड विकास पदाधिकारियों के लिए लूट का जरिया बन चुकी है. मस्टर रोल में गड़बड़ी और एक ही फोटो का उपयोग कर मनरेगा में अवैध निकासी जैसी अनियमितताएं बिना प्रखंड विकास पदाधिकारी की मिलीभगत के संभव नहीं हैं. कोई मैट या कंप्यूटर ऑपरेटर इतनी हिम्मत नहीं कर सकता कि बीडीओ की सहमति के बिना इस तरह की योजना में इतने बड़े पैमाने पर गड़बड़ी कर सके.

### ये है मामला

शुभम संदेश में प्रकाशित रिपोर्ट में तोपचांची प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में मनरेगा योजनाओं में अनियमितताओं का खुलासा हुआ था. भुइयो चितरो पंचायत में चेक डैम निर्माण के लिए दो मस्टररोल में एक ही फोटो का उपयोग कर अलग-अलग मजदूरों के नाम दर्ज किए गए. इसी पंचायत में तीन मस्टररोल में एक ही महिला समूह की फोटो का दुरुपयोग कर 30 मजदूरों की हाजिरी दिखाई गई, जबकि वास्तव में केवल 10 मजदूरों ने काम किया. चितरपुर पंचायत में महिला मजदूरों के नाम पर हाजिरी दर्ज की गई, लेकिन फोटो में कोई महिला नहीं थी, जो लैंगिक समानता नियमों का उल्लंघन दर्शाता है. नेरो पंचायत में भी समान फोटो के साथ फर्जी हाजिरी के मामले सामने आए.

# जिम्स अस्पताल में महिला की मौत पर हंगामा

### परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप

शुभम संदेश। धनबाद

कार्मिक नगर स्थित जिम्स अस्पताल में सोमवार को को एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया. मृतका के बेटे अजित कुमार साव ने बताया कि उनकी मां को टूटे हुए हाथ का ऑपरेशन कराने के लिए राज धनवार से धनबाद लाया गया था. सुबह करीब 10 बजे उन्हें ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया, लेकिन शाम 5 बजे चिकित्सकों ने बताया कि उनकी मां होश में नहीं आ रही हैं. बाद में पता चला कि उनकी मौत हो चुकी थी. परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान चिकित्सकों की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ. गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया और डॉक्टरों के साथ-साथ अस्पताल प्रबंधन पर भी लापरवाही का आरोप लगाया.घटना की सूचना मिलते ही सरायढेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की. परिजनों ने पुलिस से शिकायत की है.

# शराब बेचने से मना किया तो घर जमाई पर फेंका तेजाब

शुभम संदेश। झरिया



धनसार थाना क्षेत्र में रविवार को युवक पर तेजाब फेंकने की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है. पत्नी और सास को अवैध शराब बेचने से मना करने पर घरजमाई राजेश साव पर तेजाब फेंक दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गए. घटना के बाद उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है. पीड़ित राजेश साव ने धनसार थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और पत्नी राधा देवी व सास रोहमी देवी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. राजेश ने बताया कि 10 वर्षों से पत्नी राधा देवी के साथ मनईटांड़ में रह रहे थे. उन्होंने अपने ससुर से जमीन खरीदकर घर बनाया था. पत्नी और सास पहले से अवैध शराब का कारोबार करती थीं. कई बार मना करने के बावजूद वे नहीं मानीं. जब उन्होंने फिर से शराब बिक्री पर आपत्ति जताई, तो पत्नी और सास ने मिलकर उन पर तेजाब फेंक दिया, जिससे उनका शरीर बुरी तरह झुलस गया. घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पीड़ित ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है.

# हथियारबंद अपराधियों ने कर्मियों को बंधक बनाकर की लूटपाट

शुभम संदेश। लोयाबाद

लोयाबाद कोलियरी कार्यालय में रविवार की देर रात बड़ी लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया गया. करीब दर्जन भर हथियारबंद अपराधियों ने आधी रात के बाद धावा बोला और ड्यूटी पर तैनात रात्रि सुरक्षा गार्डों को बंधक बना लिया. बायोमेट्रिक हाजिरी मशीन की तीन बैटरियां लेकर फरार हो गए. प्रबंधन ने बैटरियों की कीमत लगभग हजारों रुपये आंकी है. घटना की लिखित शिकायत लोयाबाद पुलिस को दी गई है. घटना के संबंध में बताया गया कि रविवार रात सुरक्षा गार्ड कुर्बान मियां और सुरेश साव अपनी ड्यूटी पर थे. रात करीब ढाई बजे अचानक हथियारों से लैस बदमाशों का दल कार्यालय परिसर में घुस आया. अपराधियों ने दोनों गार्डों को हथियार दिखाकर एक कमरे में बंद कर दिया और उनके मोबाइल फोन भी छीन लिए. बदमाशों ने जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे गार्ड सहम गए और विरोध नहीं कर सके.

# उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मचारियों को मिला संरक्षा पुरस्कार

**धनबाद (शुभम संदेश)।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद में संरक्षा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र ने जून 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मंडल के 28 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया. इन कर्मचारियों ने धनबाद मंडल के विभिन्न खंडों में रेल फ्रैक्चर, हॉट एक्सल और अन्य संरक्षा संबंधी खामियों का पता लगाया, जिससे रेल परिचालन में आने वाली समस्याओं, दुर्घटनाओं और असामान्यताओं को रोका जा सका। समारोह में मंडल के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे.

# डालसा ने नशे में धुत एक बच्चे का किया रेस्क्यू, सीडब्ल्यूसी को सौंपा

शुभम संदेश। धनबाद

नालसा एवं झालसा द्वारा चलाए जा रहे बच्चों को नशा मुक्त कराने की योजना डॉन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर धनबाद रेलवे स्टेशन से नशे में धुत एक बच्चे को रेस्क्यू किया गया. इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो बताया कि जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायत में डॉन योजना के तहत नशा मुक्ति के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत रेलवे स्टेशन से एक नाबालिग बच्चे को डालसा की टीम एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के साझा प्रयासों से रेस्क्यू किया गया. बच्चे को सदर अस्पताल में अधिकार मित्र नवीन कुमार, चाइल्डलाइन की स्मिता कुमारी के द्वारा चिकित्सीय जांच करवा कर सीडब्ल्यूसी धनबाद को बच्चा के रखरखाव हेतु सौंपा गया है.

### बंगाल की सीएम ममता बोलीं- 'बंगाली भाषा को दबाने की कोशिश हुई तो...'

# महाराष्ट्र के बाद अब बंगाल में भाषा विवाद

एजेंसी। कोलकाता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सोमवार (21 जुलाई, 2025) को तीखे शब्दों में भाषाई असहिष्णुता के खिलाफ अपनी आवाज उठाई है. उन्होंने सवाल किया कि क्या बंगाली भाषा में बात करना गुनाह है? क्यों रोका जाता है? क्यों टोका जाता है? सीएम ममता बनर्जी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब देशभर में भाषाओं को लेकर चर्चा तेज हो रही है. सीएम ममता बनर्जी ने अपने भाषण में कहा कि अगर बिहार की तरह बंगाल में भी बंगाली भाषा को दबाने की कोशिश हुई तो तृणमूल कांग्रेस उसका पुरजोर विरोध करेगी. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, "हम घेराव करेंगे, हम वोट नहीं कटने देंगे." उन्होंने बंगाल की सांस्कृतिक विरासत का भी उल्लेख किया. ममता बनर्जी ने बंगाल की सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा, "बंगाल की धरती ने रवींद्रनाथ टैगोर को जन्म दिया. यहीं से 'जन गण मन' और 'वंदे मातरम' जैसे राष्ट्रगीत निकले." उन्होंने यह भी कहा कि वे हिंदी, गुजराती, मराठी और सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान करती हैं, लेकिन यह स्वीकार्य नहीं कि बंगाली भाषा से नफरत की जाए या इसे बोलने से रोका जाए. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम में बंगाल की भूमिका को याद दिलाते हुए कहा, "आजादी की लड़ाई में बंगाली ने भाग लिया था. हमारी भाषा, हमारी पहचान है और इसे दबाने की कोई भी कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी." बता दें कि देश में भाषा को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है. महाराष्ट्र में मराठी भाषा को लेकर भावनाएं उबाल पर हैं.

### मौसम का मिजाज : झारखंड में फिर दिखेगा मानसून का कहर

# 24 से भारी बारिश, वज्रपात की चेतावनी

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में मानसून की रफ्तार भले ही कुछ दिनों के लिए धीमी पड़ी हो, लेकिन मौसम विभाग ने एक बार फिर चेतावनी जारी की है. रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 24 जुलाई से पूरे राज्य में भारी बारिश, वज्रपात और आंधी-तूफान की आशंका है. इसको देखते हुए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है.

राज्य के जिन जिलों में बहुत भारी बारिश होने की आशंका है. उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, देवघर, दुमका, गिरीडीह गोड्डा, जामताड़ा गोड्डा पाकुड़ और साहिबगंज शामिल हैं. वहीं विभाग की ओर से राजकीय दक्षिण-पश्चिमी और उत्तर पूर्वी जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश होने की आशंका जताई गई है. इसके अलावा इन इलाकों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी आशंका है. इसके अलावा 25 जुलाई को भी मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में बहुत भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है. इसे लेकर भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश रामगढ़ के डीवीसी में 64.5 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई. वहीं सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से बादल छाए रहे और उमस की स्थिति रही.



**24 जुलाई से मौसम में बड़ा बदलाव संभव :** मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव क्षेत्र सक्रिय हो रहा है, जो 24 जुलाई तक झारखंड के मौसम को पूरी तरह प्रभावित कर सकता है. इसके असर से पूरे राज्य में भारी से बहुत भारी बारिश के साथ तेज आंधी और वज्रपात की स्थिति बन सकती है.

**अब तक सामान्य से कहीं अधिक वर्षा :** राज्य में अब तक कुल 633 .2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि इस अवधि में सामान्य बारिश का औसत 391.8 मिमी है. यानी झारखंड में इस बार करीब 300% अधिक बारिश हो चुकी है. ऐसे में अगर बारिश फिर तेज हुई, तो जनजीवन प्रभावित होने की पूरी आशंका है.

▼ ब्रीफ खबरें

### सिंघेडीह में युवक की हत्या

**पथरगामा।** प्रखंड अंतर्गत गंगटाकला पंचायत के सिंघेडीह गांव में एक युवक की हत्या कर दी गई. यह घटना बीते रविवार देर रात की है, जब सीताराम पंडित (पिता महावीर पंडित) की लाश उनके घर के बाहर सुबह गाँव वालों ने देखी. सीताराम पंडित का परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा था. मृतक गाँव के विषहरी मंदिर के समीप अपने परिवार के साथ रहते थे. परिजनों के अनुसार, सीताराम पंडित की तीन बेटियाँ और एक बेटा है. देर रात किस वजह से और किसने इस वारदात को अंजाम दिया, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है. सुबह जब ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली, तो पूरे गाँव में सनसनी फैल गई. घटना की सूचना मिलते ही पथरगामा थाना की पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जाँच शुरू कर दी है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है. इस घटना के बाद गाँव में मातम पसरा हुआ है और लोग दहशत में हैं. मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**गांडेय (गिरिडीह)।** ताराटांड़ थाना क्षेत्र के गिरिडीह-टुंडी मुख्य मार्ग पर अहिल्यापुर मोड़ के पास एक अनियंत्रित बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे एक युवक की मौत हो गई. घटना के अनुसार करीब 40 वर्षीय हेमलाल सोरेन, जो ताराटांड़ थाना क्षेत्र के मंझलीटांड़ टोला के निवासी थे, अपनी बाइक पर सवार होकर अपने घर से मुख्य मार्ग की ओर जा रहे थे. अहिल्यापुर मोड़ के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने डिवाइडर से जा टकराई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए. ग्रामीणों और ताराटांड़ थाना पुलिस के सहयोग से घायल युवक को इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा गया, जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई.

### तीन लोगों पर मारपीट करने का आरोप

**चंद्रपुरा।** चंद्रपुरा डीवीसी कॉलोनी, क्वार्टर संख्या एफ/सी 7 के निवासी अभिषेक कुमार ने दुग्धा थाना क्षेत्र के रटारी निवासी सुमित महथा, अमित महथा और मुक्तेश्वर महथा पर मारपीट करने और जातिसूचक गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है. उन्होंने इस संबंध में अनुसूचित जाति/जनजाति थाना, बोकारो में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है.

### ए.के. रॉय की छठी पुण्यतिथि मनी

**दुग्धा।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन कार्यालय दुग्धा में भाकपा (माले) द्वारा मार्क्सवादी चिंतक ए.के. रॉय की छठी पुण्यतिथि मनाई गई. इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया. इस मौके पर मोहम्मद सईद, अंगेस कुमार सिंह, बसन्त कुमार केवट, मोहम्मद नौशाद आलम, डॉक्टर बिनोद कुमार ठाकुर, देवीलाल रविदास, सुरेश महतो, मोहम्मद आफताब खान, शंकर रजक, राजदेव दास, मोहम्मद अब्दुल सलाम, मोहम्मद सरफुद्दीन अंसारी, मोहम्मद कासिम अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे.

### महिला समिति का 'श्रावण समारोह' संपन्न

**डुमरी (गिरिडीह)।** बरनवाल युवा महिला समिति द्वारा रविवार शाम को सदन बरनवाल धर्मशाला में जिला अध्यक्ष दीपा बरनवाल के नेतृत्व में श्रावण समारोह का आयोजन किया गया. यह समारोह शाम करीब 7 बजे संपन्न हुआ, जिसमें बरनवाल समाज की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम में बरनवाल समिति की प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सुमन मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं. उनके साथ गिरिडीह से सरिता बरनवाल, धनबाद से पुष्पा बरनवाल, सरिया से सुमन मोदी और कई अन्य महिलाओं ने भी शिरकत की. इस समारोह के संबंध में बताया गया कि बरनवाल युवा महिला समिति प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में श्रावण समारोह का आयोजन करती है. समिति के सदस्यों ने बरनवाल समाज के विकास हेतु किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी और समाज की विभिन्न समस्याओं पर भी प्रकाश डाला. समारोह में महिलाओं ने नाटकीय रूप में शंकर-पार्वती व राधा-कृष्ण बनकर नृत्य प्रस्तुत किया और दर्शकों का मन मोह लिया. समारोह में सभी अतिथियों के साथ बरनवाल युवा महिला समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया.

# देवघर में दूसरी सोमवारी पर 14.43 लाख श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**शुभम संदेश। देवघर**

सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर देवघर के विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है. देवघर में भक्तों का तांता लगा हुआ है. हर-हर महादेव और बम बोल के जयघोष से शिवभक्त भगवान आशुतोष का अभिषेक कर रहे हैं. सावन के दसवें दिन, सुबह 04:07 बजे मंदिर का पट खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया. बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में शिवभक्तों की गूँज से पूरा रूट लाइन गुंजायमान है और कांवरिया कतारबद्ध होकर बाबा का जयघोष करते हुए जलार्पण के लिए लगातार आगे बढ़ रहे हैं. देश के हर कोने और विदेशों से भी भक्त भोलेनाथ को जलार्पण करने आ रहे हैं. जिला प्रशासन के अनुसार, 10 जुलाई से रविवार रात तक कुल 14 लाख 43 हजार 693 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया है.



**उपायुक्त ने रूट लाइन का निरीक्षण कर दिए निर्देश :** सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर जिला उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने संपूर्ण मेला क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले रूट लाइन का निरीक्षण किया. इसके अलावा, उपायुक्त ने नेहरू पार्क स्थित आईएमसीआर कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण कर मेला को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया. साथ ही, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को मेला के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए, ताकि श्रावणी मेला के दौरान चौबीसों घंटे कंट्रोल रूम एक्टिव मोड में कार्यरत रहे. निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त अधिकारियों, दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विनम्रता के साथ श्रद्धालुओं की सेवा करें, ताकि बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर से श्रद्धालु एक सुखद अनुभूति लेकर प्रस्थान करें. उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की टीम के साथ बरमसिया सरकार भवन से बीएड कॉलेज, तिवारी चौक, शिवराम झा चौक, बीएन झा पथ मोड़, शिवगंगा घाट, नेहरू पार्क, बाबा मंदिर और उनके आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर किए गए विभिन्न इंतजामों का जायजा लिया.

### बासुकिनाथ में 1.25 लाख से अधिक कांवरियों ने किया जलार्पण

**दुमका।** राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2025 की दूसरी सोमवारी पर बाबा बासुकिनाथ के फौजदारी दरबार में जलार्पण के लिए श्रद्धालुओं का महासैलाब उमड़ पड़ा. रविवार रात बारह बजे से ही जलार्पण के लिए कांवरियों की लंबी कतार कांवरिया रूट लाइन में लग चुकी थी. ऐसा प्रतीत हो रहा था कि व्यवस्था पर आस्था भारी पड़ रही हो. श्रावण मास की दूसरी सोमवारी को शाम 4:00 बजे तक 1,25,256 कांवरियों ने जलाभिषेक किया. इसमें 890 डाक बम भी शामिल थे. इस दिन मंदिर को शीघ्र दर्शनम से 12,20,100 रुपये गोलक से 1,74,350 रुपये और अन्य स्रोतों से 5,068 रुपये प्राप्त हुए, जिससे कुल राजस्व 13,97,518 रुपये रहा. सोमवार सुबह दो बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बाबा मंदिर सहित सभी मंदिरों के पट मंदिर प्रशासन द्वारा खोल दिए गए. गर्भगृह की साफ-सफाई के बाद कांचा जल पूजा संपन्न हुई. इस अवसर पर बाबा मंदिर में नगर निवासियों ने कांचा जल पूजा की, जिसके बाद सरकारी पूजा विधि-विधान से संपन्न हुई. फिर बाबा मंदिर में अर्घा लगाया गया. इसके उपरांत, दर्जनों पुलिसकर्मियों और दंडाधिकारियों की मौजूदगी में मंदिर परिसर का गेट श्रद्धालुओं के पूजा के लिए खोल दिया गया. सुबह तीन बजे से शाम छह बजे तक, आगंतुक श्रद्धालुओं ने आस्था, विश्वास और भक्ति के साथ गंगा जल बाबा को समर्पित किया. दूसरी सोमवारी को बासुकिनाथ के संपूर्ण मेला क्षेत्र में भक्तों की अपार भीड़ लगी हुई थी.

# बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न मसलों का समाधान समन्वय बनाकर करें: मुख्य सचिव

**खास बातें**

- स्थानीय लोगों की भावनाओं का भी रखा जाय ख्याल
- स्थानीय समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर करें

**शुभम संदेश। बोकारो**



मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सोमवार को बोकारो स्टील प्लांट को विभिन्न मसलों का समाधान समन्वय बनाकर करने और इसके लिए लगातार पारदर्शी संवाद कायम करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में स्थानीय लोगों की भावनाओं का भी ख्याल रखा जाना चाहिए. मुख्य सचिव तिवारी सेल के चेयरमैन और उनकी टीम, संबंधित विभागों के सचिव और बोकारो जिला प्रशासन के साथ बोकारो स्टील सिटी के विविध मसलों पर आहूत बैठक में बोल रही थीं. उन्होंने कहा कि स्टील पॉलिसी के तहत सेल की विभिन्न इकाइयों में कई विकासात्मक कार्य हो रहे हैं. हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि बोकारो के लोग यह महसूस न करें कि वे इसमें पीछे छूट रहे हैं. इसके लिए जरूरी है कि हम स्थानीय निवासियों की भावनाओं को समझें, उनके मनोविज्ञान को पढ़ें और मानवीय आधार पर सकारात्मक ढंग से आगे बढ़ें. उन्होंने कहा कि सेल जिन युवाओं को विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित करता है, उन्हें रोजगार के अवसर मुहैया कराने पर भी ध्यान केंद्रित करे. साथ ही, स्थानीय समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर समन्वय बनाकर करने को कहा.

**नौ पंचायतों के पुनर्गठन का प्रस्ताव और विस्थापितों का मसला :** बैठक के दौरान विस्थापितों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई. इस मसले का हल समन्वित प्रयास से करने का निर्णय लिया गया. इसके लिए जवाबदेही के साथ आपसी विश्वास और सौहार्द विकसित करने पर बल दिया गया. मुख्य सचिव ने इसके लिए सक्षम समन्वित योजना और समयबद्ध समाधान की दिशा में आगे बढ़ने का निर्देश दिया. पुनर्वास से वंचित 20 गांवों के पुनर्गठन पर भी चर्चा हुई. इस मामले में बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा का कहना था कि जिला पंचायती राज विभाग ने चास ब्लॉक के 9 पंचायतों के पुनर्गठन का प्रस्ताव दिया है, ताकि वहां के निवासियों के कुछ मूलभूत अधिकार कायम हो सकें, लेकिन सेल इसके लिए तैयार नहीं हो रहा है. सेल के चेयरमैन अमरेंद्र प्रकाश ने कहा कि उनकी मंशा किसी को उजाड़ने की नहीं है. उन्होंने प्रस्ताव दिया कि बोकारो स्टील सिटी का भविष्य में जिस अधिग्रहित जमीन पर विस्तार की कोई गुंजाइश नहीं है, उस जमीन पर प्रशासन सरकारी मकान बनाकर लोगों को बसाए. मुख्य सचिव ने बोकारो के उपायुक्त को इस पर आगे बढ़ने का निर्देश दिया.

**756.94 एकड़ अप्रयुक्त वन भूमि के सीमांकन का निर्देश :** बैठक के दौरान बोकारो स्टील सिटी द्वारा अप्रयुक्त 756.94 एकड़ वन भूमि को वन विभाग को लौटाने को लेकर भी चर्चा हुई. सेल उक्त भूमि को लौटाने की सहमति दे चुका है, लेकिन अभी तक इसका क्रियान्वयन नहीं हुआ है. मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि सेल और वन विभाग पहले एक समन्वित टीम बनाकर उक्त जमीन का नक्शा बनाएँ, ताकि यह स्पष्ट हो जाए कि लौटाने वाली जमीन की सीमा क्या है. वन सचिव अबू बक्कर सिद्दीक ने प्रस्ताव दिया कि सीमांकन के बाद वन विभाग उसकी पिलरिंग कराने के लिए तैयार है, बशर्ते सेल उसके खर्च का भुगतान करे. सेल चेयरमैन ने पैसा देने की सहमति दी. वहीं, अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में सामने आ रही समस्या का समाधान राजस्व सचिव के साथ समन्वय से करने का निर्देश दिया गया. मुख्य सचिव ने गरगा डैम की मरम्मत और वहाँ की खाली जमीन पर पर्यटन विकास का भी निर्देश दिया.

**बोकारो स्टील सिटी को टॉप टेन में लाने का लक्ष्य :** उल्लेखनीय है कि सेल की इकाइयाँ 13 शहरों में हैं, जिनमें से तीन शहर टॉप टेन में हैं. मुख्य सचिव अलका तिवारी ने व्यवस्थित ढंग से बसे बोकारो स्टील सिटी को भी टॉप टेन में लाने का प्रयास करने को कहा. बोकारो उपायुक्त ने बैठक में इसे टॉप वन सिटी बनाने का खाका प्रस्तुत किया. सेल के चेयरमैन ने इसमें पूरा सहयोग देने की बात कही. उन्होंने कहा कि बोकारो में अतिक्रमण एक बड़ा मसला है. 1932 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण है, इसी कारण समस्या है. उन्होंने कहा कि बोकारो को व्यवस्थित करने के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है. 20 हज़ार करोड़ से प्रस्तावित बोकारो स्टील सिटी के विस्तारीकरण के साथ आर्थिक गतिविधियाँ भी बढ़ेंगी. सेल में एक व्यक्ति को नौकरी मिलेगी, तो सात स्थानीय/बाहरी लोगों को भी रोजगार मिलेगा. इसके अतिरिक्त, अन्य मसलों पर भी विस्तार से चर्चा हुई और उनके क्रियान्वयन के फैसले लिए गए.

न्यूज अपडेट

### झपट्टा मार गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार




**जमुआ (शुभम संदेश)।** जमुआ चौक पर खरीदारी कर रहे एक युवक से दिनदहाड़े 2,000 नकद और ओप्पो कंपनी का मोबाइल झपटकर भाग रहे दो अपराधियों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से जमुआ पुलिस ने प्रखंड मुख्यालय गेट पर धर दबोचा. पुलिस ने झपट्टा मार अपराधियों से 7,400 नकद भी बरामद किए. इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने एक टीम का गठन किया. हीरोडीह निवासी पवन कुमार साहू (पिता किंगशोरी साहू) द्वारा दिए गए आवेदन पर अपराधियों से कड़ी पूछताछ की गई. गठित टीम में शामिल पुलिसकर्मियों ने पूछताछ के आधार पर अन्य लोगों से छीने गए 5 मोबाइल और एक हीरो कंपनी की बाइक जेएच11एयू 7824 भी बरामद की. गिरोह में शामिल गंगा कुमार (पिता मनोज विश्वकर्मा) और विष्णु विश्वकर्मा (पिता महेश विश्वकर्मा), दोनों नावाडीह थाना क्षेत्र के सुरही निवासी हैं, को जमुआ पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया. इसकी जानकारी एसडीपीओ खोरीमहुआ ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी. गठित टीम में जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार, पुलिस पदाधिकारी सुमित कुमार सिंह, वेदप्रकाश पांडेय और अन्य पुलिस बल शामिल थे.

### हत्या के मामले में 7 को आजीवन कारावास

**बोकारो (शुभम संदेश)।** हत्या के एक मामले में सोमवार को बोकारो अपर सत्र न्यायालय ने सात अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जिसमें एक पुलिसकर्मी भी शामिल है. बोकारो के अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश दीपक बरनवाल ने सुखवंत सिंह, राहुल कुमार, चरण दास महतो, मंतोष रंजन, रितेश कुमार, अभय कुमार और लालू महतो को षड्यंत्र के तहत हत्या के अपराध में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 25-25 हजार रुपया का जुर्माना लगाया है. इसमें अन्य सुसंगत धाराएं भी शामिल हैं. यह मामला 24 मई 2023 का है. पिंडराजोरा थाना अंतर्गत मौजा नारायणपुर में सुरेश मुर्मू और उनके परिवार द्वारा अपनी जमीन पर चारदीवारी का निर्माण कार्य कराया जा रहा था. इसे रोकने के क्रम में सभी अभियुक्तों ने उन पर लाठी-डंडों से वार कर दिया. इस हमले में सुरेश मुर्मू और उनके परिजन घायल हो गए थे और इलाज के दौरान सुरेश मुर्मू की मौत हो गई थी. इसी मामले में सोमवार को यह सजा सुनाई गई है. अभियुक्त सुखवंत सिंह नामक व्यक्ति बोकारो के पुलिस विभाग में कार्यरत पुलिसकर्मी है.

### साइकिल सीधे विद्यालय तक पहुंचाए एजेंसी : कुमार

**जमुआ (शुभम संदेश)।** जमुआ स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र में शिक्षक प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राजेश कुमार ने की. बैठक में यह निर्णय लिया गया कि छात्र-छात्राओं के लिए कल्याण विभाग द्वारा आवंटित साइकिल सीधे विद्यालय तक पहुँचाने की व्यवस्था की जाए. शिक्षकों के लिए क्लस्टर पॉइंट से साइकिल ले जाना और छात्रों के बीच वितरित करना एक कठिन कार्य है. कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि साइकिल आवंटन की सूचना वे व्हाट्सएप ग्रुप में दे देंगे. एजेंसी को साइकिल सीधे विद्यालय तक पहुंचानी होगी. उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने भी एजेंसियों को सख्त निर्देश दिया है कि वे साइकिल विद्यालय तक पहुँचाएं. बैठक में शिक्षक विनोद राम गुप्ता, संदीप कुमार महतो, सुशील कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार सिंह, मनोज कुमार, अरविंद कुमार समेत कई शिक्षक उपस्थित थे.

### साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार



**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** नगर थाना पुलिस ने साइबर ठगी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है. अनुमंडल कार्यालय स्थित अपने कार्यालय में सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने बताया कि 29 मई को जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के छोटा पचगढ़ निवासी सुरेश रामानी का मोबाइल नगर थाना अंतर्गत गांधी चौक से गुम हो गया था. वादी ने गुम हुए मोबाइल नंबर को पुनः चालू कराया और जब अपना फोन पे नंबर बनाया तो उन्हें जानकारी हुई कि उनके फोन पे खाते से करीब 60,000 रुपया की अवैध निकासी हो गई है. साथ ही, उन्हें उनके खाते से एक लोन की ईएमआई के बकाया होने की जानकारी भी मिली. वादी ने इस संबंध में 4 जुलाई को नगर थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर थाना कांड संख्या 90/25 दर्ज कर पुलिस मामले के उद्भेदन (खुलासे) में जुट गई. एसपी ने सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया. कांड के अनुसंधान, गुप्त सूचना और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर, छापामारी टीम ने साहिबगंज रेलवे स्टेशन परिसर से आरोपी प्रताप महतो (38) को गिरफ्तार कर लिया. प्रताप महतो तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत महाराजपुर के नया टोला का रहने वाला है. उसकी निशानदेही पर वादी का गुम हुआ मोबाइल फोन और लोन लेने में प्रयुक्त मोबाइल नंबर व मोबाइल फोन बरामद किया गया है. आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है. उसके ऊपर तालझारी थाना में कांड संख्या 56/21 दर्ज है. छापामारी दल में नगर थाना इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता, पु.अ.नि. प्रवीण कुमार प्रभाकर, अनीश पांडे, बरहेट थाना पु.अ.नि. विजय रामानी, और तालझारी थाना पु.अ.नि. अनिल कुमार शामिल थे.

# बिल्डर से डकैती मामले में बिहार से 'छोटू पाठक' गिरफ्तार

- डकैती में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी

**शुभम संदेश। रांची/बोकारो**

रांची के बिल्डर और जमीन कारोबारी अभय सिंह से अलकुशा मोड़ पर हुई 65 लाख की डकैती के मामले में एसआईटी ने बिहार के लखीसराय से छोटू पाठक नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है. डकैती में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और 65 लाख की बरामदगी के लिए बिहार, बंगाल और झारखंड के कई ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है. इधर, चास मुख्यालय पुलिस ने अभय सिंह की लिखित शिकायत पर कांड संख्या 101/25 के अंतर्गत बीएनएस की धारा 309(4) समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है.

### जमीन के नाम पर रची गई साजिश

बिल्डर अभय सिंह के अनुसार, उन्हें धनबाद में जमीन चाहिए थी. इस संबंध में उन्होंने किशनगंज के अपने मित्र जय सिंह के जरिए मोतिहारी निवासी छोटू पाठक से संपर्क किया, जिन्होंने धनबाद में छह एकड़ जमीन दिलाने की बात कही थी. 18 जुलाई को छोटू पाठक के कहने पर अभय सिंह अपने वाहन (यूपी37ए3333) से रांची के मित्र बबलू तिवारी, सचिन सिंह और मनिंदर कुमार के साथ धनबाद के गोविंदपुर स्थित खालसा होटल पहुंचे. वहां उन्होंने छोटू पाठक से संपर्क किया. पंद्रह मिनट बाद काले रंग की वैन्यू कार (डब्लूबी08के1415) आई, जिसका चालक जेके था. जेके ने निरसा, मुग्मा में छह एकड़ जमीन दिखाकर एग्रीमेंट के लिए एक करोड़ रुपये मांगे. कैश न होने के कारण अभय सिंह ने यस बैंक के अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने को कहा. उन्होंने अपने मित्र के जरिए 65 लाख आरटीजीएस कराए.

प्राथमिकी के अनुसार, घटना में गिरफ्तार आरोपी के अलावा अब छह वर्दीधारी सहित नौ अन्य लोगों की तलाश है.

**डकैती का पूरा घटनाक्रम :** इसके बाद, जेके कैश लेने के लिए कुमारडुबी गया और वहां से 65 लाख कैश लिए, लेकिन उसने एग्रीमेंट का कोई कागजात नहीं दिया. विरोध करने पर, जेके और अमित ने धमकी दी कि वे रुपये समेत अभय सिंह को रांची छोड़ देंगे. छोटू पाठक के इशारे पर जेके और अमित अपनी कार में बैठकर घटनास्थल तक पहुँचे. वहाँ एक स्कॉर्पियो पर सवार छह वर्दीधारी आरोपियों ने उनकी कार रोककर रुपयों के संबंध में पूछताछ शुरू कर दी. जब अभय सिंह ने उनसे पुलिस आईडी मांगी, तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी. अभय सिंह ने कार से बाहर निकल कर शोर मचाया तो ग्रामीणों ने उक्त कार को घेरने का प्रयास किया. इसी का फायदा उठाकर सभी आरोपी पूपुनकी की ओर चारपहिया वाहन से रुपये लेकर फरार हो गए.

**परिजनों की चिंता :** 18 जुलाई को डकैती की घटना के बाद से पुलिस अभय सिंह को साथ लेकर छापेमारी कर रही है. इस बीच, अभय सिंह और उनके साथ आए तीनों दोस्तों का अपने परिवार से संपर्क टूटा हुआ है, जिससे बिल्डर समेत उनके दोस्तों के परिजन काफी सशंकित और परेशान हैं.

### युवा कांग्रेस ने मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन

**डुमरी (शुभम संदेश)।** युवा कांग्रेस ने किसान भवन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का 83वां जन्मदिन मनाया. इस दौरान उपस्थित कांग्रेसियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चित्र के समक्ष केक काटकर जन्मदिन मनाया और उनके कुशल स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की. इस अवसर पर युवा कांग्रेस के जिला महासचिव गुड्डु मलिक, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर मंडल, प्रखंड उपाध्यक्ष भुवनेश्वर दास, प्रखंड सचिव युसूफ अंसारी, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष खुर्शीद अंसारी, कांग्रेस महासचिव फूलमानी देवी, छोटू शर्मा, दीपक जैन, मंटू कुमार, राजेश महतो, नारायण कमार, गणेश कुमार, टिंकू कुमार, विजय कुमार, सिद्धू कमार, पार्वती देवी, टाइगर कमार, रामेश्वर कुमार, सूरज कुमार, इतवारी कमार, धर्मेंद्र साव आदि उपस्थित हुए.

# उपायुक्त ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**शुभम संदेश। गिरिडीह**



उपायुक्त रामनिवास यादव सोमवार को जमुआ स्थित आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय चरघरा का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, भोजन, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा का गहन मुआयना किया और संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उपायुक्त ने विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों से विस्तार से बातचीत की. उन्होंने विद्यालय में छात्राओं की संख्या, पानी, बिजली, सीसीटीवी कैमरे, छात्रावास और शिक्षकों की संख्या सहित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी ली. इसके अतिरिक्त, उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा का भी व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण किया. उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने और अन्य संबंधित बिंदुओं पर निर्देश दिए.

**बच्चों से संवाद और उज्ज्वल भविष्य पर जोर :** निरीक्षण के दौरान, उपायुक्त ने छात्राओं से बात की और उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली. उन्होंने पढ़ने की गुणवत्ता की जाँच करने के लिए छात्राओं से उनके कोर्स से संबंधित प्रश्न पूछे, जिससे उनकी बौद्धिक क्षमता का आकलन किया जा सके. उन्होंने विद्यालय के कार्यालय में उपस्थिति पंजी, सामग्री पंजी और शिक्षक डीटीपी (डेस्कटॉप पब्लिशिंग) सहित अन्य रजिस्टरों की भी जाँच की. साथ ही, उन्होंने विद्यालय में पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कक्षाएं, स्मार्ट क्लास, साइंस लैब, पुस्तकालय और अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया. उपायुक्त ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास किए जाने चाहिए. उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी पठन-पाठन की जानकारी प्राप्त की और कहा कि विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक सफलता के साथ-साथ उनका समग्र विकास सुनिश्चित कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करना उनका मुख्य उद्देश्य है. इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ अनिमेष रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

### क्षतिग्रस्त विद्यालय भवन का एसडीओ ने किया निरीक्षण

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खखंडा में हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण विद्यालय भवन का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था. इस मामले में, उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देशानुसार, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ ने सोमवार को विद्यालय स्थल का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की समीक्षा की. इस दौरान गोमिया बीडीओ महादेव महतो समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे. निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि भवन का एक कमरा क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर खतरा उत्पन्न हो सकता है. इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि उस कक्ष का उपयोग तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए और कक्षाओं को अन्य सुरक्षित कमरों में संचालित किया जाए. इसके अतिरिक्त, क्षतिग्रस्त हिस्से की अस्थायी मरम्मत हेतु मिट्टी एवं बोल्डर डालकर सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश भी संबंधित विभाग को दिया गया है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अन्य दुर्घटना से बचा जा सके.

# बीसीसीएल को डीसी का कड़ा निर्देश
# जमीन की सीधी खरीदारी पर लगे रोक




शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद । उपायुक्त आदित्य रंजन ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को रैयतों से जमीन की सीधी खरीदारी तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्देश दिया है. सोमवार को बीसीसीएल अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक में उपायुक्त ने यह सख्त रुख अपनाया. बैठक के दौरान बीसीसीएल अधिकारियों ने सफाई दी कि प्रतिबंधित सूची में शामिल जमीन के लिए जिला प्रशासन से अनुमति लेना आवश्यक होता है, लेकिन रैयती जमीन की खरीदारी सीधे की जा सकती है. इस पर उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि बीसीसीएल खनन कार्य के लिए जमीन का अधिग्रहण करता है, इसलिए किसी भी प्रकार की जमीन का अधिग्रहण बिना जिला प्रशासन की अनुमति के नहीं किया जाएगा. उपायुक्त ने मौखिक रूप से बीसीसीएल को जमीन खरीदारी तुरंत रोकने का आदेश दिया. सूत्रों के अनुसार, इस संबंध में जल्द ही लिखित आदेश भी जारी किया जाएगा. यह कदम जिला प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है

### एक समान मुआवजा नीति बने

**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने आज भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के साथ भूमि से संबंधित विभिन्न मामलों पर बैठक आयोजित कर कोयला खनन, लीज बंदोबस्ती, भु-अर्जन आदि मामलों पर विस्तृत चर्चा की. इस दौरान उपायुक्त ने बीसीसीएल को उनके सभी क्षेत्रों के लिए बिंदुवार एक समान मुआवजा नीति तैयार करने तथा रैयतों के लिए न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने कहा कि एक समान मुआवजा नीति से रैयतों को जानकारी होगी कि उन्हें भूमि के क्या-क्या कागजात देने हैं और भूमि के बदले उन्हें क्या मिलेगा. इससे भू-अर्जन में पारदर्शिता आएगी. रैयतों को उनका अधिकार मिलेगा. बैठक में भू-अर्जन से अर्जित भूमि का म्यूटेशन, रजिस्टर 2 में अपडेशन सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई. बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खालको, आईटी मैनेजर रूपेश कुमार मिश्रा, बीसीसीएल के महाप्रबंधक (भू-सम्पदा), सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड मुगमा के महाप्रबंधक, सभी अंचल के अंचल अधिकारी व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

## उपायुक्त ने कर्मियों के बीच किया स्वास्थ्य कार्ड का वितरण



**धनबाद ।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने सोमवार को राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत समाहरणालय के कर्मियों को समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया. इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत विभिन्न विभागों में कार्य कर रहे राज्य कर्मियों, सेवानिवृत कर्मीयों एवं उनके आश्रितों को इस योजना के तहत आच्छादित अस्पतालों में 5 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. वहीं गंभीर बीमारी की स्थिति में 10 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराई जाएगी. इसी के तहत राज्य कर्मियों द्वारा ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से आवेदन किया गया था. जिसके फलस्वरुप धनबाद जिले में विभिन्न विभागों के लिए 30537 स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराया गया है.मौके पर प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद मौजूद थे.

# नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

शुभम संदेश। धनबाद



नगर निगम ने सिटी सेंटर से सीडी सिंह कॉलोनी तक अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया, जिसमें सार्वजनिक मार्गों, फुटपाथों, और नाली क्षेत्रों पर अवैध कब्जों को हटाया गया. यह अभियान शहरी व्यवस्था के सुचारु संचालन, नागरिकों की सुगम आवाजाही, और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किया गया. अभियान के दौरान नगर प्रबंधक, सहायक नगर आयुक्त, स्वच्छता निरीक्षक, अतिक्रमण दल, पुलिस बल, और दंडाधिकारी की उपस्थिति में कार्रवाई की गई. टीम ने पूर्व में सार्वजनिक सूचना प्रसारित कर अतिक्रमणकारियों को अंतिम चेतावनी दी थी. इसके पश्चात, अनधिकृत ढांचों को नियमानुसार हटाया गया. नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि झारखंड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धाराओं 302, 420, 534 आदि के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग, फुटपाथ, या निगम संपत्ति पर अनधिकृत कब्जा नहीं कर सकता. प्रावधानों के अनुसार, पुनः अतिक्रमण करने पर विधिसम्मत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. नगर आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे नगर निगम के सहयोगी बनें और स्वच्छ, सुरक्षित, एवं व्यवस्थित शहर के निर्माण में भागीदारी करें. साथ ही, सार्वजनिक संपत्ति की गरिमा बनाए रखें. निगम भविष्य में अन्य प्रमुख क्षेत्रों में भी नियमित रूप से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाएगा. सभी व्यवसायियों, दुकानदारों, और निवासियों से आग्रह है कि वे स्वयं अतिक्रमण हटाएं और कानून का पालन करें. उल्लंघन की स्थिति में नगर निगम को कठोर विधिक कार्रवाई के लिए बाध्य होना पड़ेगा.

## उपायुक्त ने की राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा

शुभम संदेश। धनबाद

उपायुक्त आदित्य रंजन ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगामी 1 अगस्त 2025 को आईआईटी आईएसएम में निर्धारित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की.

इस क्रम में उन्होंने राष्ट्रपति के आईआईटी आईएसएम में आगमन, स्वागत, विश्राम कक्ष, ग्रीन रूम, ग्रीन रूम से कार्यक्रम स्थल तक रूट लाइन, डायस प्लान, राष्ट्रपति का स्वागत, आमंत्रण पत्र, प्रॉक्सिमिटी पास, मजिस्ट्रेट व पुलिस ड्यूटी पास, फोटोग्राफी सेशन सहित राष्ट्रपति के मिनट - टू - मिनट कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की.

उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रपति के विश्राम कक्ष से कार्यक्रम स्थल तक का रास्ता बिल्कुल क्लियर रहना चाहिए. प्रवेश द्वार के अनुसार सभी के लिए अलग-अलग रंग के पहचान पत्र होने चाहिए.

बैठक के दौरान उपायुक्त ने धनबाद एयरपोर्ट तथा बिरसा मुंडा स्टेडियम में हेलीकॉप्टर लेंडिंग, ड्रोप गेट, पुलिस व मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति, आईआईटी आईएसएम तक रूट लाइन को लेकर धनबाद नगर निगम, जिला परिवहन पदाधिकारी, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, पथ निर्माण विभाग, वन विभाग तथा भवन प्रमंडल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, आईआईटी आईएसएम के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडेय, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, डीएसपी सुमित कुमार, शंकर कामती, अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे.

# दस डेसिमल से कम जमीन के म्यूटेशन में नहीं करें विलंब : डीसी

## जमीन मापी के लिए प्रतिनियुक्ति होंगे अतिरिक्त अमीन

शुभम संदेश। धनबाद



धनबाद । दस डेसिमल से कम जमीन वाले रैयतों का म्यूटेशन (दाखिल खारिज) करने में किसी भी अंचल में विलंब नहीं होना चाहिए. छोटे-छोटे भूखंड के स्वामी उनकी जमीन का म्यूटेशन नहीं होने से परेशान होते हैं. प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को समाहरणालय में आयोजित जनता दरबार में ऐसे कई मामले प्रकाश में आते हैं. उपरोक्त निर्देश उपायुक्त आदित्य रंजन ने सोमवार को राजस्व संबंधी मामलों की समीक्षा के दौरान सभी अंचल के अंचल अधिकारियों को दिया. वहीं जमीन मापी संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन करने के लिए उपायुक्त ने अतिरिक्त अमीनों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया. साथ ही उपायुक्त ने सरकारी विद्यालय सहित अन्य सभी सरकारी संपत्ति, जिसमें बाउंड्री वॉल नहीं है, या क्षतिग्रस्त है, का सीमांकन करके बाउंड्री वॉल बनाने का निर्देश दिया. बैठक के दौरान उपायुक्त ने एगारकुंड, कलियासोल, गोविंदपुर, झरिया, टुंडी, तोपचांची, धनबाद, निरसा, पुटकी, पूर्वी टुंडी, बलियापुर एवं बाघमारा अंचल में लंबित म्यूटेशन के मामले, जमीन सीमांकन, ई-रिवेन्यू कोर्ट(आरसीएमएस), परिशोधन पोर्टल की समीक्षा की. उपायुक्त ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, नॉलेज पार्क, टेक्निकल यूनिवर्सिटी, अंतर राज्य बस टर्मिनल, केंद्रीय कारा निर्माण इत्यादि के लिए भूमि चिह्नित कर शीघ्र संबंधित विभाग को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया. बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खालको, आईटी मैनेजर रुपेश कुमार मिश्रा के अलावा सभी अंचल के अंचल अधिकारी मौजूद थे.

## सीएसआईआर में मनेगा 'एक दिन एक वैज्ञानिक' सप्ताह

**धनबाद (शुभम संदेश)।** प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) अपनी सभी प्रयोगशालाओं में 21-25 जुलाई 2025 के सप्ताह को ₹एक दिन एक वैज्ञानिक के रूप में₹ सप्ताह के रूप में मना रही है. इस राष्ट्रव्यापी पहल के अंतर्गत, सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीआईएमएफआर), धनबाद ने 21 जुलाई 2025 को ₹एक दिन एक वैज्ञानिक के रूप में₹ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया.इस कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1, धनबाद और डीएवी, रांची के 43 छात्रों और 4 शिक्षकों ने भाग लिया. प्रतिभागियों ने निर्देशित प्रयोगशाला भ्रमण और वैज्ञानिक प्रदर्शनों सहित कई शैक्षिक और संवादात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया, जिनका उद्देश्य स्कूली छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और तार्किक सोच को बढ़ावा देना था.सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के निदेशक प्रो. ए.के. मिश्रा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए युवाओं को विज्ञान और अनुसंधान में करियर के लिए प्रेरित किया.

## बरवाअड्डा पुलिस ने चोरी के गिरोह का किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



शुभम संदेश। धनबाद

बरवाअड्डा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक चोरी के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो संदिग्ध अपराधियों, मुमताज अंसारी और मुस्ताक अंसारी, दोनों उम्र करीब 19 वर्ष, को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई 20 जुलाई 2025 की रात को संभारी चौक पर की गई, जहां पुलिस ने एंटी-क्राइम चेकिंग के दौरान दोनों को मोटरसाइकिल सहित पकड़ा. थाना प्रभारी रजनी कान्त के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने दोनों के कब्जे से एक लाल रंग की होण्डा एसपी 125 मोटरसाइकिल (जे एच 10सी ई 7047), दो मोबाइल फोन, एक बैटरी, एक काला बैग जिसमें चोरी के औजार (दो पलाश, सलाई रेंच, संडसी, कांटी उखाड़ने वाला स्टील का औजार, पेचकश), एक सैमसंग एलईडी टीवी, एक तोशिबा एलईडी टीवी और सोने-चांदी जैसे ज्वेलरी बरामद किए.पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर एक गिरोह बनाकर बंद घरों और दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे. उन्होंने धनबाद और अन्य क्षेत्रों में कई चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की. उनकी निशानदेही पर पुलिस ने पूर्व में चोरी किए गए ज्वेलरी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए. छापामारी दल में थाना प्रभारी रजनी कान्त, भूली ओपी प्रभारी अभिनव कुमार, अनुसंधानकर्ता रॉबिन्सन मुण्डरी, अजय महतो, विजय कुजुर और बरवाअड्डा थाना रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल शामिल थे। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ बरवाअड्डा थाना में कांड संख्या 179/2025, धारा 112(2)/317(4)/3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है. पुलिस अन्य सहयोगियों की तलाश में जुट गई है.

# आसनसोल

# बाबा सिद्धेश्वरी मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

## दूसरी सोमवारी पर विधायक ने कैंप लगाकर की श्रद्धालुओं की सेवा



शुभम संदेश। बराकर

श्रावण महीने की दूसरी सोमवारी को बराकर सिद्धेश्वरी मंदिर में हज़ारों की तादाद में शिव भक्तों ने बोल बम के नारों के साथ किया भगवान शंकर का जलाभिषेक. दूसरी सोमवारी को पुरुष भक्तों की तुलना में महिला भक्तों की भीड़ ज्यादा रही. बैगुनिया सिद्धेश्वरी मंदिर से लेकर डिशेरगढ़ घाट तक जल चढ़ाने वाले भक्तों की सेवा के लिए दर्जनों सेवा शिविर लगाए गए थे. रविवार की रात्रि से ही बाबा को जल चढ़ाने के लिए कुल्टी बराकर झारखंड के चिरकुंडा, कुमारधुबी, मुग्मा निरसा, कालू बथान से शिवभक्त सड़क मार्ग से रेल मार्ग से बराकर बैगुनिया मोड पहुंचें, जहां सभी डिशेरगढ़ नदी में स्नान किया. जल लेकर बराकर बैगुनिया स्थित बाबा सिद्धेश्वरी नाथ मंदिर सात किलोमीटर पैदल चलकर बाबा को जल अर्पित किया. सेवादारों ने बताया कि रात्रि तीन बजे से ही कांवरियां भक्त मंदिर पहुंचना प्रारंभ कर दिए. मंदिर परिसर और आसपास बोल बम सेवा समिति, आरएसएस, बजरंग दल, वीएचपी के सदस्यों द्वारा कांवरियों को सुचारु रूप से जल अर्पित करने उन्हें सहायता पहुंचाने के लिए रात भर ड्यूटी पर डटे रहे. इस दौरान बराकर , बैगुनिया, हनुमान चढ़ाई, चेकपोस्ट, झाल बागान में भक्तों की सेवा के लिए शिव भक्त द्वारा नाना प्रकार व्यंजन निर्मल जल, शरबत, पायस, खीर, दूध, कैंप का आयोजन देखा गया, झालबगान में बाबा के भक्तों के लिए कुल्टी ब्लॉक भाजपा की ओर से भक्तों की सेवा प्रदान की गई. भाजपा कुल्टी के विधायक डाक्टर अजय पोद्दार द्वारा भक्तों के लिए शरबत, जल के पात्र, बाबा के लॉकेट, पूजा के लिए पुष्प सामग्री का वितरण किया गया. भाजपा मंडल अध्यक्ष संजू घोष, मनमोहन राय, अमर प्रसाद, पार्थो मंडल, आनंद कुंभकार, राजू यादव, आशीष पातर , मामोनी मुर्मु, निशा चौहान आदि सेवा में लगे रहे.

### रानीशर शिव जोड़ा मंदिर में जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

**रानीगंज।** रानीगंज की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की तरफ से कांवरियों के लिए विभिन्न मार्गों पर जलपान की व्यवस्था की गई. शिशु बगान मोड में समाजसेवियों की ओर से सेवा शिविर लगाया गया. शिवभक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी. रानीगंज थाना प्रभारी विकास दत भी कांवरियों की सेवा में लगे हुए थे. संस्था की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया. व्यवस्था में पुलिस अधिकारी व जवान भी सक्रिय रहे. समाजसेवी उत्तम भगत, आयोजक तरुण बर्मन ने बतलाया कि भक्तों की सेवा के लिए शिव भक्त द्वारा नाना प्रकार व्यंजन निर्मल जल, शरबत, पायस, खीर, दूध, कैंप का आयोजन किया गया था.

## बजरंगियों ने गो माता का कराया उपचार



**बराकर (शुभम संदेश)।** बराकर बैगुनिया सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के सामने एक चार चक्का वाहन की टक्कर से गौ माता घायल हो गई. इस दौरान वाहन चालक घटना स्थल से हुआ फरार हो गया. घटना के दौरान गौ माता के पैर के खूर में चोट आई, जिसमें से रक्त का स्राव हो रहा था. घटना की जानकारी मिलते ही बीएचपी, बजरंग दल के कार्यकर्ता जय प्रकाश चंद्रवंशी ने मौके पर स्थिति की जानकारी लेने के साथ सदस्यों ने पशु चिकित्सक को लेकर गौ माता का उपचार करवाया. इस दौरान साथी सदस्यों ने गौ माता को चारों तरफ से पकड़ कर चिकित्सक की सहायता कर उपचार में योगदान प्रदान किया. चिकित्सा के कुछ देर बाद ही गौ माता खड़ी हो गई. लोगों ने इस सेवा भाव की सराहना की.

## टीएमसी की शहीद रैली में बराकर में कार्यकर्ताओं का हुजूम




शुभम संदेश। बराकर

तृणमूल कांग्रेस द्वारा आयोजित 21 जुलाई शहीद स्मरण सभा धर्मतल्ला चलो अभियान को सफल बनाने के लिए सोमवार को बराकर स्टेशन पर तृणमूल कार्यकर्ताओं का जनसमूह उमड़ पड़ा. बराकर, कुल्टी, सीतारामपुर, सकतोडिया, परवलिया क्षेत्र के सैकड़ों पार्टी नेता कार्यकर्ता कोलकाता के लिए रवाना हुए. इस क्रम में वार्ड 69 के पार्षद सुशांत मंडल वार्ड 67 की टूमपा चौधरी,पूर्व पार्षद सजल घोष, पप्पु सिंह, अपराजित बनर्जी, दीनानाथ दास, साधन पाल, सुब्रतो भादुड़ी, सोनू,मुन्ना बारीक,सहित बड़ी संख्या में तृणमूल के समर्थक शामिल रहे. बता दें कि पार्टी के आह्वान पर विगत 33 वर्ष से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 1993 में बाम मोर्चा की सरकार के शासन में राज्य वोटर आईडी के साथ वोट कराने की मांग पर राइटर्स बिल्डिंग का घेराव किया था. ममता बनर्जी जब युवा कांग्रेस की अध्यक्ष रही थी. इस आंदोलन में पुलिस की गोली से 13 पार्टी समर्थक की मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद से ही ममता बनर्जी ने 21 जुलाई को शहीद सभा का आयोजन करती आई है.

# काशीपुर विधानसभा सीट पर 2026 के चुनाव से पहले तनाव!

## लाल स्याही से लिखे पोस्टर ने बढ़ायी राजनीतिक गर्मी



शुभम संदेश। पुरुलिया

काशीपुर थाना क्षेत्र के सोनाथली ग्राम पंचायत के कुलतोड़ा इलाके में सोमवार की सुबह लाल स्याही से लिखा एक पोस्टर बरामद हुआ है. इस पोस्टर में लिखा है कि जनता 2026 में शांति प्रिय सोरेन को काशीपुर विधानसभा का तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार देखना चाहती है. उन्हें चुनाव में जीत दिलाई जाएगी. किसी और को उम्मीदवार के रूप में नहीं देखना चाहती. इस पोस्ट के प्रकाशित होने से राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई है. राजनीतिक गलियारों में कई सवाल उठ रहे हैं कि यह पोस्टर किसने लगाया और किस मकसद से लगाया है. इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगने शुरू हो गए हैं. भाजपा राज्य समिति के सदस्य और आदिवासी नेता अजीत सिंह सद्दार ने कहा कि यह एक बहुत बड़ी बात है. बीजेपी पर आरोप लगाने से टीएमसी को कोई फ़ायदा नहीं होगा. क्योंकि बीजेपी कभी भी साज़िश में शामिल नहीं होती. इसका एक ज्वलंत उदाहरण 2018 के काशीपुर विधानसभा के पंचायत चुनावों में देखने को मिला, जहाँ टीएमसी ने विभिन्न दलों पर हमला बोला था. 2019 के संसदीय चुनावों में बीजेपी को बढ़त दिलाई थी. 2021 के विधानसभा चुनाव में काशीपुर विधानसभा की जनता ने भाजपा को दोनों हाथों से आशीर्वाद दिया है और भाजपा के विधायक चुने गए हैं. इसलिए यह ज्वलंत ऐतिहासिक प्रमाण है कि भाजपा किसी भी षड्यंत्र में शामिल नहीं है.

इस समय टीएमसी पार्टी गुटबाजी से त्रस्त है. गुटबाजी अपने भीतर ही बहुत ज़ोरों से शुरू हो गई है. यह इसका एक स्पष्ट उदाहरण है.

# बहदाल हो गया नियामतपुर इस्को स्टील प्लांट रोड



शुभम संदेश। कुल्टी

बर्नपुर कारखाना से होते हुए नियामतपुर इस्को रोड से चितरंजन रोड को जोड़ने वाली सड़क बदहाल हो चुकी है. यह सड़क वर्तमान में एक गंभीर और जानलेवा दुर्घटना स्थल में तब्दील हो चुकी है. भाजपा कुल्टी विधानसभा के मंडल उपाध्यक्ष सह समाज सेवी टिंकू वर्मा ने इस सड़क की दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त कर तत्काल मरम्मत की मांग की. वर्मा के अनुसार, इस्को रोड अब जानलेवा और दुर्घटना रोड के रूप में अपनी पहचान बना चुका है. यह मार्ग इस्को स्टील प्लांट के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस पर बड़ी-बड़ी मालवाहक ट्रकें और डंपर कारखाना से लगातार चलते रहते हैं. सड़क की खराब स्थिति के कारण इन भारी वाहनों के लिए भी खतरा बना हुआ है. सड़क के दोनों ओर आसनसोल नगर निगम के लगभग 8 से 10 वार्ड स्थित हैं. आम जनता प्रतिदिन इसी मार्ग का उपयोग करती है. आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है. इसी सड़क पर आसनसोल नगर निगम की पीने के पानी की पाइपलाइन खुले में किनारे पर है. जहाँ पर कभी भी बड़ा वाहन के पलटने का खतरा है. टिंकू वर्मा ने इस्को प्लांट प्रशासन से सड़क मरम्मत का आग्रह किया है.

# गर्ल्स हाईस्कूल में विज्ञान कार्यशाला का आयोजन

शुभम संदेश। पुरुलिया



हुतमुड़ा हरिमति गर्ल्स हाई स्कूल में सोमवार को एक दिवसीय विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम बातिघर, पुरुलिया और हुतमुड़ा हरिमति गर्ल्स हाई स्कूल, पुरुलिया ब्लॉक 2 के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था. इस कार्यशाला में न केवल गर्ल्स स्कूल, बल्कि पास के हुतमुड़ा बॉयज हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया. कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्र छात्राओं में रसायन विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और इस विषय के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डालकर विज्ञान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना था. यह छात्रों के लिए किताबों तक सीमित रहने के बजाय, विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं को व्यावहारिक रूप से समझने का एक अवसर था. इस कार्यशाला में जगन्नाथ किशोर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. लोकेश पति और डॉ. अनिरबन पांडा तथा निस्तारिणी महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अनिमेष साहनु ने रसायन विज्ञान के विभिन्न विषयों पर चर्चा की.बातीघर की ओर से सह-संपादक असीम कर और अन्य सदस्य उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल न केवल शिक्षा का दायरा बढ़ाती है, बल्कि भविष्य में एक विज्ञान-प्रधान समाज के निर्माण की दिशा भी दिखाती है.विद्यालय की प्रधानाध्यापिका चैताली मुखर्जी सहित अन्य शिक्षकों और कर्मचारियों ने कहा कि हम भविष्य में भी ऐसी कार्यशालाएँ नियमित रूप से जारी रखना चाहते हैं. हमारा लक्ष्य है कि छात्र ज्ञान और विज्ञान के माध्यम से नई खोज करके अपना भविष्य स्वयं बनाएँ.

मंथन

## शिक्षा में समावेशिता की ओर आगे बढ़ता झारखंड

झारखंड सरकार द्वारा 10वीं पास छात्रों को मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग देने का निर्णय निश्चित ही सराहनीय व दूरदर्शी पहल है. खासतौर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए यह योजना सामाजिक न्याय और शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर बन सकती है. रांची स्थित पुराने कल्याण विभाग भवन में इस कोचिंग की शुरुआत की जा रही है, जहां आवास, भोजन और शिक्षण की व्यवस्था सरकार द्वारा की जाएगी. यह केवल कोचिंग नहीं बल्कि वंचित वर्ग के होनहार छात्रों के लिए एक ऐसा मंच है जो उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने लायक बनाएगा. विशेष बात यह है कि कोचिंग में केवल जैक बोर्ड ही नहीं, बल्कि सीबीएसई और आईसीएसई के बच्चों को भी शामिल किया जाएगा, जिससे योजना की समावेशिता बढ़ेगी. सरकार द्वारा 12वीं पास छात्रों को भी योजना में शामिल करने पर विचार किया जाना इस बात का संकेत है कि यह पहल स्थायी और व्यापक नीति का रूप ले सकती है. कल्याण मंत्री द्वारा दिल्ली के कोचिंग संस्थानों का दौरा करना और उन संस्थानों को संचालन की जिम्मेदारी सौंपने की दिशा में टेंडर जारी करना दर्शाता है कि सरकार इसकी गुणवत्ता से समझौता नहीं करना चाहती. यह आवश्यक है कि इस योजना का क्रियान्वयन पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ हो. प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया, मेरिट लिस्ट का निर्धारण और चयन निष्कलंक होना चाहिए. यदि इस पहल को सही दिशा और निगरानी मिली, तो यह झारखंड में सामाजिक रूप से वंचित वर्ग के लिए शिक्षा के माध्यम से प्रगति का द्वार खोल सकती है.

नजरिया

## मानव और गजराज का बढ़ता संघर्ष बड़ी चुनौती

लातेहार जिला मुख्यालय में जंगली हाथी के आने की घटना वन्यजीव प्रबंधन की विफलता की ओर संकेत करती है, बल्कि यह मानव-हाथी संघर्ष की बढ़ती समस्या को भी उजागर करती है. झुंड से बिछड़ने के बाद हाथी का ग्रामीण और शहरी इलाकों में आतंक मचाना चिन्ताजनक है. घरों का ध्वस्त होना, अनाज की लूट और लोगों में भय का माहौल यह दर्शाता है कि अब हाथियों का जंगलों से बाहर आना सामान्य होता जा रहा है. हाथी के शहरी क्षेत्र में प्रवेश करते ही वन विभाग ने सक्रियता तो दिखाई, लेकिन लोगों की भीड़ और शोर-शराबे ने हालात को और बिगाड़ दिया. यह अपील कि लोग शांति बनाए रखें और हाथी को जंगल की ओर लौटने का रास्ता दें, बेहद आवश्यक है. अफसोस है कि आमजन जिज्ञासा या रोमांचवश मौके पर पहुंचकर स्थिति को और जटिल बना देते हैं. यह घटना सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर जंगलों में हाथियों के भोजन और आश्रय की क्या स्थिति है? लगातार जंगलों की कटाई, खनन और विकास परियोजनाओं के कारण वन्यजीवों का दायरा सिकुड़ता जा रहा है, जिससे वे इंसानी बस्तियों की ओर बढ़ते हैं. सरकार और वन विभाग को चाहिए कि ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए दीर्घकालिक रणनीति तैयार करें. साथ ही जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यह समझाना होगा कि वन्यजीवों से कैसे सुरक्षित दूरी बनाई जाए. अन्यथा आने वाले समय में ऐसी घटनाएं और भी भयावह रूप ले सकती हैं.

# धन-धान्य योजना से संवरेगी खेती-बाड़ी

अरविंद जयतिलक



धन धान्य योजना देश के 100 जिलों के किसानों को लाभ पहुंचाएगी.

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पीएम धन-धान्य योजना का शुभारंभ कृषि को लाभकारी और किसानों की आर्थिक सेहत सुधारने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है. छः साल तक चलने वाली इस योजना के लिए प्रति वर्ष 24000 करोड़ की धनराशि आवंटित कर दी गई है जिसके तहत देश के सर्वाधिक पिछड़े 100 जिलों के 1.70 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे. अच्छी बात यह है कि इसमें 36 मौजूदा योजनाओं को भी जोड़ा जाएगा जिससे कृषि क्षेत्र में आमूलचूल सुधार की संभावना प्रबल होगी. इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने, पंचायत और प्रखंड स्तर पर फसलों की कटाई के बाद भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं में सुधार, लचीली ग्रामीण आजीविका का निर्माण के अलावा लांग एवं शॉर्ट टर्म लोन उपलब्ध कराना है. निःसंदेह इस पहल से छोटे व सीमांत किसानों की आय बढ़ेगी तथा कृषि को भी आधुनिक तकनीकी से जोड़ने में मदद मिलेगी.

गौर करें तो वर्ष 2014 में केंद्र में जब नरेंद्र मोदी की सरकार बनी तभी से कृषि और किसान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल हैं. यह तथ्य है कि कृषि विकास औद्योगिक विकास की तुलना में दोगुनी तेजी से गरीबी को कम करता है. उदाहरण के लिए कृषि उत्पादन में एक प्रतिशत की वृद्धि औद्योगिक उत्पादन में 0.5 प्रतिशत और राष्ट्रीय आय में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि करती है. इसे ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना करते समय ए2$ एफएल फॉर्मूला को अपनाया . वर्ष 2014 तक जो कृषि बजट 25000 करोड़ से भी कम हुआ करता था, वह आज बढ़कर 1.37 लाख करोड़ तक पहुंच गया है. वर्ष 2014 से पहले जो कृषि क्षेत्र संकटग्रस्त और घाटे का सौदा हुआ करता था वह आज मुनाफे के सौदे में तब्दील हो रहा है. भारत का कृषि निर्यात 50 बिलियन डॉलर की ऐतिहासिक ऊंचाई छू चुका है. सरकार की कोशिश डिजिटल तकनीक के जरिए कृषि को बढ़ावा देकर किसानों की माली मालत में बदलाव लाना है. इसके लिए सरकार डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार कर रही है. इसके जरिए किसानों को फसलों के बारे में जानकारी देने, कौन-सी फसलें उगाई जाएं, फसलों की देखभाल कैसे हो, लोन एवं बीमा, फसल आकलन, बाजार की जानकारी और कृषि तकनीक उद्योग के विकास को समर्थन और स्टार्ट-अप्स को मदद के माध्यम से एक समावेशी विकास केंद्रित समाधान संभव हो पाना आसान होगा. सरकार ने 2023-24 में किसानों की माली हालत सुधारने और कृषि क्षेत्र का विस्तार करने के निमित्त 25.48 लाख करोड रुपए का कृषि ऋण वितरित की है. इसका मकसद प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के अलावा कृषि स्टार्टअप के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने, कृषि में डिजिटल तकनीक और स्टोर क्षमता में इजाफा करना है. सरकार कृषि ऋण के लक्ष्य को पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन से जोड़ दिया है. किसानों की आमदनी बढ़े और देश के नागरिकों का स्वास्थ्य बेहतर हो इसके लिए सरकार लगातार किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित कर रही है.

इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने मोटे अनाज को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया. इस कवायद से देश के किसानों में मोटे अनाज के उत्पादन में दिलचस्पी बढ़ी है. चूंकि कृषि, कार्यबल के सबसे बड़े भाग को समाहित करती है इसलिए कृषि और किसानों की आय पर ध्यान केंद्रित करना समग्र अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक उच्च विकास को सुनिश्चित करने का शानदार तरीका माना जाता है. इसे ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2016 में देश के किसानों की आय दोगुनी करने का नेक इरादा जाहिर किया. सरकार द्वारा अपनायी गयी व्यापार और विपणन नीतियां किसानों की आय की वृद्धि का संवाहक बन रही हैं. सरकार ने एक स्थिर मूल्य निर्धारण नीति को आयाम दिया है जिससे कृषि फसलों के वाजिब मूल्य मिलने शुरु हो गए हैं. सरकार किसानों की आय में वृद्धि के लिए हर वर्ष कृषि उपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि कर रही है. वर्ष 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की नेतृत्ववाली सरकार बनी तो गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य तकरीबन 1200 रुपए प्रति क्विंटल था. आज बढ़कर 2425 रुपए हो गया है जो दोगुने से भी अधिक है. इसी तरह 2014-15 में धान का समर्थन मूल्य 1360 रुपए था जो आज बढ़कर 2389 रुपए हो गया है.

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को हर वर्ष छह हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जा रही है. इसी क्रम में पीएम धन धान्य कृषि योजना से कृषि और किसानों की सेहत संवरेगी, इसकी उम्मीद जरूर की जानी चाहिए.**

सरकार ने देश के किसानों की आय में वृद्धि के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार को नया आयाम दिया है. इसके लिए उसने किसानों के हित में कई दर्जन योजनाओं को मूर्त रुप दिया है. उदाहरण के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जरिए 'हर खेत को पानी' योजना चल रही है जो किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है. आज की तारीख में किसानों को सरकारी बैंकों से कम ब्याज दर पर ऋण मिल रहा है. सरकार ने किसान क्रेडिट कार्य योजना की सुविधा उपलब्ध कराकर किसानों की तात्कालिक पैसे की समस्या को खत्म कर दिया है. इस योजना के तहत किसानों को सस्ती ब्याज दरों पर लोन की सुविधा उपलब्ध है. इस योजना का असर यह हुआ है कि जो किसान पैसे के अभाव में अपनी खेती की शुरुआत नहीं कर पाते थे, वह आज किसान क्रेडिट कार्ड की मदद से एक वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन करके अपनी आय को दोगुना कर रहे हैं. दूसरी ओर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है. केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को आच्छादित कर किसानों की चिंताएं दूर कर दी है. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को हर वर्ष 6000 रुपए की आर्थिक मदद 2000 रुपए की तीन समान किस्तों में दी जा रही है. इसी क्रम में पीएम धन-धान्य कृषि योजना से कृषि और किसानों की सेहत संवरेगी, इसकी उम्मीद जरुर की जानी चाहिए.

आज का इतिहास

1918 : भारत के पहले कुशल पायलट इन्द्रलाल राय प्रथम विश्वयुद्ध के समय लंदन में जर्मनी से हुई लड़ाई में मारे गए.
1947: भारत का राष्ट्रीय ध्वज को भारत के संविधान द्वारा अपनाया गया.
1969 : सोवियत संघ ने स्पूतनिक 50 और मोलनिया 112 संचार उपग्रहों का प्रक्षेपण किया.
1981 : भारत के पहले भूस्थिर उपग्रह एप्पल ने कार्य करना शुरू किया.
1988 : अमेरिका के 500 वैज्ञानिकों ने पेंटागन में जैविक हथियार बनाने के शोध का बहिष्कार करने की प्रतिज्ञा ली.
1999 : अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा समान कार्य के लिए समान पारिश्रमिक की कार्य योजना लागू.
2009: सदी का सबसे लंबा पूर्ण सूर्यग्रहण था.
2012: प्रणब मुखर्जी भारत के 13वें राष्ट्रपति निर्वाचित किए गए.

## प्रचार के लिए किया गया पुण्य कभी पुण्य नहीं कहलाता

चिंतन

एक बार राजा भोज गहरी निद्रा में सोये हुए थे. उन्हें उनके स्वप्न में एक अत्यंत तेजस्वी वृद्ध पुरुष के दर्शन हुए. राजन ने उनसे पूछा-महात्मन! आप कौन हैं? वृद्ध ने कहा- राजन मैं सत्य हूं और तुझे तेरे कार्यों का वास्तविक रूप दिखाने आया हूं. मेरे पीछे-पीछे आ और अपने कार्यों की वास्तविकता को देख!

राजा भोज उस वृद्ध के पीछे चल दिए. राजा भोज बहुत दान, पुण्य, यज्ञ, व्रत, तीर्थ, कीर्तन करते थे, उन्होंने अनेक तालाब, मंदिर, कुएं, बगीचे आदि भी बनवाए थे. राजा के मन में इन कार्यों के कारण अभिमान आ गया था. वृद्ध पुरुष के रूप में आए सत्य ने राजा भोज को अपने साथ उनकी कृतियों के पास ले गया. वहां जैसे ही सत्य ने पेड़ों को छुआ, सब एक-एक करके सूख गए, बागीचे बंज़र भूमि में बदल गए. राजा देखते ही आश्चर्यचकित रह गया. फिर सत्य राजा को मंदिर ले गया. सत्य ने जैसे ही मंदिर को छुआ, वह खंडहर में बदल गया. वृद्ध ने राजा के यज्ञ, तीर्थ, कथा, पूजन, दान आदि के लिए बने स्थानों, व्यक्तियों, आदि चीजों को ज्यों ही छुआ, वे सब राख हो गए. सत्य ने कहा- राजन! यश की इच्छा के लिए जो कार्य किये जाते हैं, उनसे केवल अहंकार की पुष्टि होती है, धर्म का निर्वहन नहीं. सच्ची सद्भावना से निस्वार्थ होकर कर्तव्यभाव से जो कार्य किये जाते हैं, उन्हीं का फल पुण्य के रूप मिलता है और यही पुण्य फल का रहस्य है.

इतना कहकर सत्य अंतर्धान हो गए. राजा ने निद्रा टूटने पर गहरा विचार किया और सच्ची भावना से कर्म करना प्रारंभ किया, जिसके बल पर उन्हें ना सिर्फ यश-कीर्ति की प्राप्ति हुई बल्कि उन्होंने बहुत पुण्य भी कमाया.

मित्रों, सच ही तो है, सिर्फ प्रसिद्धि और आदर पाने के नज़रिए से किया गया काम कभी पुण्य नहीं देता. हमने देखा है कई बार लोग सिर्फ अखबारों और न्यूज़ चैनल्स पर आने के लिए लोग झाड़ू उठा लेते हैं या किसी गरीब बस्ती का दौरा कर लेते हैं, ऐसा करना पुण्य नहीं दे सकता, असली पुण्य तो हृदय से की गयी सेवा से ही उपजता है, फिर वो चाहे हज़ारों लोगों की की गयी हो या बस किसी एक व्यक्ति की.


## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. #GalaxyF36
2. #IndiaGoHiFAI
3. #MondayMotivation
4. #MonsoonSession2025
5. #10YearsOfCreta
6. श्री मल्लिकार्जुन खड़गे
7. मुंबई ट्रेन
8. 2006 Mumbai
9. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
10. Pak In Debt

# बहुरंग

## रिलीज से पहले फिल्म में करने होंगे कई अहम बदलाव, केंद्रीय समिति ने दिए निर्देश




फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' को लेकर चल रहे विवाद पर बड़ा अपडेट सामने आया है. दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देश के बाद बनी एक केंद्रीय समिति ने फिल्म के कंटेंट को लेकर कई अहम सुझाव दिए हैं और निर्माता-निर्देशकों से कहा है कि इन बदलावों को रिलीज से पहले अनिवार्य रूप से लागू किया जाए. फिल्म में कुछ बदलाव करने के लिए कहा गया है, जिसके बाद ही फिल्म को रिलीज के लिए हरी झंडी मिल पाएगी.

**समिति ने बताए कुल 6 बदलाव :** सूत्रों के मुताबिक, समिति ने फिल्म में कुल छह बड़े बदलाव सुझाए हैं. सबसे पहले तो फिल्म के डिस्क्लेमर को लेकर आपत्ति जताई गई है. समिति ने फिल्म के मौजूदा डिस्क्लेमर में बदलाव करने के लिए कहा है. इसके अलावा, फिल्म में कुछ विशेष व्यक्तियों को धन्यवाद देने वाले क्रेडिट फ्रेम्स को भी हटाने के निर्देश दिए गए हैं.

**एआई सीन को लेकर भी आपत्ति :** फिल्म में एक एआई जनरेटेड सीन को लेकर भी आपत्ति जताई गई है, जो कथित रूप से सऊदी अरब जैसे देशों की सजा दिए जाने की शैली को दिखाता है. समिति ने इस सीन को पूरी तरह से हटाने या जरूरत के मुताबिक बदलाव करने का सुझाव दिया है. समिति का मानना है कि ऐसे सीन ना सिर्फ संवेदनशीलता को आहत कर सकते हैं बल्कि दर्शकों के बीच गलत संदेश भी फैला सकते हैं.

**नूतन शर्मा के डायलॉग्स को हटाने का निर्देश :** इसके साथ ही, फिल्म में 'नूतन शर्मा' नाम के किरदार को लेकर भी बड़ा फैसला लिया गया है. समिति ने साफ कहा है कि इस किरदार का नाम बदला जाए और उससे संबंधित सभी डायलॉग्स को हटाया जाए. खासतौर से वो वाला डायलॉग जिसमें धार्मिक ग्रंथों का उल्लेख किया गया है. समिति ने उसे तुरंत हटाने के निर्देश दिए गए हैं. समिति के मुताबिक ये डायलॉग न सिर्फ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है बल्कि सामाजिक तनाव भी पैदा कर सकता है.

**बलोच समुदाय से जुड़े डायलॉग्स को भी हटाने का सुझाव :** इसके अलावा, समिति ने फिल्म में बलोच समुदाय से जुड़े कुछ डायलॉग्स को भी हटाने की सिफारिश की है. उनका कहना है कि इन डायलॉग्स से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संवेदनशीलता का उल्लंघन हो सकता है और इससे भारत की कूटनीतिक छवि को भी नुकसान पहुंच सकता है. केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने इन सभी सिफारिशों को गंभीरता से लिया है और निर्माताओं को साफ निर्देश दिए हैं कि फिल्म को तब तक पबल्कि या व्यावसायिक रूप से जारी नहीं किया जा सकता जब तक ये सभी परिवर्तन नहीं किए जाते.

**क्या है 'उदयपुर फाइल्स' को लेकर विवाद :** 'उदयपुर फाइल्स' फिल्म जून 2022 में हुए दर्जी कन्हैयालाल की निर्मम हत्या पर बेस्ड है, जिसे उदयपुर में धार्मिक कट्टरता के चलते जान से मार दिया गया था. फिल्म का टीजर सामने आने के बाद ये विवादों में घिर गई, क्योंकि इसमें दिखाए गए कुछ सीन और डायलॉग्स को लेकर आरोप लगे कि ये मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाली है. इस फिल्म को 10 जुलाई को रिलीज किया जाना था लेकिन दिल्ली हाई कोर्ट ने 10 जुलाई को निर्देश जारी कर फिल्म की रिलीज पर रोक लगाई और एक केंद्रीय समिति गठित की.

**फिल्म की स्टारकास्ट :** 'उदयपुर फाइल्स' की स्टारकास्ट पर नजर डालें तो इसमें विजय राज मुख्य भूमिका में हैं, जो कन्हैया लाल का किरदार निभा रहे हैं. रजनीश दुग्गल एक इंटेलिजेंस ब्यूरो अधिकारी इश्वर सिंह के रूप में नजर आएंगे, जबकि उनकी पत्नी और पत्रकार के रोल में प्रीती झंगियानी दिखाई देंगी. इसके अलावा फिल्म में पुनीत वशिष्ठ, मुश्ताक खान, जयश्री माहतो जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाएं निभा रहे हैं. फिल्म का निर्देशन भारत एस. श्रिनाटे और जयंत सिन्हा ने किया है, जबकि निर्माता अमित जानी हैं.

## बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरीं 'तन्वी द ग्रेट' और 'निकिता रॉय'

मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' जहां 18 जुलाई को रिलीज़ होते ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है, वहीं उसी दिन रिलीज हुईं अनुपम खेर की 'तन्वी द ग्रेट' और सोनाक्षी सिन्हा की 'निकिता रॉय' बड़े पर्दे पर संघर्ष करती नज़र आ रही हैं. 'सैयारा' के जबरदस्त शोर में ये दोनों फिल्में मानो दब सी गईं हैं. जहां 'तन्वी द ग्रेट' रिलीज के पहले दिन से ही दर्शकों के लिए तरसती नजर आई, वहीं 'निकिता रॉय' की स्थिति भी कुछ खास बेहतर नहीं रही. तीसरे दिन की कमाई पर नज़र डालें तो इन दोनों फिल्मों के लिए बॉक्स ऑफिस के आंकड़े निराशाजनक रहे हैं. अब सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि क्या ये फिल्में आने वाले दिनों में थोड़ी संभल पाएंगी, या 'सैयारा' का तूफान यूं ही बाकी फिल्मों को पीछे छोड़ता रहेगा.

भले ही 'तन्वी द ग्रेट' ने कई बड़े फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरी हो, लेकिन सिनेमाघरों में रिलीज़ के बाद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा सकी. फिल्म ने 40 लाख रुपये की कमजोर ओपनिंग के साथ शुरुआत की. दूसरे दिन इसका कलेक्शन 54 लाख रुपये रहा, जबकि सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, तीसरे दिन फिल्म ने 68 लाख रुपये का कारोबार किया. इस तरह भारत में अब तक 'तन्वी द ग्रेट' की कुल कमाई 1.62 करोड़ रुपये हो चुकी है. फिल्म को दर्शकों का मनचाहा रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा, और यह बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष करती दिख रही है.

**'तन्वी द ग्रेट' की कहानी :** 'तन्वी द ग्रेट' एक 21 साल की लड़की तन्वी रैना की प्रेरणादायक कहानी है, जो ऑटिज्म डिसऑर्डर से जूझ रही है. इस संवेदनशील और दमदार भूमिका में अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने तन्वी का किरदार निभाया है. फिल्म में शुभांगी के साथ-साथ जैकी श्रॉफ, पल्लवी जोशी, बोमन ईरानी और करण टैकर जैसे अनुभवी कलाकार भी नजर आते हैं, जो कहानी को और अधिक प्रभावशाली बनाते हैं. 'तन्वी द ग्रेट' एक भावनात्मक यात्रा है, जो न सिर्फ ऑटिज्म जैसी स्थिति को दर्शाती है, बल्कि समाज में स्वीकृति और आत्मबल की जरूरत को भी उजागर करती है. रिलीज़ से पहले जहां फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह देखा गया, वहीं सिनेमाघरों में रिलीज़ के बाद माहौल पूरी तरह ठंडा पड़ गया. फिल्म ने 22 लाख रुपये की धीमी शुरुआत की.

## बॉक्स ऑफिस पर 'सैयारा' की शानदार कमाई, तीन दिन में वसूली लागत

मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सैयारा' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. 18 जुलाई को रिलीज़ हुई इस फिल्म से अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है. वहीं, फिल्म में अनीत पड्डा ने भी बतौर लीड एक्ट्रेस अपना पहला कदम रखा है. फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों दोनों से भरपूर सराहना मिल रही है. 'सैयारा' ने सिर्फ दो दिनों में ही अपनी लागत निकाल ली है और अब तीसरे दिन इसने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त छलांग लगाई है. कहानी, म्यूजिक और नए चेहरों की फ्रेशनेस के चलते फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है, और यह उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में 'सैयारा' एक बड़ी हिट साबित हो सकती है. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक, 'सैयारा' ने रिलीज के तीसरे दिन पहले रविवार को धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 37 करोड़ रुपये की कमाई की. फिल्म ने अपने ओपनिंग डे पर 21 करोड़ रुपये की मजबूत शुरुआत की थी, जबकि दूसरे दिन इसने 25 करोड़ रुपये का शानदार बिजनेस किया. अब तक फिल्म की कुल कमाई 83 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है, जो इसकी लागत से कहीं ज्यादा है. गौरतलब है कि 'सैयारा' को बनाने में महज 45 करोड़ रुपये खर्च हुए थे. ऐसे में फिल्म ने सिर्फ तीन दिनों में ही दोगुनी कमाई कर ली है. यह प्रदर्शन दर्शाता है कि फिल्म को न सिर्फ दर्शकों का प्यार मिल रहा है, बल्कि यह बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट बनने की ओर भी बढ़ रही है. मोहित सूरी ने एक बार फिर अपनी अनोखी प्रेम कहानी से युवाओं के दिलों को छू लिया है. दर्शकों का कहना है कि उन्होंने इस फिल्म के जरिए एक बार फिर 'आशिकी 2' वाला जादू बड़े पर्दे पर लौटा दिया है. फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा की शानदार केमिस्ट्री ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है. दोनों की जोड़ी को न सिर्फ सराहा जा रहा है, बल्कि लोग उनके किरदारों से भावनात्मक रूप से जुड़ भी रहे हैं. फिल्म में अहान ने 'कृष' और अनीत ने 'वाणी' का किरदार निभाया है, जो दर्शकों के दिलों में जगह बना चुके हैं. साथ ही, फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ यानी लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया का जबरदस्त फायदा मिल रहा है, जिससे इसकी कमाई में लगातार उछाल देखा जा रहा है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** बुद्‍घि व धन का दुरूपयोग न करें. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है. आय-व्यय समान रहेगा. स्वास्थ्य ठीक रहेगा. व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी. मान-सम्मान में वृद्‍घि होगी. शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. मान-सम्मान में वृद्‍घि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा. शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे. अपने काम को प्राथमिकता से करें. चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी. शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा. राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. मेहमानों का आगमन होगा. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. विद्यार्थियों को लाभ. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. वाहन चालन में सावधानी बरतें. बातचीत में संयम बरतें. आय के अच्छे योग बनेंगे. शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. संतोषजनक सफलता मिलेगी. शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा. पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. मित्रों से सावधान रहें. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. कार्य सफल होंगे. शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा. अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी. आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी. भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा. सहयोग प्राप्त होगा. अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे. परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा. शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा. वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे. उतावलेपन से बचे. संयमित भाषा का इस्तेमाल करें. कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे. किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है. स्वविवेक से कार्य करे. शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्‍घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा. पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी. शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्‍घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. मनोरथ सिद्‍घि का योग है. स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा. शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्‍घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्‍घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. कुछ तनाव हो सकता हैं. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. स्वविवेक से कार्य करें. शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्‍घ हो रहे हैं. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुख-आनंद कारक समय है. यात्रा सुखद रहेगी. किसी बात को लेकर चिंता बढ़ सकती है. शुभांक-3-5-7

## ब्रीफ न्यूज

### जमीन विवाद में भाई ने की भाई की हत्या

**भागलपुर।** जिले के लोदीपुर थाना क्षेत्र के कोहड़ा सरमसपुर गांव में सोमवार को जमीन विवाद एक युवक ने अपने ही सगे भाई की चाकू मार कर हत्या कर दी. मृतक की पहचान सुजीत कुमार के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह सुजीत अपने घर पर किसी काम में व्यस्त था. इसी दौरान उसका सगा भाई सुमित कुमार वहां पहुंचा और अचानक चाकू से उसपर ताबड़तोड़ हमला कर दिया. परिजन ने गंभीर रूप से घायल सुजीत को आनन-फानन में इलाज के लिए मायागंज अस्पताल पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

### दूसरी सोमवारी पर लाखों भक्त ने किया जलाभिषेक

**पटना।** सावन मास की दूसरी सोमवारी को बिहार के सभी शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ देखी गई. पटना सहित राज्य के विभिन्न जिलों के शिवालयों में, जैसे कि बाबा गरीब नाथ, बाबा सिद्धनाथ-सोमनाथ मंदिर, शिव पार्वती मंदिर, और अन्य प्रमुख मंदिरों में लाखों भक्तों ने 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाते हुए जलाभिषेक किया और बेलपत्र चढ़ाए. बिहार का देवघर कहे जाने वाले बाबा गरीबनाथ मंदिर में आज एक लाख से ऊपर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया. रात 12 बजे से ही श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक करना शुरु किया, पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारे से गूंज रहा था.

### तेल व्यापारी से लूटकांड मामले में 70 हजार बरामद

**अररिया।** जोकीहाट थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 327 ई पर किशनगंज के तेल व्यापारी से 19 जुलाई की रात्रि डेढ़ बजे हुए 1.58 लाख रूपये लूटकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है. मामले में पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान,सूचना संकलन एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना में शामिल पलासी थाना क्षेत्र के डेहटी दक्षिण पंचायत के वार्ड संख्या छह निवासी मो. साकिर पिता मो.अनीस को गिरफ्तार किया. पुलिस ने इनके पास से लूटी गई रकम में से 70 हजार रूपये,घटना में प्रयुक्त बाइक और एक मोबाइल जब्त किया.

## दूसरी सोमवारी को जलाभिषेक के लिए मंदिरों व शिवालयों में उमड़ी भीड़

संवाददाता । अररिया

सावन माह की दूसरी सोमवारी को विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों की भीड़ सुबह से ही उमड़ रही है.
सोमवारी के दिन शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों में खाता उत्साह देखा जा रहा है. श्रद्धालुओ का सुबह पांच बजे से ही भगवान शिव के दरबार में पहुंचना शुरू हो गया. सावन माह की दूसरी सोमवारी को लेकर मंदिरों और शिवालयों को काफी भव्य रूप से सजाया गया है. चारों तरफ केसरिया वस्त्र धारण किए हाथ में



पूजन सामग्री लेकर श्रद्धालु हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए भगवान शिव की आराधना कर रहे हैं. चारों ओर सिर्फ भक्तों के केसरिया

ड्रेस से माहौल केसरिया में बन गया है. शहर स्थित अररिया नाथ महादेव, बाबा खड़गेश्वरनाथ शिव मंदिर, बस स्टैंड शिव मंदिर, पीडब्ल्यूडी शिव मंदिर, माता स्थान शिव मंदिर, जलेश्वर नाथ शिव मंदिर तथा छतियौना में बाबा श्यामसुंदर नाथ महादेव के दरबार में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का लाइन लगा रहा.मंदिरों में रूद्राभिषेक आदि कार्यक्रम भी चल रहा है. दूसरी सोमवारी को लेकर विशेष भीड़ कुर्साकांटा के अति प्राचीन सुंदरनाथधाम मंदिर,मदनपुर स्थित श्री मदनेश्वरनाथधाम मंदिर,रानीगंज के बसेटी स्थित इन्द्रमतेश्वरनाथधाम मंदिर,फारबिसगंज के बड़ा शिवालय,शंकरपुर के शिव मंदिर में रही जहां पूजा अर्चना और शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही. पूरा माहौल हर हर महादेव, बोलबम, बाबा भोलेनाथ के नारों से गुंजायमान रहा. सावन में मंदिरों में उमड़ने वाले भीड़ को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा और विधि व्यवस्था संधारण को लेकर विशेष व्यवस्था की गई. सभी मंदिरों और शिवालयों में दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदधिकारियों और बलों की प्रतिनियुक्ति की गई.भीड़ को नियंत्रित करने को लेकर पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ लगे हैं.

# बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र शुरु

संवाददाता । पटना

बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र आज से शुरु हो रहा है. इस सत्र में नीतीश सरकार 12 विधेयक लाएगी. इनमें चार मूल जबकि आठ संशोधन विधेयक हैं. बिहार विधानसभा तथा बिहार विधान परिषद से इन्हें पारित करा सरकार शीघ्र ही विधेयकों को कानून की शक्ल में राज्य में लागू करेगी.



नीतीश सरकार के 17वीं विधानसभा के अंतिम पांच दिवसीय सत्र को पक्ष-विपक्ष अपने पाले में करने की तैयारी में हैं. विपक्ष जहां मतदाता पुनरीक्षण और विधि व्यवस्था के मसले पर सरकार को घेरने की तैयारी में है, वहीं सत्ता पक्ष भी विरोधियों के हर सवाल का जवाब देने को तैयार है. आज पहले दिन दोनों सदनों में लगभग 50 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा. विधानमंडल में 22 और 23 जुलाई को राजकीय विधेयक पेश किये जाएंगे. श्रम संसाधन विभाग के 4, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के 3, वित्त, पशु एवं मत्स्य संसाधन, नगर विकास एवं आवास, विधि और वाणिज्यकर विभागों के एक-एक विधेयक सरकार ला रही है.सबसे महत्वपूर्ण विधेयक-जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय विधेयक-2025 है. इसके पास होने से राज्य के 1 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की घोषणा का मार्ग भी प्रशस्त होगा. इस सत्र में भूमि राजस्व से जुड़े तीन अहम विधेयक भी पेश होंगे. विशेष भूमि सर्वेक्षण बिल में सेटलमेंट आफिसर का निर्णय अंतिम होता था. अब प्रमंडल स्तर पर अपीलीय प्राधिकार होगा. शहरी क्षेत्रों में भी सर्वे का प्रावधान होगा. कृषि भूमि को अन्य कार्यों में उपयोग के लिए डीसीएलआर और समकक्ष पदाधिकारी भी नामित होंगे. जमीन दर तय करने का प्रावधान अब नियमावली से होगा.

## बिहार विधानमंडल में 57946.25 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

बिहार विधानमंडल में मानसून सत्र के पहले दिन 57946.25 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया गया. विधानसभा में पहले दिन वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा पटल पर अनुपूरक बजट पेश किया. यह वित्तीय वर्ष 2025-26 का प्रथम अनुपूरक बजट है. इसके बाद हंगामें के बीच में विधानसभा की कार्यवाही को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है.
बिहार विधान परिषद में श्रम मंत्री संतोष सिंह ने 57,946.25 करोड़ रुपये का प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन में पेश किया. इसमें वार्षिक स्कीम मद में 36, 169 करोड़, स्थापना मद में 21,773 करोड़ और केंद्रीय क्षेत्र स्कीम मद में 3.63 करोड़ करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे. इसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन को लेकर सबसे अधिक राशि की व्यवस्था है. अनूपुरक बजट के बाद शोक प्रस्ताव के साथ विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी है. इससे पहले विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही राष्ट्रगान के साथ शुरू हुई.



विधानसभा अध्यक्ष के संबोधन के दौरान विपक्ष का हंगामा हुआ. विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने अपने संबोधन में सदन में मौजूद विधायकों को धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि सभी सदस्य विधानसभा की गरिमा बनाए रखेंगे. उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि सदन की कार्यवाही में सभी सदस्य सहयोग करेंगे. विधानसभा अध्यक्ष के संबोधन के दौरान विपक्ष के कई नेता नारेबाजी करते नजर आए. विपक्ष के नेता लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाते रहे. एआईएमआईएम के विधायक अख्तर ऊल ईमान बेल में पहुंच गए थे. मतदाता पुनरीक्षण के माध्यम से लोगों का नाम मतदाता सूची से काटने का आरोप लगा वो प्रदर्शन कर रहे थे.

### कुख्यात चंदन मिश्रा के आरोपितों को लेकर पटना पहुंची पुलिस

**पटना।** राजधानी पटना के वेली रोड स्थित पारस अस्पताल में बीते 17 जुलाई को कुख्यात अपराधी चंदन मिश्रा हत्याकांड मामले के चार आरोपितों को बिहार एसटीएएफ सोमवार को कोलकाता से लेकर पटना पहुंच गई है. बिहार पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार शूटर्स में तौसीफ बादशाह के अलावा इसमें तीन अन्य आरोपित शामिल हैं . इस हत्याकांड के मास्टरमाइंड निशु खान उर्फ भाईजान को पुलिस ने पटना स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया है. तौसीफ बादशाह के अलावा चार अन्य शूटर्स को कोलकाता से गिरफ्तार करने के बाद बिहार पुलिस की टीम ने उन्हें वहां की कोर्ट में पेश किया और उसके बाद सभी को सड़क मार्ग से लेकर ही पटना के लिए रवाना हो हुई थी. आज बिहार पुलिस की टीम सभी आरोपितों को लेकर पटना पहुंची. फिलहाल उन्हें पुलिस लाइन में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है. पुलिस उनसे पूछताछ करने के बाद कोर्ट में पेश करेगी. उल्लेखनीय है कि बिहार की राजधानी पटना के बड़े प्राइवेट अस्पताल में 17 जुलाई की सुबह पांच बदमाशों ने रूम नंबर 209 में भर्ती कुख्यात चंदन मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी. इस हत्याकांड के बाद हड़कंप मच गया था. सीसीटीवी फुटेज में पांच बदमाश चंदन मिश्रा पर गोलियां बरसाते दिखे थे. सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पांचों शूटर्स की पहचान हुई और पुलिस ने चार शूटर्स को कोलकाता से धर दबोचा. जबकि हत्याकांड के मास्टरमाइंड निशु खानउर्फ भाई जान को को पुलिस ने पटना से गिरफ्तार किया गया है.

## न्यूज अपडेट

### मतदाता सूची पुनरीक्षण के मामले पर विधानसभा में चर्चा कराने की महागठबंधन ने की मांग

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में कराए जा रहे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष ने सदन के बाहर और भीतर जोरदार हंगामा मचाया. सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद महागठबंधन विधायक दल की अहम बैठक हुई जिसमें अगले चार दिनों के भीतर सदन में सरकार को घेरने की रणनीति तय हुई. बढ़ते अपराध और एसआईआऱ के खिलाफ विपक्ष के विधायक मंगलवार को काला कपड़ा पहनकर विधानसभा आएंगे. सोमवार को हुई विधायक दल की बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बताया कि आज से विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हुआ है. अभी महागठबंधन के विधायक दल की बैठक हुई है. हमलोगों ने स्पीकर से मांग की है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के मामले पर विधानसभा में चर्चा कराई जाए. तेजस्वी ने कहा कि लोकतंत्र जिंदा रहे और उसका अस्तित्व न मिटाया जाए, इसके लिए हमलोग यह लड़ाई लड़ेंगे.



अगर सरकार और विधानसभा स्पीकर चर्चा के लिए तैयार नहीं होंगे तो आने वाले समय में इन्हें जवाब देते नहीं बनेगा. इसको लेकर हमने सभी नेताओं को चिट्ठी लिखी है. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने कहा कि संसद में भी विपक्षी दल इस मुद्दे को मजबूती के साथ उठा रहे हैं. इसके साथ ही साथ बिहार में भी मंगलवार को बहुत मजबूत तरीके से हमलोग इस मुद्दे को उठाने जा रहे हैं. सरकार को किसी भी कीमत पर इस मुद्दे पर सदन में चर्चा कराना ही पड़ेगा. उन्होंने बताया कि मंगलवार को महागठबंधन के सभी विधायक काला कपड़ा पहनकर सदन पहुंचेंगे और अपना विरोध दर्ज कराएंगे.

### पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बने विपुल एम पंचोली, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

**पटना** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सोमवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली को पटना उच्च न्यायालय के 45वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई. इस मौके पर बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने मुख्य न्यायाधीश का नियुक्ति पत्र और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जारी नियुक्ति पत्र पढ़ा. इसके बाद राज्यपाल ने न्यायमूर्ति पंचोली को शपथ दिलाई. 57 वर्षीय न्यायमूर्ति पंचोली 24 जुलाई, 2023 से पटना उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं.
उनका जन्म अहमदाबाद में हुआ था और उन्होंने 1991 में गुजरात उच्च न्यायालय में एक वकील के रूप में प्रैक्टिस शुरू की. उन्होंने अहमदाबाद स्थित अपने संस्थान सर एलए शाह लॉ कॉलेज में विजिटिंग फैकल्टी के रूप में भी काम किया. न्यायमूर्ति पंचोली को 2014 में गुजरात उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश और 2016 में स्थायी न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया था. साल



2023 में उनका तबादला पटना उच्च न्यायालय में हो गया. उल्लेखनीय है कि पटना उच्च न्यायालय इस वर्ष 15 जनवरी से मुख्य न्यायाधीश के बिना चल रहा था क्योंकि न्यायमूर्ति पंचोली के पूर्ववर्ती न्यायमूर्ति विनोद के. चंद्रन को सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत किया गया था. न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार इस अवधि में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे, लेकिन हाल ही में उन्हें गुवाहाटी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया. इस बीच, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सिंह 22 जुलाई को पटना उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे.

## कारोबार

### शुरुआती गिरावट के बाद मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

# बाजार की तेजी से निवेशकों को 1.63 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी । नई दिल्ली

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया. आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी. हालांकि, बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से पहले 20 मिनट में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लुढ़क कर लाल निशान में गिर गए, लेकिन इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर ये दोनों सूचकांक रिकवरी करके एक बार फिर मजबूत स्थिति में पहुंच गए. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.54 प्रतिशत और निफ्टी 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए.

सोमवार को दिन भर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, मेटल और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही. इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, कैपिटल गुड्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए. ऑयल एंड गैस, आईटी, एफएमसीजी, हेल्थकेयर और टेक इंडेक्स बिकवाली के दबाव में गिरावट के साथ बंद हुए. ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला



कारोबार होता रहा. बीएसई का मिडकैप इंडेक्स आज 0.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ. इसके विपरीत स्मॉलकैप इंडेक्स ने आज 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया. बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 460 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया. पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 458.37 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को करीब 1.63 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया.

वहीं बीएसई में 4,327 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 1,964 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,186 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 177 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में आज 2,687 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,295 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,392 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में बंद हुए. बीएसई का सेंसेक्स आज 160.80 की तेजी के साथ 81,918.53 अंक के स्तर पर खुला.

कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण पहले 20 मिनट में ही ये सूचकांक 239.07 अंक की कमजोरी के साथ 81,518.66 अंक तक गिर गया. इसके बाद खरीदारों ने बाजार में आक्रामक अंदाज में खरीदारी शुरू कर दी, जिससे थोड़ी ही देर में सेंसेक्स दोबारा मजबूत स्थिति में पहुंच गया. लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक कारोबार खत्म होने की थोड़ी देर पहले 516.30 अंक उछल कर 82,274.03 अंक तक पहुंचने में सफल रहा. हालांकि, आखिरी वक्त में इंट्रा-डे सेटलमेंट के कारण हुई मामूली बिकवाली की वजह से सेंसेक्स ऊपरी स्तर से करीब 75 अंक फिसल कर 442.61 अंक की मजबूती के साथ 82,200.34 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 30.60 अंक उछल कर 24,999 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की. बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से पहले 20 मिनट के कारोबार में ही ये सूचकांक 86.10 अंक फिसल कर 24,882.30 अंक तक आ गया. इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक ने दोबारा हरे निशान में वापसी कर ली. बाजार में लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 143 अंक की मजबूती के साथ 25,111.40 तक पहुंचने में सफल रहा. हालांकि, आखिरी वक्त में दिन के सौदों के निपटारे की वजह से हुई बिकवाली के कारण निफ्टी ऊपरी स्तर से करीब 20 अंक खिसक कर 122.30 अंक की तेजी के साथ 25,090.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ.

कारोबार के दौरान स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एटरनल 5.64 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 2.81 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 2.20 प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ 1.73 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए. दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज 3.21 प्रतिशत, विप्रो 2.47 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 1.29 प्रतिशत, आयशर मोटर्स 1.24 प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजी 1.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए.

## सेल ने जोजिला सुरंग को 31 हजार टन से इस्पात से बनाया सशक्त

**नई दिल्ली ।** भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग और एशिया की सबसे लंबी द्वि-दिशात्मक जोजिला सुरंग यातायात के लिए 2027 तक पूरा होने की स्थिति में है. देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने इस परियोजना के लिए 31 हजार टन से ज्यादा स्टील की आपूर्ति की है. इस्पात मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सेल को इस रणनीतिक संरचना में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में शामिल किया गया था. इसके लिए सेल ने टीएमटी रि-बार, स्ट्रक्चरल और प्लेट सहित 31 हजार टन से अधिक इस्पात की आपूर्ति की है. मंत्रालय के मुताबिक रणनीतिक रूप से 11,578 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस सुरंग का निर्माण हिमालय के चुनौतीपूर्ण भूभाग में किया जा रहा है. 30 किलोमीटर से ज़्यादा लंबी यह सुरंग श्रीनगर और लेह के बीच द्रास और कारगिल होते हुए हर मौसम में महत्वपूर्ण संपर्क प्रदान करेगी. ये सुरंग भारत के राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे के विकास विशेष रूप से श्रीनगर-कारगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग, का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. ये सुरंग इस क्षेत्र में नागरिक और सैन्य गतिशीलता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी.

इस्पात मंत्रालय के मुताबिक 2027 तक पूरा होने की ओर अग्रसर इस परियोजना को इस्पात की निरंतर आपूर्ति सेल की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है. जोजिला सुरंग जैसी विशाल परियोजनाएं सेल के इस्पात की विश्वसनीयता और मजबूती पर निरंतर भरोसा करती हैं, जो कंपनी की गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता और भारत के भविष्य को आकार देने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका का प्रमाण है.

### डॉलर के मुकाबले 14 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ रुपया

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में डॉलर की मजबूती और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के वायदा कारोबार में तेजी आने की कारण रुपया डॉलर की तुलना में गिरावट के साथ बंद हुआ. मुद्रा बाजार में भारतीय मुद्रा सोमवार को डॉलर की तुलना में 14 पैसे फिसल कर 86.30 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई. इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भारतीय मुद्रा 86.16 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी. इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने सोमवार सुबह डॉलर के मुकाबले 6 पैसे की कमजोरी के साथ 86.22 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी. स्टॉक मार्केट में आज शुरुआती दौर में विदेशी निवेशकों द्वारा जमकर की गई बिकवाली के कारण मुद्रा बाजार में रुपये पर भी दबाव की स्थिति बन गई.

## एंथेम बायोसाइंसेज ने निवेशकों को किया खुश, पहले दिन 28 प्रतिशत का मुनाफा

एजेंसी । नई दिल्ली

बायोटेक फर्म्स और बड़ी फार्मास्यूटिकल कंपनियों को सर्विस देने वाली कंपनी एंथेम बायोसाइंसेज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूत एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 570 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई पर इसकी एंट्री 723.10 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 723.05 रुपये के स्तर पर एंट्री हुई. इस तरह एंट्री के साथ ही शेयरों को करीब 26 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिल गया.

लिस्टिंग के बाद शेयरों की लिवाली शुरू हो गई, जिसके कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर बीएसई पर 746.70 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 747 रुपये के स्तर पर पहुंच गए. हालांकि, कुछ देर बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण इस शेयर में कुछ गिरावट भी आई. पूरे दिन के कारोबार के बाद कंपनी के शेयर 730.35 रुपये के स्तर पर बंद हुए. इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 160.35 रुपये यानी 28.13 प्रतिशत का मुनाफा हो गया.

एंथेम बायोसाइंसेज का 3,395.79 करोड़ रुपये का आईपीओ 14 से 16 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 67.42 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 192.80 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 44.70 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 5.98 गुना सब्सक्राइब हुआ था. वहीं एंप्लॉयीज के लिए रिजर्व पोर्शन में 6.99 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इस आईपीओ के तहत कोई नया शेयर जारी नहीं किया गया है, बल्कि 2 रुपये फेस वैल्यू वाले 5,95,75,319 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे गए हैं. कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है.

## पेज एक का शेष...

### पूरी तरह बदल रही भारत की युद्धनीति!

जिनकी कीमत 32,000 करोड़ रुपये है. ये ड्रोन लद्दाख, अरुणाचल और हिंद महासागर में निगरानी और हमले के लिए तैनात होंगे.

**तापस-बीएच और वारहॉक :** तापस-बीएच स्वदेशी निगरानी ड्रोन है, जो हिंद महासागर में तैनात है. वारहॉक एआई-पावर्ड किलर ड्रोन है, जिसका लक्ष्य 2027 तक तैयार होना है.

**लॉइटरिंग म्यूनिशन्स :** ये आत्मघाती ड्रोन हैं, जो दुश्मन के ठिकानों पर मंडराते हैं. सटीक हमला करते हैं. ऑपरेशन सिंदूर में स्काईस्ट्राइकर ड्रोन्स ने कमाल दिखाया.


#### 5. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई): स्मार्ट युद्ध



एआई-पावर्ड टैंक और ड्रोनः भारत एआई से लैस टैंक और ड्रोन्स बना रहा है. वारहॉक ड्रोन में सेंसर-फ्यूजन सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल होगा, जो इसे और घातक बनाएगा.
रियल-टाइम निगरानीः एआई की मदद से ड्रोन्स और सैटेलाइट्स रियल-टाइम में दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखते हैं. ऑपरेशन सिंदूर में इसरो की सैटेलाइट्स ने अहम रोल निभाया.
सीएलएडब्ल्यूएस लेजर डिफेंसः ये लेजर हथियार ड्रोन्स, माइक्रो मिसाइलों और मोर्टार को हवा में ही नष्ट कर देता है.

#### क्यों जरूरी हैं ये नए हथियार

ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया कि भारत अब आतंकवाद और दुश्मनों के



खिलाफ सख्त रुख अपना रहा है. लेकिन पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देशों की चुनौतियां कम नहीं हैं. चीन की सुपरसोनिक मिसाइलें और पाकिस्तान के ड्रोन्स भारत के लिए खतरा हैं.

**सुरक्षा :** ब्रह्मोस-2 और एस-400 जैसे हथियार दुश्मन की किसी भी हरकत को पलटवार करने के लिए तैयार हैं.

**आत्मनिर्भरता:** भारत अब विदेशी हथियारों पर कम निर्भर है. स्विफ्ट-के, तापस-बीएच और आकाश जैसे हथियार 'मेक इन इंडिया' का हिस्सा हैं.

**वैश्विक ताकत:** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के हथियारों की डिमांड बढ़ी है. कतर, लेबनान और जापान जैसे देश भारत से मिसाइलें, रडार और बुलेटप्रूफ जैकेट्स खरीद रहे हैं.
भविष्य के युद्धः ड्रोन्स, एआई और लेजर हथियार भविष्य के युद्धों में गेम-चेंजर होंगे.

**अब आगे क्या :** ऑपरेशन सिंदूर ने भारत को एक नया आत्मविश्वास दिया है. अब सरकार और डीआरडीओ मिलकर रक्षा बजट को जीडीपी का 2.5% करने की योजना बना रहे हैं. साथ ही...

**87 एमएएलई ड्रोन्सः** भारत 20,000 करोड़ रुपये में 87 स्वदेशी ड्रोन्स खरीदेगा, जो पाकिस्तान और चीन की सीमाओं पर निगरानी करेंगे.
एएमसीए स्टील्थ फाइटरः पांचवीं पीढ़ी का ये फाइटर जेट 2030 तक तैयार होगा.

**प्रोजेक्ट कुशाः** ये स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की तरह 350 किमी तक के खतरों को रोकेगा.
रक्षा निर्यातः भारत का लक्ष्य 2024-25 तक 36,500 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात है. ब्रह्मोस और आकाश मिसाइलें दुनिया में छा रही हैं.

### ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी20 में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराया

# सीरीज में बनाई 1-0 की बनाई बढ़त

**एजेंसी.नई दिल्ली**



ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को जमैका में खेले गए पहले टी20 मैच में तीन विकेट से शिकस्त दी. इसी के साथ मेहमान टीम ने पांच मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से लीड बना ली है. सोमवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने आठ विकेट खोकर 189 रन बनाए. टीम 32 के स्कोर पर ब्रैंडन किंग का विकेट गंवा चुकी थी. यहां से कप्तान शाई होप ने रोस्टन चेज के साथ दूसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला.रोस्टन चेज 32 गेंदों में दो छक्कों और नौ चौकों के साथ 60 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शाई होप ने 39 गेंदों में तीन छक्कों और चार चौकों के साथ 55 रन टीम के खाते में जोड़े. इनके अलावा शिमरोन हेटमायर ने 38 रन जुटाए.विपक्षी टीम की ओर से बेन ड्वारशुइस ने सर्वाधिक चार विकेट अपने नाम किए.इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 18.5 ओवरों में जीत दर्ज कर ली. यह टीम 78 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन यहां से कैमरून ग्रीन ने मिचेल ओवन के साथ पांचवें विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत की पटरी पर ला दिया.कैमरून ग्रीन 26 गेंदों में 51 रन बनाकर आउट हुए. उनकी इस पारी में पांच छक्के और दो चौके शामिल थे. वहीं, मिचेल ओवन 27 गेंदों में छह छक्कों की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए. उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया.

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सात गेंदें शेष रहते मैच अपने नाम कर लिया.मेजबान टीम की ओर से जेसन होल्डर, अल्जारी जोसेफ और गुडाकेश मोती ने दो-दो विकेट अपने नाम किए. इनके अलावा अकील हुसैन ने एक सफलता हासिल की.सीरीज का अगला मैच जमैका में 23 जुलाई को खेला जाना है. ऑस्ट्रेलियाई टीम इससे पहले तीन टेस्ट मुकाबलों की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर चुकी है.

### टी 20 सीरीज में बांग्लादेश ने किया बड़ा उलटफेर

# पाकिस्तान को टी20 में चटाई धूल

**एजेंसी.नयी दिल्ली**



बांग्लादेश वर्सेस पाकिस्तान तीन मैच की टी 20 सीरीज का पहला मुकाबला ढाका के शेरे बांग्ला राष्ट्रीय स्टेडियम में खेला गया.इस मैच में मेजबान टीम ने बड़ा उलटफेर करते हुए पाकिस्तान को 7 विकेट से धूल चटाई. पहले बैटिंग करते हुए पाकिस्तान की टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं टिक पाई और 109 रनों पर सिमट गई.इसके बाद बांग्लादेश ने 110 रनों का पीछा 15.3 ओवर में कर लिया. बांग्लादेश के हीरो सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन एमोन रहे, जिन्होंने 56 रनों की नाबाद पारी खेली.परवेज को प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया. यह टी20 क्रिकेट के इतिहास में चौथा मौका है.जब बांग्लादेश ने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में पाकिस्तान को धूल चटाई हो.टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही. पहले 6 ओवर में ही टीम ने 41 के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए थे. सैम अयूब, मोहम्मद हारिस और कप्तान सलमान आगा जैसे बल्लेबाज सिंगल डिजिट में पवेलियन लौटे.सलामी बल्लेबाज फखर जमन एक छोर संभाले हुए थे, मगर 12वें ओवर में खुशदिल के साथ हुई तालमेल में कमी के कारण वह रन आउट हो गए. फखर 44 रनों के साथ टीम के हाईएस्ट स्कोरर रहे. उन्होंने 34 गेंदों का सामना करते हुए 6 चौके और 1 गगनचुंबी छक्का लगाया.पाकिस्तान की खराब बल्लेबाजी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि फखर जमन के अलावा उनका कोई बल्लेबाज 25 रन का आंकड़ा नहीं छू पाया. अब्बास अफरीदी 22 रनों के साथ दूसरे नंबर पर रहे.बांग्लादेश के लिए तस्कीन अहमद ने सर्वाधिक 3 विकेट चटकाए.110 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी.

### दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली पर विचार के लिए कार्य समिति गठित

# अगले साल से फिर से शुरू होगी चैंपियंस लीग टी20

**एजेंसी. दुबई**





आईसीसी ने नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय एक कार्यसमूह का गठन किया है. यह समिति टेस्ट क्रिकेट को दो-स्तरीय प्रणाली में पुनर्गठित करने की संभावना का पता लगाएगी. इस समिति का गठन सिंगापुर में आईसीसी की वार्षिक आम बैठक के दौरान अध्यक्ष जय शाह और गुप्ता के अखिल भारतीय नेतृत्व में किया गया.

संजोग गुप्ता को इसी महीने की शुरुआत में आईसीसी का सीईओ नियुक्त किया गया था. द गार्डियन' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पैनल के अन्य सदस्यों में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग भी शामिल हैं.

रिपोर्ट में कहा गया है, 'कोई भी बदलाव विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र के लिए किया जाएगा, जो 2027 से 2029 तक चलेगा. इसमें मौजूदा नौ टीम के प्रारूप के बजाय छह-छह के दो डिवीजन का प्रस्ताव है.'समिति को इस साल के आखिर तक आईसीसी को अपनी सिफारिशें पेश करनी होगी. गोल्ड और ग्रीनबर्ग के समिति में शामिल होने का मतलब है कि नई दो-स्तरीय प्रणाली लागू होने की पूरी संभावना है, क्योंकि सीए और ईसीबी इसके प्रमुख समर्थक रहे हैं. मौजूदा समय में, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में नौ टीमें प्रतिस्पर्धा करती हैं, लेकिन यदि प्रस्तावित दो-स्तरीय प्रणाली लागू की जाती है, तो संरचना छह-छह टीमों के दो डिवीजनों में बदल जाएगी, जिसमें टीमों को प्रमोट भी किया जाएगा और खराब खेलने वाली टीमों को डिमोट किया जाना शामिल है.क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ईसीबी ने पिछले साल दो-स्तरीय प्रणाली पर चर्चा की थी. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इसका एक प्रमुख समर्थक रहा है और एक ऐसे मॉडल पर जोर दे रहा है जिसमें ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत हर तीन साल में दो बार आमने-सामने हों, जो हर चार साल में दो सीरीज के वर्तमान प्रारूप से बेहतर है.

## चैंपियंस लीग टी20 का फिर से आगाज

इस बीच सिडनी मार्निंग हेराल्ड के अनुसार क्लब स्तर की अंतरराष्ट्रीय टी20 प्रतियोगिता चैंपियंस लीग अगले साल से फिर से शुरू हो सकती है. आईसीसी इस प्रतियोगिता को फिर से शुरू करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है. इसको लेकर चर्चा जारी है जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. चैंपियंस लीग को इससे पहले आखिरी बार 2014 में भारत में आयोजित किया गया था, जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स ने बेंगलुरु में हुए फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था. उस प्रतियोगिता में भारत की तीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की दो-दो तथा पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड की एक-एक टीम ने भाग लिया था. इस प्रतियोगिता को चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने दो-दो, जबकि ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सेस ने एक-एक बार जीता है.

# चौथे टी20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को दी शिकस्त





**एजेंसी.नयी दिल्ली**

जिम्बाब्वे राष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनाम दक्षिण अफ्रीका राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के बीच ज़िम्बाब्वे टी20आई ट्राई सीरीज़ का चौथा मुकाबला खेला गया. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला हरारे के हरारे स्पोर्ट्स क्लबमें खेला गया. इस रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की टीम ने जिम्बाब्वे को सात विकेट से हरा दिया. इसके साथ ही दक्षिण अफ्रीका की टीम ने अपनी दूसरी जीत दर्ज कर दो अंक हासिल कर लिया. इस सीरीज में जिम्बाब्वे की टीम पहली जीत की तलाश में हैं. इस सीरीज में जिम्बाब्वे की अगुवाई सिकंदर रजा कर रहे हैं. जबकि, दक्षिण अफ्रीका की कमान रासी वैन डेर डुसेन के कंधों पर हैं.इस रोमांचक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान रासी वैन डेर डुसेन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. टॉस गवांने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम का आगाज निराशानजक रहा और महज 44 रन के स्कोर पर टीम के तीन बल्लेबाज पवेलियन लौट गए. इसके बाद ब्रायन बेनेट और रयान बर्ल ने मिलकर पारी को संभाला और टीम का स्कोर 120 रन के पार लेकर गए.पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट खोकर 144 रन बनाए. जिम्बाब्वे की तरफ से ब्रायन बेनेट ने सबसे ज्यादा 61 रनों की शानदार पारी खेली. इस बेहतरीन पारी के दौरान ब्रायन बेनेट ने 43 गेंदों पर सात चौके और तीन छक्के लगाए. ब्रायन बेनेट के अलावा ने रन बनाए.दूसरी तरफ, दक्षिण अफ्रीका की टीम को कॉर्बिन बॉश ने पहली बड़ी कामयाबी दिलाई. दक्षिण अफ्रीका की ओर से कॉर्बिन बॉश ने सबसे ज्यादा दो विकेट अपने नाम किए. कॉर्बिन बॉश के अलावा लुंगी एनगिडी, नांद्रे बर्गर और नकाबायोमजी पीटर ने एक-एक विकेट चटकाए. दक्षिण अफ्रीका की टीम को यह मुकाबला जीतने के लिए 20 ओवर में 145 रन बनाने थे.बता दें कि लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम का आगाज भी निराशानजक रहा और महज 22 रन के स्कोर पर टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज पवेलियन लौट गए. दो विकेट जल्द गिरने के बाद रासी वैन डेर डुसेन और रुबिन हरमन ने पारी को संभाला और टीम का स्कोर 125 रन के पार लेकर गए. दक्षिण अफ्रीका की टीम ने 17.2 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया. दक्षिण अफ्रीका की तरफ से रुबिन हरमन ने सबसे ज्यादा 63 रनों की धुआंधार पारी खेली. इस धमाकेदार पारी के दौरान रुबिन हरमन ने 36 गेंदों पर तीन चौके और चार छक्के लगाए. रुबिन हरमन के अलावा कप्तान रासी वैन डेर डुसेन ने नाबाद 52 रन बटोरे.वहीं, जिम्बाब्वे की टीम को टिनोटेंडा मापोसा ने पहली बड़ी सफलता दिलाई. जिम्बाब्वे की ओर से टिनोटेंडा मापोसा ने सबसे ज्यादा दो विकेट अपने नाम किए. टिनोटेंडा मापोसा के अलावा किसी भी गेंदबाज को विकेट नहीं मिला.

# एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट : टीम को भारत नहीं भेजना चाहता है पाक

**एजेंसी.नयी दिल्ली**



पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा. पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है . उन्होंने कहा, 'हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है. हमने उन्हें बता दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत जाने के इच्छुक नहीं हैं.' एशिया कप विश्व कप के लिए क्वालिफाइंग टूर्नामेंट भी है. पीएचएफ प्रमुख ने कहा कि अब इस प्रतियोगिता और पाकिस्तान के मैचों के बारे में निर्णय लेने की जिम्मेदारी एफआईएच और एएचएफ पर है.उन्होंने कहा, 'हमने उनसे पूछा है कि हमें बताएं कि क्या गारंटी है कि हमारे खिलाड़ी भारत में सुरक्षित रहेंगे और टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे.' पाकिस्तान सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन हाल ही में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा था कि टीम भारत नहीं जाएगी.

**27 अगस्त से शुरू होगा एशिया कप :** इससे पहले भारतीय खेल मंत्रालय के सूत्रों ने स्पष्ट किया था कि वह पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में होने वाले एशिया कप में शामिल होने से नहीं रोकेंगे. खेल मंत्रालय के सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से बताया कि वे बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने के विरुद्ध नहीं हैं. हॉकी एशिया कप का आयोजन 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है.खेल मंत्रालय के सूत्र ने कहा, 'हम भारत में होने वाले बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने खिलाफ नहीं हैं.

# अमेरिकी गोल्फर स्कॉटी शेफ़लर ने जीता पहला ब्रिटिश ओपन खिताब

**एजेंसी.पोर्तरश**



अमेरिका के स्टार गोल्फर स्कॉटी शेफ़लर ने रॉयल पोर्तरश में खेले गए ब्रिटिश ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला ब्रिटिश ओपन खिताब चार शॉट की बढ़त से जीत लिया.दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी शेफ़लर ने आखिरी राउंड में 68 का स्कोर किया. वे पहले से ही चार शॉट की बढ़त के साथ दिन की शुरुआत कर चुके थे. उन्होंने शुरू में तीन बर्डी लगाई, हालांकि आठवें होल पर एक बंकर से बाहर न निकल पाने के कारण उन्हें डबल-बोगी झेलनी पड़ी.इसके बावजूद, शेफ़लर की बढ़त कभी भी गंभीर खतरे में नहीं आई और उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में दबदबा बनाए रखा. यह शेफ़लर का चौथा मेजर खिताब और इस साल का दूसरा मेजर खिताब है. उन्होंने मई में पीजीए चैंपियनशिप भी जीती थी.29 वर्षीय शेफ़लर ने कुल 17 अंडर पार के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया. अमेरिका के ही हैरिस इंग्लिश और क्रिस गॉटेरअप क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे, जिससे शीर्ष तीन स्थानों पर अमेरिकी खिलाड़ियों का कब्जा रहा.

# इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं नितीश कुमार रेड्डी

**एजेंसी ।मैनचेस्टर**



भारतीय ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के बाकी बचे दो टेस्ट मैचों से बाहर हो सकते हैं. नितीश ने रविवार को टीम के साथ वैकल्पिक प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा नहीं लिया था. ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, रेड्डी को जिम में ट्रेनिंग के दौरान चोट लगी. स्कैन रिपोर्ट में लिगामेंट में इंजरी का पता चला है.रेड्डी की चोट के कारण शार्दुल ठाकुर की प्लेइंग इलेवन में वापसी हो सकती है. रेड्डी को भारत की बल्लेबाजी में गहराई लाने और चौथे तेज गेंदबाजी विकल्प के रूप में टीम में शामिल किया गया था. पहले टेस्ट से बाहर रहे रेड्डी दूसरा और तीसरा टेस्ट खेले थे.रेड्डी का पिछले दो टेस्ट में निराशाजनक प्रदर्शन रहा. चार पारियों में वह सिर्फ 45 रन बना सके. लॉर्ड्स में पहली पारी में 30 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा. साथ ही दो टेस्ट में 2 विकेट उन्होंने लिए.रेड्डी की इंजरी भारत की परेशानी बढ़ाने वाली है. आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और ऋषभ पंत की इंजरी से भारतीय टीम पहले से ही मुश्किल में है. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान हाथ में गहरी चोट लग गई थी.

चौथे टेस्ट से अर्शदीप सिंह बाहर हो चुके हैं. उनकी जगह बीसीसीआई ने अंशुल कंबोज को टीम में शामिल किया गया है.24 साल के कंबोज ने हरियाणा के लिए 24 प्रथम श्रेणी मैचों में 79 विकेट लिए हैं. वह पिछले महीने में इंग्लैंड दौरे पर गई भारत 'ए' टीम का हिस्सा थे. दो चार दिवसीय मैचों में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था.

### समर हार्ड-कोर्ट सीजन | आंद्रे अगासी के साथ तीन दिन का ट्रेनिंग सेशन

# डीसी ओपन से पहले होल्गर रूने को मिले टिप्स

**एजेंसी.वाशिंगटन**



दुनिया के नंबर 8 टेनिस खिलाड़ी होल्गर रूने ने डीसी ओपन से पहले वॉशिंगटन डीसी में आंद्रे अगासी के साथ तीन दिन का ट्रेनिंग सेशन किया, जिसमें उन्हें जरूरी सलाह मिली. इस ट्रेनिंग के बाद रूने खुद को और मजबूत महसूस कर रहे हैं. अमेरिकी समर हार्ड-कोर्ट सीजन की तैयारी के लिए बढ़त हासिल करने की चाहत रखते वाले होल्गर रूने ने दो बार के यूएस ओपन चैंपियन अगासी से मदद मांगी, ताकि वह अपने खेल को बेहतर बना सकें. ट्रेनिंग उसी जगह हुई, जहां अगासी ने अपने करियर के 60 में से पांच खिताब जीते थे.रूने ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा ₹यह एक शानदार अनुभव था. हम काफी समय से संपर्क में थे. वॉशिंगटन में हमने कुछ दिन साथ में बिताए, जहां उन्होंने मुझे कुछ चीजों में मदद की. यह मेरे लिए वाकई खुशी की बात थी. वह बेहद समझदार इंसान हैं. मैंने आज तक ऐसा कोई नहीं देखा, जो खेल को उनके नजरिए से देखता हो. उनका खुद का रिटर्न गेम शानदार था. मेरा भी रिटर्न अच्छा है. उन्होंने वहां कुछ टिप्स दिए, सलाह भी दी.उन्होंने कहा, बहुत ही कम समय की मुलाकात में उन्होंने बताया कि वह मुझे भविष्य में कहां देखते हैं, अभी कहां देखते हैं. जाहिर है कि मुझे अभी बहुत कुछ सुधारना है. उन्होंने मेरे कोच लार्स के साथ मिलकर मेरा ध्यान सही चीजों पर फोकस करने में मदद की. उनके साथ वक्त बिताना वाकई बहुत अच्छा रहा.

मैंने उन्हें यू-ट्यूब पर खूब देखा है. उनका स्टाइल और खेलने का तरीका कमाल का था. उनका करियर अपने आप में बहुत कुछ कहता है.जब रूने से पूछा गया कि क्या वह भविष्य में आंद्रे अगासी के साथ फिर से काम करना चाहेंगे, तो पूर्व वर्ल्ड नंबर 4 खिलाड़ी ने कहा, ₹वह एक शानदार इंसान हैं. मैं जरूर ऐसा चाहूंगा.रूने ने इस साल कार्लोस अल्काराज को हराकर बार्सिलोना में एटीपी 500 खिताब जीता था. वह इंडियन वेल्स में एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंचे थे. हालांकि, इस सीजन उन्हें छह बार पहले दौर में हार का सामना भी करना पड़ा, जिसमें विंबलडन में उनका पिछला मुकाबला भी शामिल है.रूने ने 2022 में रोलैक्स पेरिस मास्टर्स जीतकर धमाकेदार प्रदर्शन किया था, जहां लगातार पांच टॉप-10 खिलाड़ियों को हराया और एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालिफाई किया. इसके बाद से वह 2023 में म्यूनिख और 2024 में बार्सिलोना में दो और खिताब जीत चुके हैं.

### युद्ध से जूझ रहे यूक्रेन के उसिक बने हैवीवेट चैंपियन

# डुबोइस को नॉकआउट कर जीता खिताब

**एजेंसी. लंदन**



युद्ध से जूझ रहे यूक्रेन के 38 वर्षीय पेशेवर मुक्केबाज ओलेक्जेंडर उसिक ने वेम्बली स्टेडियम में ब्रिटेन के डैनियल डुबोइस को पांचवें राउंड में नॉकआउट कर दोबारा निर्विवाद विश्व हैवीवेट चैंपियन का खिताब हासिल किया. उसिक ने डुबोइस को एक जोरदार बाएं हुक से हराया, जिससे वह विश्व मुक्केबाजी संघ, परिषद और संगठन के बेल्ट्स बरकरार रखने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ बेल्ट भी वापस जीतने में सफल रहे. उसिक ने पिछले साल फ्यूरी को दो बार हराकर निर्विवाद हैवीवेट चैंपियन का खिताब जीता था.

**मोहम्मद अली के रिकॉर्ड की बराबरी :** उसिक अब दो बार खिताब जीतने वाले लीजेंड मोहम्मद अली और फ्लोएड पैटरसन के बाद तीसरे खिलाड़ी बन गए. उसिक ने कहा, मैंने साढ़े तीन महीने तैयारी की और इस दौरान परिवार और अपनी पत्नी को नहीं देखा. मैं घर वापस जाना चाहता हूं. यूट्यूबर जैक पॉल ने उन्हें एमएमए फाइट का नियौता दिया है.

**निशांत की लगातार तीसरी जीत :** भारतीय पेशेवर मुक्केबाज निशांत देव ने अमेरिकी मुक्केबाज लक्वान इवांस को हराया. 24 वर्षीय निशांत ने मुकाबले के छठे राउंड में 1:58 मिनट पर टेक्निकल नॉकआउट से जीत हासिल की. यह उनकी लगातार तीसरी जीत रही. 2023 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता निशांत ने इवांस पर लगातार प्रहार किए, जिसके बाद रेफरी ने मुकाबला रोक दिया.

# सिदो-कान्हू के वंशज समेत अन्य को मिली कोर्ट से जमानत

शुभम संदेश। साहिबगंज



30 जून को सिदो-कान्हू की जन्मस्थली बरहेट के भोगनाडीह में प्रशासनिक कार्यक्रम के दौरान हुए उपद्रव मामले में सोमवार को सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू के साथ कई अन्य लोगों ने कोर्ट में सरेंडर किया. कोर्ट ने मंडल मुर्मू को बरहेट थाना में दर्ज कांड संख्या 103 और 104 में बरी कर दिया, जबकि कांड संख्या 102 में तीन लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

न्यायिक हिरासत में भेजे गए आरोपी : दरअसल, हूल दिवस के अवसर पर भोगनाडीह में आयोजित समारोह स्थल पर सरकारी कार्य में बाधा पहुँचाने एवं जानलेवा हमला करने के मामले में तीन आरोपियों ने अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में आत्मसमर्पण किया. इन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया और जमानत की सुनवाई हेतु जख्म प्रतिवेदन की मांग की गई है. यह मामला बरहेट प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार ने पाँच नामजद और अन्य अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कराया था. इस मामले में चुन्नू राम बेसरा, बेटका मुर्मू, नरसिंह मरांडी, सुधीर कुमार एवं बाबूजी हेंब्रम उर्फ रमेश हेंब्रम न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं.

## जमानत मिलने वालों की सूची

वहीं, रूपचंद्र मुर्मू के गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के संबंध में दर्ज कराए गए मामले में शिवचरण हांसदा, टीका हांसदा, सुशील बेसरा, मंडल मुर्मू और मनोज हांसदा को आत्मसमर्पण करने के बाद जमानत प्रदान की गई है. इसके अतिरिक्त, बरहेट के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश सोरेन की ओर से 27 से 28 जून तक हूल दिवस समारोह में बाधा उत्पन्न करने को लेकर दर्ज कराए गए केस में चंद्र मोहन हांसदा, बेंजामिन मालती, बबलू हांसदा, मुंशी हांसदा, सन्नी मरांडी एवं मनोज मुर्मू को आत्मसमर्पण के बाद जमानत प्रदान की गई है. हालांकि, बेंजामिन हांसदा, बबलू हांसदा और चंद्र मोहन हांसदा दूसरे केस में जेल में ही रहेंगे.

# यूजीसी नेट का परिणाम घोषित

## 1.28 लाख लोग पीएचडी के लिए योग्य

शुभम संदेश। धनबाद

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने आज, 21 जुलाई को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा जून 2025 का परिणाम घोषित कर दिया है। जो भी उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए थे, वे अब आधिकारिक वेबसाइट ugcnet.nta.ac.in. पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस परीक्षा चक्र के माध्यम से 1,28,179 उम्मीदवारों ने डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी में प्रवेश के लिए अर्हता प्राप्त की है। एनटीए ने नतीजों के साथ-साथ अंतिम उत्तर कुंजी भी प्रकाशित कर दी है। स्कोरकार्ड और अंतिम उत्तरकुंजी, दोनों आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। परिणाम पीडीएफ के अनुसार, यूजीसी नेट जून 2025 परीक्षा के लिए कुल 10,19,751 उम्मीदवारों ने पंजीकरण किया था, जिनमें से 7,52,007 ने परीक्षा दी। इनमें से 5,269 को जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर के लिए अर्ह घोषित किया गया है। वहीं, सहायक प्रोफेसर और पीएचडी प्रवेश के लिए कुल 54,885 को और पीएचडी के लिए कुल 1,28,179 को योग्य घोषित किया गया है।

## मानव तस्करी विरोधी जागरुकता कार्यक्रम

**साहिबगंज (शुभम संदेश)**। मालदा रेल खंड के अंतर्गत राजमहल रेलवे स्टेशन पर विश्व मानव तस्करी विरोध दिवस के उपलक्ष्य में 'जस्ट राइट फॉर चाइल्ड' के निर्देशानुसार मंथन संस्था और आरपीएफ द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. संस्था की सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता अंशु मालाकार और आरपीएफ पुलिस ने सभी यात्रियों को मानव तस्करी के खिलाफ जागरूक किया और इससे संबंधित कई महत्वपूर्ण बातें बताईं. यात्रियों को यह भी बताया गया कि अगर मानव तस्करी से जुड़ी कोई भी घटना उनके संज्ञान में आती है, तो वे टोल-फ्री नंबर 1098 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जहाँ उनका नाम एवं पता गोपनीय रखा जाएगा.

## यूरोपियन सिटी कार्निवल मेला शुरू, जीवंत जलपरी बनी आकर्षण का केंद्र

**बोकारो**। सेक्टर चार स्थित सर्कस मैदान में यूरोपियन सिटी कार्निवल मेला का उद्घाटन यूनियन नेता संग्राम सिंह ने किया. उद्घाटन के साथ ही यह मेला शहरवासियों के लिए मनोरंजन, खरीदारी और पारिवारिक समय बिताने का एक प्रमुख केंद्र बन गया है. पहले ही दिन शहर और ज़िले के कोने-कोने से भारी संख्या में लोग मेला देखने पहुँचे. बच्चों के लिए ड्रैगन ट्रेन, बंपर कार, ट्रैम्पोलिन और अन्य झूले लगाए गए हैं, जो उनके बीच विशेष उत्साह का कारण बने. महिलाओं और युवाओं के लिए कपड़े, घरेलू सामान, फैशन एक्सेसरीज और खाने-पीने के दर्जनों स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं. सेल्फी ज़ोन और रंग-बिरंगे सजावटी स्टॉल्स युवाओं की पहली पसंद बन चुके हैं. इस बार मेले की सबसे बड़ी खासियत सिंगापुर एयरलाइंस के विशाल मॉडल और जीवंत जलपरी का प्रदर्शन है, जिसने बच्चों और बड़ों दोनों को हैरत में डाल दिया. लोग बड़ी संख्या में इस विशेष आकर्षण को देखने उमड़ रहे हैं. इस अवसर पर आनंद कुमार, मनीष कुमार, अरुण कुमार, विकास सिंह, अवधेश सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे.

# गोड्डा में बाइक चोर गिरोह का खुलासा, दो गिरफ्तार

- चोरी की चार बाइक बरामद

शुभम संदेश। गोड्डा



नगर थाना पुलिस ने दो बाइक चोरों को गिरफ्तार कर लिया है और हाल ही में अस्पताल परिसर से चोरी हुई बाइक सहित कुल चार चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी मुख्यालय जे.पी.एन. चौधरी ने बताया कि वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में नगर पुलिस की गश्ती टीम को सूचना मिली कि काले रंग की डीलक्स बाइक पर सवार एक युवक देवदांड की ओर से गोड्डा आ रहा है और वह बाइक चोरी की है। इस सूचना पर नगर थाना के पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुंदरपहाड़ी रोड में बांस के झुरमुट के पास वाहन चेकिंग शुरू कर दी। चेकिंग के दौरान, काले रंग की बाइक पर सवार युवक पुलिस टीम को देखकर वापस भागने लगा, जिसे पुलिस जवानों ने खदेड़कर पकड़ लिया। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ में युवक ने अपना नाम महेंद्र मिर्धा (पिता नरेश मिर्धा, ग्राम अगिया मोड़, जामबाद थाना, देवदांड, ज़िला गोड्डा) बताया। युवक ने स्वीकार किया कि जिस डीलक्स बाइक पर वह सवार था, उसे उसने पिछले सप्ताह ही सदर अस्पताल परिसर से चोरी किया था। उसने आगे बताया कि वह अपने गैंग के साथियों के साथ गोड्डा आकर भीड़भाड़ वाले स्थानों से बाइक चोरी करते हैं और उन्हें पंद्रह-सोलह हज़ार रुपये में ग्रामीण क्षेत्रों में बेच देते हैं। पूछताछ में उसने अपने दूसरे साथी का नाम बताया, जिसके आधार पर दशरथ पहाड़िया (पिता स्व. जोमे पहाड़िया, ग्राम चरचरी, थाना सुंदरपहाड़ी) को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इन दोनों की निशानदेही पर चोरी की तीन अन्य बाइक भी बरामद की गईं। ये सभी गाड़ियाँ गोड्डा के विभिन्न क्षेत्रों से पहले ही चोरी की गई थीं। छापेमारी टीम में नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, मुफ्फसिल थाना प्रभारी आनंद कुमार साहा, देवदांड थाना प्रभारी राहुल कुमार, पु.अ.नि. विकास कुमार गुप्ता, राजेश रंजन, मुकेश कुमार राउत, मनोज मंडल सहित अन्य कई सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न

**ललमटिया**। ईसीएल की राजमहल परियोजना से विस्थापित हुए गांव लोहंडिया बस्ती में भगवान शिव-पार्वती परिवार, माँ काली और बजरंगबली के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पिछले तीन दिनों से चल रहा आयोजन सोमवार को भक्ति भाव से संपन्न हो गया. इस दौरान मंदिर प्रांगण में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी. कार्यक्रम की शुरुआत पंडितों द्वारा शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई. धार्मिक अनुष्ठान के दौरान भगवान शिव-पार्वती, माँ काली और बजरंगबली की प्रतिमा को विधि-विधान पूर्वक पूजन और हवन के बाद शिव मंदिर प्रांगण में स्थापित किया गया. वैदिक मंत्रोच्चार व पूजन का संचालन पंडित पंकज चतुर्वेदी और राघव चौबे के अलावा पाँच अन्य पंडितों द्वारा किया गया. श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान शिव-पार्वती से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की. हवन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया. इस प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन से लोहंडिया सहित लोहंडिया बाजार का माहौल भक्तिमय बना रहा. प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र कर्मकार, मुखिया प्रतिनिधि अरुण कुमार के अलावा सभी ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा.

## सांसद ने दी मंगलाचरण कुंभकार को श्रद्धांजलि

**गोविंदपुर(शुभम संदेश)**। सांसद ढुलू महतो रविवार को बागसुमा पहुंचे और झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के संरक्षक मंगलाचरण कुंभकार(83 वर्ष) को श्रद्धांजलि अर्पित की. सांसद ने कहा कि मंगलाचरण कुंभकार की निधन से भाजपा और प्रजापति समाज को नुकसान हुआ है. वे विहिप गोविंदपुर प्रखंड सचिव तथा श्रीनरसिंह नारायण रामनवमी अखाड़ा दल के लाइसेंसी भी थे. परिवार में पत्नी सरस्वती देवी, दो पुत्र फणिभूषण कुंभकार एवं फटीक कुंभकार तथा तीन पुत्रियां मोनिका देवी, लावण्यमयि देवी एवं नमिता देवी हैं. श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भाजपा नेता बलदेव महतो, प्रजापति समाज के जिलाध्यक्ष मोहन कुम्हार, अर्जुन कुमार, धीरेंद्र कुमार, भाजपा नेत्री तारा देवी, धरनीधर मंडल, विश्वनाथ पाल, नवल किशोर चौधरी, स्वदेश प्रेम सिंह चौधरी, रामपद कुमार, मनभरण पंडित, कालेश्वर साहू, निशित कुंभकार, हराधन कुंभकार, कार्तिक कुंभकार आदि थे.

## कबाड़ी की दुकानों में बेचा जा रहा है सरकारी आवासों का लोहा

**दुमका (शुभम संदेश)**।शिकारीपाड़ा प्रखंड परिसर में पुराने सरकारी आवासों को तोड़कर उनसे निकला लोहा अवैध रूप से कबाड़ी की दुकानों में बेचा जा रहा है। नियमानुसार, इन लोहे की नीलामी होनी चाहिए थी, लेकिन ठेकेदार इसे सीधे बाज़ार में बेच रहे हैं। सोमवार को एक और आवास तोड़ा गया और लगभग 70 क्विंटल लोहा कबाड़ी की दुकान भेज दिया गया। सूचना मिलने पर अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लोहे से लदी एक गाड़ी को वापस प्रखंड परिसर मंगवाया। इस घटना से स्थानीय प्रशासन पर माफिया तत्वों की बढ़ती सक्रियता और मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं।

## मंत्री ने किया 2.5 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन

शुभम संदेश। महगामा

महगामा अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत परसा से हनवारा तक सड़क के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्य के लिए प्रदेश की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भूमिपूजन किया. बिहार की सीमा से लगने वाली इस सड़क का नवनिर्माण करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से किया जाना है. बूंदाबांदी के बीच कार्यक्रम में पहुँची मंत्री ने छाता लेकर शिलापट्ट का अनावरण किया. इस अवसर पर मंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता इस क्षेत्र को उत्तम और विकसित क्षेत्र बनाना है. सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी ढाँचों को मजबूत करना है. उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को बुनियादी सुविधाएँ मिलें, इसके लिए सरकार प्रयत्नशील है. हेमंत के नेतृत्व में सरकार कॉमन प्रोग्राम तय कर उस पर काम कर रही है, जिसके तहत पूरे प्रदेश का विकास हो रहा है. उन्होंने बताया कि वर्तमान में करोड़ों की योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन कराया जा रहा है.

## रोटरी क्लब का नि:शुल्क मातृत्व स्वास्थ्य शिविर

**बोकारो**। रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स ने महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एक निःशुल्क मातृत्व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया. यह शिविर प्रतिष्ठित स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीता सिन्हा और डॉ. अनुप्रिया के साथ बोकारो ऑब्स एंड गायनी सोसाइटी के सहयोग से रेफरल अस्पताल जैनामोड़ और होप हॉस्पिटल बोकारो में संपन्न हुआ. इस शिविर का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और अन्य जरूरतमंद महिलाओं को समय पर चिकित्सीय परामर्श, जाँच और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना था. शिविर में 60 से ज़्यादा महिलाओं ने भाग लिया और निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण संबंधी सलाह, साथ ही मातृत्व देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की. क्लब की अध्यक्ष मिनी स्टीफन कपूर ने कहा कि एक स्वस्थ माँ ही एक स्वस्थ परिवार की आधारशिला होती है. यह शिविर हमारी उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिसमें हम महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हैं. शिविर में महिलाओं के लिए व्यक्तिगत परामर्श के साथ-साथ मासिक धर्म स्वच्छता, सुरक्षित गर्भावस्था और प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात देखभाल के बारे में जानकारी दी गई.

# रैयत के खाते से 81 लाख की धोखाधड़ी

शुभम संदेश। बोकारो



पेटरवार प्रखंड से एक गंभीर वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है. स्थानीय निवासी अजय जैन उर्फ पन्नू पर रैयत मदन प्रसाद के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर 81 लाख रुपये निकालने का आरोप लगा है. मिली जानकारी के अनुसार, अजय जैन ने अपने घर में वर्षों से कार्यरत मदन प्रसाद का विश्वास जीता. मदन प्रसाद को भारतमाला परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण के एवज में 1,81,70,770 का मुआवजा मिला था. आरोप है कि अजय जैन ने इसी राशि में से 09 बार में 81 लाख की निकासी की. इसके लिए उसने मदन प्रसाद से कई ब्लैंक चेक पर अंगूठा लगवाया और उनका दुरुपयोग किया. घटना की जानकारी मिलते ही मदन प्रसाद के परिजनों और अन्य रैयतों ने रविवार को अजय जैन के घर के बाहर प्रदर्शन कर न्याय की मांग की.

### उपायुक्त ने दिए जांच के आदेश

मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा ने संज्ञान लिया है और जांच के आदेश दिए हैं. उपायुक्त ने कहा है कि जांच में दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी. जिला प्रशासन ने आमलोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के वित्तीय दस्तावेज पर हस्ताक्षर या अंगूठा लगाने से पहले पूरी जानकारी लें और सतर्कता बरतें.

## आभासी गोष्ठी में बही काव्य बयार

**बोकारो (शुभम संदेश)**। महिला काव्य मंच की मासिक काव्य गोष्ठी में काव्य की मधुर बयार बही. यह गोष्ठी आभासी पटल (ऑनलाइन) पर संपन्न हुई. गोष्ठी की शुरुआत दीप्ति झा की मधुर सरस्वती वंदना और शीला तिवारी के स्वागत भाषण से हुई. इस दौरान कवयित्रियों ने अपने काव्य पाठ से वातावरण को गूंजायमान कर दिया. कार्यक्रम में झिलमिल बनर्जी ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई, जबकि प्रख्यात कवयित्री आशा पुष्प विशिष्ट अतिथि रहीं. महिला काव्य मंच, बोकारो इकाई की अध्यक्ष काजल भलोटिया ने अपने संदेश में सफल काव्य गोष्ठी के लिए सभी कवयित्रियों को साधुवाद दिया. प्रदेश सचिव अर्चना मिश्रा 'अश्क' ने सफल कार्यक्रम की बधाई प्रेषित की और सचिव ऋचा प्रियदर्शनी ने सफल कार्यक्रम की सराहना की. गीता कुमारी गुस्ताख ने यह बूंदे नहीं है सावन की, करुणा कालिका ने मैं अभ्यासी अश्कों की, क्रांति श्रीवास्तव ने गुमान, अमृता शर्मा ने उड़ के दिखा, सुप्रिया कुमारी सारस ने क्या लिखूं, अर्चना मिश्रा अश्क ने ख्वाब सी रात, ऋचा प्रियदर्शनी ने झारखंड एवं शीला तिवारी ने नवगीत में किसलय शीर्षक कविताओं और गीतों का पाठ कर श्रोताओं को मोहित कर दिया. कार्यक्रम का संचालन उप सचिव क्रांति श्रीवास्तव और धन्यवाद ज्ञापन ऋचा प्रियदर्शी ने किया.

## दूसरी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**ललमटिया (शुभम संदेश)** । सावन की दूसरी सोमवारी के अवसर पर सोमवार सुबह से ही ललमटिया स्थित बाबा त्रिकुटी नाथ धाम शिव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. आस-पास के महिला-पुरुषों, कुंवारी कन्याओं और श्रद्धालु भक्तों ने बोल बम और हर-हर महादेव के नारों के साथ शिवालय में जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की. लोगों का मानना है कि कोई भी भक्त सच्चे मन से उपवास रखकर सोमवार को त्रिकुटी नाथ धाम शिव मंदिर में जलाभिषेक करता है, तो उसकी मनोकामना पूरी होती है. लीलातरी शिव मंदिर, बड़ा शिमड़ा शिव मंदिर, धानाबिंडी शिव मंदिर, लोहंडिया बाज़ार शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी पूजा-अर्चना के लिए काफ़ी भीड़ देखी गई. हर-हर महादेव के जयकारे से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया.

## भारी नगदी और कई एटीएम के साथ पकड़ाया युवक, पुलिस कर रही पूछताछ

**निरसा बाजार**। कालूबथान ओपी क्षेत्र में स्थित एक एटीएम से स्थानीय पुलिस ने लाखों रुपया नगद एवं कई एटीएम कार्ड के साथ कन्हाई कुमार दास नामक एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. उसके पास से कई मोबाइल भी मिली है. कालूबथान पुलिस ने युवक से पूछताछ के बाद उसे साथ लेकर मैथन स्थित एसडीपीओ कार्यालय पहुंची. एसडीपीओ रजत मानिक युवक से पूछताछ कर रहे हैं. हालांकि पुलिस इतनी रकम मिलने की बात से इनकार कर रही है. पुलिस का कहना है कि युवक से पूछताछ किया जा रहा है.

## ग्रामीणों ने विधायक को बतायी बिजली समस्या

**मधुबन (शुभम संदेश)**। फुलारीटांड पंचायत अंतर्गत नावागढ़ के ग्रामीण पिछले छः दिनों से बिजली की समस्या से परेशान है. सोमवार को फुलारीटांड पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दिलीप कुमार विश्कर्मा के नेतृत्व में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो के चीटाही आवास पर मुलाकात कर बिजली की समस्या की बात रखी. बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने बिजली की समस्या को जल्द निदान करने को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर 200 केवी की ट्रांसफार्मर जल्द उपलब्ध कराने की मांग की. मंगलवार की रात में लगी 100 केवी का ट्रांसफार्मर जल गया था. जो बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया था चार्ज में लगने के लगभग एक घण्टे बाद ही उड़ गए था. जिससे नावागढ़ एवं उसके आसपास के दो हजार की आबादी अभी भी प्राभावित है. मौके पर भवानी रजक, विजय रवानी, सूरज विश्वकर्मा, बेलु सेन, दिलीप मोदक, शिबू रवानी, दिलीप दे, लगन सेन, रवि मोदक आदि थे.

## युवक पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**कुमारधुबी (शुभम संदेश)**। रविवार देर रात करीब 10 बजे ईसीएल मुगमा एरिया के राजपुरा कोलियरी के पास नकड़ाकनाली निवासी दिनेश राउत (45) पर घात लगाए 3-4 युवकों ने लाठी-डंडा और पत्थर से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. दिनेश कालीमाटी धौड़ा से बाइक से घर लौट रहा था, तभी सुनसान जगह पर हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया. हल्ला सुनकर ग्रामीण पहुंचे, तब तक हमलावर फरार हो चुके थे. परिजनों ने घायल को स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे एनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया. परिजनों ने गलफरबाड़ी पुलिस को शिकायत दी है. पुलिस घटना की जांच कर रही है. पुरानी रंजिश को हमले की वजह माना जा रहा है.

# जैन पब्लिक स्कूल का 45वां स्थापना दिवस मना

शुभम संदेश। बोकारो



सेक्टर 2 स्थित तेरापंथ भवन में जैन पब्लिक स्कूल का 45वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि यह स्कूल के पूरे वर्ष की उपलब्धियों और छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का महत्वपूर्ण अवसर है। बैद ने ज़ोर दिया कि छात्रों के सार्वजनिक प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास एवं मनोबल बढ़ता है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी मदनलाल डागा ने कहा कि आज के कार्यक्रम से छात्रों में टीम भावना एवं आपस में सहयोग की भावना विकसित होगी। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कई नृत्य एवं गीत पेश कर सांस्कृतिक संध्या में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर स्कूल के नए कप्तान और उप-कप्तान भी मनोनीत किए गए। उप-प्राचार्य नवीन कुमार ने स्कूल की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। जैन पब्लिक स्कूल के सचिव आलोक जैन ने कहा कि स्थापना दिवस के आयोजन से छात्र-छात्राओं की रुचियों और प्रगति का लेखा-जोखा होता है, जिससे विद्यार्थियों को एक उत्साह और प्रेरणा की अनुभूति होती है। धन्यवाद ज्ञापन रानी सीमा ने किया। इस अवसर पर विपुल मेहता, बिनोद चोपड़ा, माणिक छल्लाणी, सुभाष जैन, आकाश जैन, विनय बैद, पीयूष जैन, निताशा जैन, सरोज जैन, आद्या जैन, अलका जैन, रश्मि जैन, रजनी जैन, अभिभावक गण, शिक्षक गण आदि उपस्थित थे। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में दलजीत कौर, अर्चना कुमारी, सपना कुमारी, रितिका कुमारी आदि शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## दिनदहाड़े बिजली पोल चोरी, बीसीसीएल कर्मियों व ग्रामीणों ने खदेड़ा

**झरिया**।बोरागढ़ क्षेत्र के होरलाडिह कोलियरी के पास सोमवार को चोरों ने दिनदहाड़े बिजली के चार पोल काटकर गिरा दिए, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई. पांचवा पोल काटते समय बीसीसीएल कर्मियों व स्थानीय लोगों ने चोरों को खदेड़ दिया, लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था. सूचना मिलने पर होरलाडिह कोलियरी के प्रबंधक रविंद्र सेट्टी मौके पर पहुंचे और बोरागढ़ पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया.

बताया गया कि फिडर वन के जरिए पियोर बोरागढ़, होरलाडिह, भुतगढ़िया, गोरखपुरिया समेत 20 हजार आबादी को बिजली मिलती थी. तीन दिन पूर्व ही इस लाइन से बिजली आपूर्ति शुरू की गई थी, जिसे चोरों ने निशाना बना लिया.

## मारपीट करने वाले छात्रों को शिक्षक ने दी सशर्त माफी

**मधुबन**। नवागढ़ स्थित द्वारिका प्रसाद लाला मेमोरियल आदर्श +2 उच्च विद्यालय में संस्कृत शिक्षक मयंक कुमार के साथ मारपीट करने वाले 12वीं आर्ट्स के छात्र नेपाल रवानी और पवन कुमार पांडेय ने मधुबन पुलिस के दबाव में रविवार रात परिजनों संग थाना में आत्मसमर्पण किया.

सोमवार को विद्यालय पहुंचे दोनों छात्रों और अभिभावकों ने माफी मांगी, जिसके बाद शिक्षक मयंक कुमार ने दोनों के भविष्य को देखते हुए सशर्त शिकायत वापस ले ली. शिक्षक ने कहा कि एक शिक्षक का काम बच्चों का भविष्य बनाना होता है, बिगाड़ना नहीं. विद्यालय में मुखिया समीर कुमार लाला, विधायक प्रतिनिधि धीरेन लाला, थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार, विद्यालय प्रबंधन व अन्य अभिभावकों की मौजूदगी में निर्णय हुआ कि दोनों छात्रों को एक अंतिम मौका दिया जाएगा. भविष्य में अनुशासनहीनता की स्थिति में उन्हें विद्यालय से निष्कासित कर दिया जाएगा. दोनों छात्रों ने अपनी गलती स्वीकारते हुए शिक्षकों से माफी मांगी और अनुशासित रहने का वादा किया.

## न्यूज अपडेट

### प्रो अशीम घोष ने हरियाणा के राज्यपाल पद की शपथ ली

**चंडीगढ़** । पश्चिम बंगाल के निवासी प्रो. अशीम घोष ने सोमवार को हरियाणा के राज्यपाल के पद की शपथ ली. वे हरियाणा के 19वें राज्यपाल बन गए हैं. घोष को बंडारू दत्तात्रेय की जगह राज्यपाल बनाया गया है. सोमवार को राजभवन में आयोजित एक शपथ ग्रहण समारोह में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू ने प्रो अशीम घोष को राज्यपाल पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. घोष ने अंग्रेजी में शपथ ग्रहण की. शपथ ग्रहण समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंद्र कल्याण समेत कई विधायक, मंत्री तथा घोष के पारिवारिक सदस्य मौजूद थे. शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विधिवत रूप से उनका बतौर राज्यपाल स्वागत किया.

### मानसून सत्र के पहले दिन राज्य सभा के 5 सदस्यों ने ली शपथ

**नई दिल्ली** । राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा के नवनिर्वाचित और मनोनीत पांच सदस्यों को सोमवार को संसद भवन में शपथ दिलायी. इस अवसर पर जिन सदस्यों ने शपथ ग्रहण की, उनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य, कणाद पुरकायस्थ, डॉ. मीनाक्षी जैन, सी. सदानंदन मास्टर और हर्षवर्धन श्रृंगला शामिल हैं. सी सदानंदन, डॉ मीनाक्षी जैन और हर्षवर्धन श्रृंगला को हाल ही में उच्च सदन के लिए मनोनीत किया गया था. उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सभी सदस्यों को बधाई दी और संसद के उच्च सदन में उनके प्रभावी योगदान की कामना की. शपथ ग्रहण समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

### तमिलनाडु के सीएम स्टालिन अस्पताल में भर्ती, मॉर्निंग वॉक में आया चक्कर

**चेन्नई** । तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन को सोमवार सुबह चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उनके कुछ टेस्ट हुए हैं. अस्पताल की ओर से जारी आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है. अस्पताल की ओर से जारी बयान में बताया गया कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को आज सुबह रूटीन मॉर्निंग वॉक के दौरान हल्का चक्कर आया. उन्हें लक्षणों के मूल्यांकन और जरूरी डायग्नोस्टिक टेस्ट के लिए अपोलो हॉस्पिटल, चेन्नई में भर्ती कराया गया है.

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या

**बीजापुर/रायपुर** । छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने रविवार देर रात को दो ग्रामीणों की धारदार हथियार से हत्या कर दी. तर्रेम थाना अंतर्गत हुई इस घटना की जिम्मेदारी नक्सलियों की जगरगुंडा कमेटी ने ली है. नक्सली ग्रामीणों के घरों में घुसे और उन्हें बाहर ले गए. इसके बाद धारदार हथियारों से उनकी हत्या कर दी. बीजापुर में पिछले 25 दिनों में मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने 6 ग्रामीणों, दो छात्रों एवं दो शिक्षादूतों सहित 10 लोगों की हत्या की है. बीजापुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गोवर्ना ने बताया कि 5 से 6 नक्सली रविवार देर रात को ग्रामीणों के घरों में घुसे और बाहर ले जाकर उनकी हत्या कर दी. मृतकों की पहचान 55 वर्षीय कवासी जोगा निवासी ग्राम छुटवाई और 50 वर्षीय मंगलू कुरसाम निवासी बड़ा तर्रेम के रूप में हुई है.

### म्यांमार प्रशिक्षित प्रीपाक उग्रवादी इम्फाल पूर्व से गिरफ्तार

**इंफाल** । सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी पर इंफाल पूर्व से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन प्रीपाक के एक म्यांमार प्रशिक्षित उग्रवादी को गिरफ्तार किया है. यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी. पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किया गया कोन्था अहलुप माखा लेईकाई निवासी कोंजेंगबाम तोम्बा सिंह उर्फ लिंगम (38) पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (प्रीपाक) में स्वयंभू सार्जेंट मेजर के पद पर कार्यरत था. अधिकारियों ने पुष्टि की कि भारत लौटने से पहले उसने म्यांमार के तनाल स्थित संगठन के अड्डे पर सैन्य प्रशिक्षण लिया था.वह भूमिगत गतिविधियों विशेष रूप से प्रीपाक के लिए भर्ती करने में शामिल रहा.

### हिमाचल प्रदेश में रात से हो रही मूसलाधार बारिश से दो की मौत

**शिमला**। हिमाचल प्रदेश में रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है. कई उपमंडलों में आज एहतियातन सभी शिक्षण संस्थानों में छुट्टी घोषित कर दी गई है. चंबा जिले में बारिश के कहर से दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि जगह-जगह भूस्खलन से सड़कें बंद हो गई हैं. अगले 72 घंटों के लिए मौसम विज्ञान विभाग ने कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.प्रदेश के मंडी, कांगड़ा, चंबा, शिमला, सिरमौर, सोलन, ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और कुल्लू जिलों में लगातार भारी बारिश हो रही है. मंडी जिला के थुनाग, शिमला जिला के रोहड़ू, जुब्बल, कुमारसैन, चौपाल और सुन्नी के जलोग उपतहसील समेत कई उपमंडलों में स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र आज बंद रखे गए हैं.



## मुंबई एयरपोर्ट पर भारी बारिश की वजह से

# रनवे पर फिसला एयर इंडिया का विमान, सभी यात्री सुरक्षित

**एजेंसी ।मुंबई**



मुंबई एयरपोर्ट के रनवे पर सोमवार को कोच्चि से मुंबई आ रहा एयर इंडिया का विमान एआई २७४४ तेज बारिश के बीच लैंडिंग करते समय रनवे पर फिसल गया और उसके तीनों टायर फट गए. लेकिन पायलट की सूझबूझ और तेज रिएक्शन की वजह से बड़ा हादसा टल गया. इस घटना में कोई यात्री हताहत नहीं हुआ है. एयर इंडिया की ओर से जारी बयान में बताया गया कि विमान को सुरक्षित रूप से टैक्सीवे तक लाया गया और सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित उतार लिया गया. किसी को भी चोट नहीं आई है. घटना के बाद विमान को तुरंत ग्राउंड कर दिया गया है और उसकी तकनीकी जांच की जा रही है. एयर इंडिया ने कहा है कि यात्रियों और क्रू की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है. एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि ₹तेज बारिश के कारण लैंडिंग के बाद विमान रनवे से थोड़ा फिसल गया. पायलट ने स्थिति को संभाला और विमान को सुरक्षित गेट तक पहुंचाया गया. सभी यात्री सुरक्षित हैं. विमान की जांच की जा रही है. मुंबई एयरपोर्ट पर इस घटना के बाद कुछ समय के लिए उड़ानों की आवाजाही पर असर पड़ा, लेकिन अब स्थिति सामान्य है.

## इजराइल ने व्यापक निकासी आदेश जारी किए

# गाजा में मदद के लिए जुटे 85 फिलीस्तीनियों की हो गयी मौत

**एजेंसी ।दीर अल-बलाह**

गाजा में मानवीय सहायता की तलाश कर रहे कम से कम 85 फिलीस्तीनियों की रविवार को गोलीबारी में मौत हो गई, जो पिछले 21 महीनों में सहायता पाने वालों के लिए सबसे घातक दिन रहा. गाजा की स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है. इस घटना के बीच इजराइल की सेना ने केंद्रीय गाजा के कई हिस्सों में नए निकासी आदेश जारी किए हैं. यह क्षेत्र अब तक जमीन पर सैन्य अभियान से अपेक्षाकृत अछूता रहा था और जहां कई अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसियां कार्यरत हैं. रिपोर्टों के अनुसार, कई संगठनों को तत्काल अपने कार्यालय खाली करने के लिए कहा गया है.

**सबसे ज्यादा मौतें उत्तरी गाजा में :** उत्तरी गाजा, जो भारी तबाही और भुखमरी से जूझ रहा है, वहां ज़िकिम क्रॉसिंग के पास सहायता के लिए जुटे लोगों पर गोलीबारी में कम से कम 79 फिलीस्तीनी मारे गए. गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के रिकॉर्ड विभाग प्रमुख ज़ाहर अल-वाहेदी ने बताया कि इस समय संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के 25 ट्रक वहां ₹भूख से बेहाल समुदायों₹ के लिए मदद लेकर पहुंचे थे, तभी भारी भीड़ जमा हो गई.



**प्रत्यक्षदर्शियों की आपबीती :** ईहाब अल-ज़ेई, जो आटा लेने पहुंचे थे, ने बताया, अचानक चारों ओर टैंक आ गए और गोलियों और हमलों के बीच हम दो घंटे तक फंसे रहे. अब मैं दोबारा कभी नहीं जाऊंगा. भूख से मरना बेहतर है. एक अन्य घायल नागरिक नाफिज अल-नज्जार ने कहा कि टैंकों और ड्रोन ने ₹लोगों को बेतरतीब तरीके से निशाना बनाया,₹ और उन्होंने अपने चचेरे भाई को मरते देखा. वहीं, इजराइली सेना ने बयान जारी कर कहा कि उत्तरी गाजा में हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई थी, जो सुरक्षा के लिए खतरा थी, और इसी वजह से सैनिकों ने फायरिंग की. सेना ने यह स्वीकार किया कि कुछ लोग हताहत हुए हैं, लेकिन गाजा के अधिकारियों द्वारा बताए गए आंकड़ों को उसने ₹अत्यधिक बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया₹ बताया. साथ ही, उसने हमास पर जानबूझकर अराजकता फैलाने का आरोप लगाया. इसके अलावा, रफाह के शकूश इलाके में 6 अन्य फिलीस्तीनियों की मौत हुई. यह स्थान अमेरिका और इजराइल द्वारा समर्थित गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन के वितरण केंद्र के पास है.

### खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान में 17 मारे गए, आठ गिरफ्तार

**इस्लामाबाद** ।पाक के सुरक्षाबलों ने मुल्क के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में 17 आतंकवादियों को मार गिराया. इस दौरान आठ दहशतगर्दों को दबोच लिया. द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, आईएसपीआर ने रविवार देरशाम बताया कि 16 से 20 जुलाई तक खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) के मलकंद जिले में एक संयुक्त खुफिया-आधारित अभियान चलाया गया. इस दौरान नौ आतंकवादी मारे गए और आठ अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया. यह सभी फितना अल-ख्वारिज से जुड़े हैं.

## ढाका में वायुसेना का प्रशिक्षण विमान गिरा, 19 लोगों की मौत

- बांग्लादेश सेना के जवान और फायर सर्विस व सिविल डिफेंस की आठ यूनिट घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया

**एजेंसी ।ढाका**



बांग्लादेश वायु सेना का एक एफ-7 ट्रेनर विमान सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे (भारतीय समयानुसार 1:00 बजे) ढाका के उत्तरा क्षेत्र में दियाबारी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. बताया जा रहा है कि ये एयरक्राफ्ट माइलस्टोन कॉलेज के उत्तर कैंपस के अंदर स्थित स्कूल पर गिरा है, जिससे स्कूल और आसपास के इलाके में अफरा तफरी मच गई. इस हादसे के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनमें स्कूली छात्र अपनी जान के लिए इधर-उधर दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं. स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एफ-7 ट्रेनर विमान दोपहर एक बजकर 6 मिनट पर उड़ान भरी और इसके 24 मिनट बाद एक बजकर 30 मिनट पर क्रैश हो गया. हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस घटना की पुष्टि की, लेकिन दुर्घटना के कारणों या हताहतों के बारे में तत्काल जानकारी नहीं दी. प्राप्त जानकारी के अनुसार, एफ-7 एक चाइनिज विमान है.






## विमान हादसे की जांच पर बोले विमानन मंत्री नायडू

# भारत में पहली बार डिकोड हुआ ब्लैक बॉक्स

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

एअर इंडिया के विमान हादसे की जांच को लेकर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोमवार को बताया कि भारत में पहली बार ब्लैक बॉक्स को डिकोड किया गया है. राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में नायडू ने कहा, जांच का पहला चरण पूरा हो चुका है और उसकी प्रारंभिक रिपोर्ट भी आ चुकी है. पहले जब ब्लैक बॉक्स को थोड़ा भी नुकसान होता था, तो उसे डिकोड करने के लिए निर्माता देश भेजा था. लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है कि ब्लैक बॉक्स को भारत में डिकोड किया जा रहा है.

पूरी तरह निष्पक्ष प्रक्रिया अपनाता है एएआईबी : केंद्रीय मंत्री विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की तारीफ करते हुए कहा कि यह निष्पक्ष तरीके से काम करती है. उन्होंने कहा, मैं देश को यह बताना चाहता हूं कि एएआईबी पूरी तरह नियम आधारित और निष्पक्ष प्रक्रिया अपनाता है. उन्होंने आगे कहा, मैंने कई लेख देखे हैं, केवल भारतीय मीडिया में ही नहीं, बल्कि पश्चिमी मीडिया में भी, जो अपने-अपने नजरिए को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं. हम जांच तथ्यों के आधार पर जांच कर रहे हैं. हम केवल सच के साथ खड़े रहना चाहते हैं और वह सच तभी सामने आएगा, जब जांच पूरी होगी.

'पिछले साल डीजीसीए में 103 पदों पर की भर्ती' : जब मंत्री से पूछा गया कि विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) क्या कर्मचारियों की आधी संख्या के साथ काम कर रहा है, तो उन्होंने कहा, बीते दस वर्षों में विमानों और यात्रियों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है. मंत्रालय ने डीजीसीए में और पदों की सिफारिश की. बीते दो से तीन वर्षों में ये खाली पद बनाए गए. पिछले वर्ष हमने 103 पदों पर भर्ती की, जो डीजीसीए के इतिहास में सबसे अधिक है.

'अंतिम जांच रिपोर्ट आने तक न करें टिप्पणी' : रविवार को भी मंत्री नायडू ने कहा था कि अंतिम जांच रिपोर्ट आने से पहले किसी भी तरह की टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए और जांच प्रक्रिया का सम्मान होना चाहिए. उन्होंने कहा, डाटा हमारे पास है, प्रारंभिक रिपोर्ट भी सामने आ चुकी है, लेकिन अंतिम रिपोर्ट आने से पहले किसी भी तरह की टिप्पणी करना ठीक नहीं है. इसी वजह से हम भी बहुत सावधानी बरत रहे हैं.

### दुष्कर्म के आरोप में उदित प्रधान गिरफ्तार

**भुवनेश्वर** । मंचेश्वर पुलिस ने दुष्कर्म मामले में रविवार रात को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष उदित प्रधान को गिरफ्तार कर लिया है. एनएसयूआई ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष उदित प्रधान पर एक युवती ने 18 मार्च को एक होटल में नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है. पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उदित ने 18 मार्च को एक होटल में लेजाकर उसे पेय पदार्थ में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया. होश में आने के बाद जब उसने विरोध जताया, तो उदित ने उसे धमकाया और घटना को छुपाने के लिए दबाव बनाया. पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपित उदय प्रधान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.






**तैयारी** | डीआरडीओ ने सुपर सुखोई अपग्रेड प्रोग्राम के तहत उत्पादन साझेदार का चयन करने की प्रक्रिया शुरू की

# लड़ाकू सुखोई 'मिनी अवाक्स' में विरुपाक्ष' रडार लगाएंगें

**एजेंसी ।नई दिल्ली**

ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान दुश्मन के हवाई हमलों को नाकाम करने में एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम और अवाक्स की भूमिका अहम रहने के बाद लड़ाकू सुखोई विमानों को अपग्रेड करने की तैयारी है. वायु सेना के इन लड़ाकू विमानों को विरुपाक्ष एईएसए रडार लगाकर मिनी अवाक्स में बदला जाएगा. इसके लिए डीआरडीओ ने सुपर सुखोई अपग्रेड प्रोग्राम के तहत उत्पादन साझेदार का चयन करने की प्रक्रिया शुरू की है.



भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के एवियोनिक्स सुइट को उन्नत करने के उद्देश्य से विरुपाक्ष रडार लगाया जाना है. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशाला इलेक्ट्रॉनिक्स और रडार विकास प्रतिष्ठान (एलआरडीई) को अधिकृत किया गया है. एलआरडीई ने विमान के लिए अत्याधुनिक येसा रडार प्रणाली के सह विकास और निर्माण के लिए साझेदार का चयन करने के लिए अनुरोध पत्र (आरएफपी) जारी किया है. इसकी तकनीक ऐसी है कि सुखोई विमानों के एएल-31एफ इंजन में बदलाव किए बिना ही रडार को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगा, जिससे अपग्रेड की लागत कम रहेगी. विरुपाक्ष रडार 350-400 किमी (कुछ दावे 455 किमी. तक) की दूरी पर लक्ष्यों का पता लगा सकता है, जो मौजूदा रडार की तुलना में लगभग 1.7 गुना ज़्यादा है. यह रडार एक साथ 64-100 लक्ष्यों को ट्रैक कर सकता है, जबकि मौजूदा सिस्टम केवल 15 लक्ष्यों को ट्रैक कर पाता है. एक साथ कई लक्ष्यों को ट्रैक करने से हवाई युद्ध की स्थिति में अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया दी जा सकती है. इसका वजन 30-40 फीसदी हल्का होने की उम्मीद है, जिससे विमान की गतिशीलता और ईंधन दक्षता में सुधार होगा. सामरिक महत्व के लिहाज से देखा जाए तो यह रडार उच्च स्वदेशी सामग्री के माध्यम से भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगा. साथ ही चीन के लड़ाकू विमान जे-20 जैसे खतरों का मुकाबला करने की क्षमता को बढ़ाएगा.

डीआरडीओ के मुताबिक इस रडार के लगने के बाद सुखोई की लाइफलाइन 2055 से भी आगे तक बढ़ जाएगी. विरुपाक्ष एईएसए रडार गहन निगरानी और मजबूत नेटवर्क केंद्रित युद्ध क्षमताएं प्रदान करेगा, जिससे यह लगभग एक मिनी अवाक्स के रूप में कार्य करने में सक्षम होगा, जो चीन के जे-20 जैसे स्टेल्थ विमानों का मुकाबला करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. इस जेट में बड़े मल्टी फंक्शन डिस्प्ले और पूर्णतः डिजिटल कॉकपिट होगा, जिससे सुखोई 4.5+ पीढ़ी का लड़ाकू विमान बन जाएगा. यह रडार, हवा से हवा, हवा से जमीन और हवा से समुद्र जैसे विभिन्न मिशनों में काम कर सकता है. यह रडार भारत में विकसित किया गया है, जो देश की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करता है. यह रडार भारतीय वायु सेना को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक लाभ प्रदान करेगा, जिससे वह अपनी हवाई श्रेष्ठता बनाए रख सकेगी.


मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)